माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर
बुधवार, 7 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 167, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

www.amritvichar.com





...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16
सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 2







## एक नजर

### कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन और आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नज़क के पुत्र थे। एक कवि, नाटककार और प्रसारक के रूप में नाजकी ने अपने युवा दिनों में अपनी पहचान बनाई थी।

### रिश्वत में सहायक कर आयुक्त पर केस दर्ज

**मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

# उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

## सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

### समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू



भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

### विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

### बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

# केजरीवाल के पीए, आप सांसद अन्य के परिसरों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

### प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

**कोलकाता।** ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

### बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

# परीक्षा में धांधली पर अब 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का भी प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

### लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

### कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

# नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

# मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

# अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

**नई दिल्ली/मुंबई।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

# दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना का रिटायर्ड जवान है पकड़ा गया रियाज अहमद
- जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी माड्यूल का है सदस्य

दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी।

# ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

### आस्था की डगर

रामलला के दर्शन की ललक जेनेवा से खींच लाई रामनगरी, आज सरयू में स्नान के बाद करेंगे दर्शन

# स्विट्जरलैंड से 8 साल पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचे बेन

मौजीराम यादव, नवाबगंज/गोंडा

- 24 साल की उम्र में 2015 से शुरू की थी भारत के लिए यात्रा, अब हैं 32 के

**अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन की ललक ऐसी कि एक रामभक्त 8 साल की पैदल यात्रा कर स्विट्जरलैंड से अयोध्या पहुंच गया। रामभक्त बेन बुधवार को पुण्य सलिला मां सरयू के पवित्र जल में स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करेंगे। स्विट्जरलैंड के रहने वाले बेन (32) ने मंगलवार को अयोध्या की सीमा कटरा शिवदयालगंज पर श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को अमृत विचार से साझा किया।

स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर के रहने वाले बेन वर्ष 2015 में स्विट्ज़रलैंड से पैदल ही भारत की यात्रा पर निकले थे। धार्मिक परिवार से जुड़े बेन का कहना है कि जब वह घर से निकले थे तब उनकी उम्र 24 वर्ष थी। सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले बेन ने बताया कि उनके मन में था कि वह अयोध्या समेत भारत में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन करेंगे। स्विट्जरलैंड से आस्ट्रिया होते हुए वह पाकिस्तान पहुंचे और फिर वाघा बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए। उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन किया है। अब तक वह जम्मू-कश्मीर, अमृतसर, चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व उत्तराखंड के हरिद्वार तक की यात्रा कर चुके हैं। बेन ने बताया कि जब उन्होंने सुना कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो उन्होंने काफी कोशिश की कि वह भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या पहुंच जाएं लेकिन वह समय से अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाए। मंगलवार को वह पैदल चलते हुए कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। यहां वह एक होटल पर चाय पीने रुके तो आसपास के लोगों ने जिज्ञासा वश उन्हें घेर लिया। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हैं जो राम नगरी में जन्म लिया है। जय श्री राम, जय जय हनुमान कहते हुए बेन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

### भारत के लोग बहुत अच्छे, मोदी-योगी की तारीफ



अमृत विचार से बातचीत करते हुए स्विस नागरिक बेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इंडिया में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे खाने-पीने और विश्राम में कोई दिक्कत नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर लिया तो मेरा जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी सराहना की जाए कम है। श्रीराम का मंदिर बनाने में इनका अहम योगदान है। बेन उर्फ अहिंसक बुधवार को सरयू नदी में स्नान करके प्रभु श्रीराम और हनुमान जी समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे।

### भारत पहुंचकर अहिंसक रखा नाम, हिंदी भी सीखी

स्विस नागरिक बेन ने बताया कि उनके पिता सोमास स्विट्जरलैंड में फिजिक्स के टीचर हैं। मां सरस्वती गिरि योगा टीचर हैं। मां भारतीय मूल की हैं, इसलिए पूरा परिवार सनातन धर्म को मानता है। बड़े भाई जोनस भी योगाश्रम में रहते हैं। सभी लोग धार्मिक विचारधारा से जुड़े हुए हैं। भारत पहुंचने पर बेन ने अपना नाम बदल लिया है और नया नाम अहिंसक रख लिया है। इस नाम का अर्थ भी वह बताते हैं। वह कहते हैं कि सनातन धर्म अहिंसा का संदेश देता है इसलिए यह नाम उन्हे अच्छा लगा। बेन उर्फ अहिंसक हिंदी भी बोल लेते हैं।

## जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

**आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद**

**हरारे, एजेंसी**

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की शृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह शृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

## अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे जो रूट : कुक

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है।

'बैज' मैकुलम का उपनाम है। कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने 2012 में भारत में टेस्ट शृंखला जीती थी। इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमीं पर टेस्ट शृंखला नहीं जीत सकी है। कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने कहा कि वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है।

कुक ने कहा कि वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट में 11,500 से ज्यादा रन बनाये है। वह शानदार हैं। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे हैं उसमें जगह बनाने की बेताबी में कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। कुक चाहते हैं कि रूट अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपनी स्वाभाविक गति से खेलें। उन्होंने कहा कि वह नौ गेंदों पर 16 रन पर था और वह आम तौर पर इतनी तेजी से बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आम तौर पर 75 या 80 के बीच स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। इसमें जोखम बेहद कम होता है। टेस्ट मैच में यह स्ट्राइक-रेट भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मुझे रूट को नैसर्गिक बल्लेबाजी करते देखना पसंद है।

## जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया वहीं जसप्रीत बुमराह ने मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की शृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगा: मेस्सी

**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में



खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

### इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कैलम फिलन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की शृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद शृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फिलन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फिलन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फिलन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

### एफए कप की तर्ज पर सुपर कप कराने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल सुपर कप का आयोजन आगामी सत्र से नए प्रारूप में इंग्लैंड के एफए कप के समान होगा। सुपर कप से टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग 2 में स्थान हासिल करने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आगामी सत्र के लिए अपने कैलेंडर में सुपर कप के लिए एक अक्टूबर 2024 से 15 मई, 2025 की तारीख तय की है। सुपर कप ने 2018 में देश के शीर्ष नॉकआउट टूर्नामेंट फेडरेशन कप की जगह ली थी। इससे पहले इसका आयोजन आम तौर पर एक महीने से कम समय में होता था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने बताया कि एआईएफएफ इस सत्र से एफए कप (इंग्लैंड का) की तरह सुपर कप का आयोजन करना चाहता है। यही कारण है कि इसके लिए सात महीने से अधिक की विंडो (समय) है।

### बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

**महोबा, एजेंसी।** यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकाडमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

# इंग्लैंड के पास नहीं था बुमराह की जादुई स्पेल का कोई जवाब: हुसैन

## भारतीय गेंदबाज के प्रदर्शन से भारत ने 106 रन की जीत से की शृंखला में वापसी

**लंदन, एजेंसी**





**भारतीय तेज गेंदबाज ने खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पेल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की शृंखला में शानदार वापसी की।

उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली। बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए। हुसैन ने एक सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था। उन्हें आज (सोमवार) तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे। इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गई। विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं, 'हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे?' लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है। हुसैन ने कहा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था। रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है।

## बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढ़ेंगे: मैकुलम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पेल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे।

बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। मैकुलम ने कहा कि हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है। इसमें कोई शक नहीं कि वह अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने 18 महीनों में अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं।

## भारत में दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत में मंगलवार को यहां दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया गया जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में लीग के लोगो का अनावरण भी किया गया। इस लीग का आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है। भारतीय हैंडबॉल संघ के लीग चेयरमैन और दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि इस लीग के शुरू होने से महिला खिलाड़ियों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी**



पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं, वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा, मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा। अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

### सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया



**मुंबई, एजेंसी।** आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ



'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

## फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदार: भक्ति



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं। इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा, नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

### राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है. गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


सिर्फ तीन लोगों के साथ बारात लेकर आया दूल्हा प्रवीण शर्मा। अमृत विचार


मुर्रा गांव की गलियों में पसरा रहा गम भरा सन्नाटा। अमृत विचार


दुल्हन सुगम शर्मा को ढांढस बंधाते रहे लोग। अमृत विचार

# गम के बीच पड़ीं भांवरें, रात में ही दुल्हन विदा

## हादसे में छह लोगों की मौत से मुर्रा गांव में पसरा रहा गम, दूल्हे के साथ पहुंचे सिर्फ तीन बराती, पड़ोसी के घर हुआ खाने का इंतजाम

संवाददाता, डेरापुर

**अमृत विचार:** हाथ में मेहंदी रचाए सुगम शर्मा ने शादी के हसीन ख्वाब संजो रखे थे। बारात आएगी। धूम मचेगी। हर कोई नाचेगा और खुशियां मनाएगा। सखी-सहेलियों और बहनों के साथ वह जयमाल डाल अपना हमसफर चुनेगी, मगर ऐन वक्त यह सब ख्वाब टूटकर बिखर गए। मंगलवार को बारात आई। सात फेरे लिए और दुल्हन बन गई, लेकिन न तो बैंड बजा और न ही जयमाल पड़ा। दिल में गमों का दर्द समेटे वह ससुराल विदा हो गई।

यह दर्द भरा मंजर डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव में देखने को मिला। मुर्रा गांव के रहने वाले पंकज शर्मा ने अपनी बेटी सुगम शर्मा की शादी को लेकर खूब ताने-बाने बुने थे। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में उसकी शादी का रिश्ता तय होने के बाद शादी की सारी तैयारियां पूरी कर ली थीं। शादी के लिए जरूरी सामान की खरीदारी के साथ ही धूमधाम से बारातियों और नाते-रिश्तेदारों का स्वागत करने के लिए टेंट बुक किया था। जयमाल का भी कार्यक्रम रखा गया था।

दो दिन पहले तिलकोत्सव था। रविवार को पंकज शर्मा अपने करीबी नाते-रिश्तेदारों के साथ तिलक चढ़ाने इटावा गए थे। हंसी-खुशी तिलकोत्सव कार्यक्रम हुआ।


गम भरे माहौल के बीच सादगी के साथ विवाह की सारी रस्में अदा की गईं। अमृत विचार


शादी के उपहार का सामान एक कोने में रखा रहा। अमृत विचार

- फेरों के दौरान मंगल गीतों की जगह गूंजती रहीं सिसकियां
- शादी की रस्मों की अदायगी के बाद ससुराल गई दुल्हन

यहां तक सब ठीकठाक था, लेकिन वहां से लौटकर घर पहुंचने से पहले ही सारे सपने चकनाचूर हो गए। कार से लौटते समय सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास खुले नाले में कार पलटने से छह लोगों की मौत ने शादी की सारी खुशियां छीन लीं। पहले तो शादी टलने की ही नौबत थी, लेकिन सलाह-मशविरे के बाद शादी की रस्में निभाने की सहमति बन गई।

आज सुगम शर्मा की शादी थी। उसने पहले से ही मेहंदी रचा ली थी, मगर ऐन मौके पर सारी खुशियां गायब थीं। मंगलवार की सुबह से घर में मातम सा छाया रहा। परिवार वालों के चेहरे पर खुशी की जगह आंखों में आंसू छलक रहे थे। घर में चूल्हा तक नहीं जला। देर शाम पांच बारातियों के साथ दूल्हा मुर्रा गांव पहुंचा। पड़ोसी शिवेंद्र कुशवाहा के घर इन बारातियों के घर नाश्ते और खाने-पीने का इंतजाम हुआ। इसके बाद शादी की रस्में निभाई गईं और रात में ही दुल्हन को लेकर बारात विदा हो गई।


विधायक अजीत पाल ने मुर्रा गांव पहुंचकर ढांढस बंधाया। अमृत विचार

### विधायक अजीत पाल ने परिवार का बांटा दर्द

सिकंदरा विधायक अजीत पाल सिंह मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलने मुर्रा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सरकार की ओर से मिलने वाली हर संभव आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए जगन्नाथपुर के खतरनाक मोड़ पर ब्रेकर बनवाने की बात कही।

### शादी में पूरे समय तक खामोश दिखे नाते-रिश्तेदार

मंगलवार की सुबह मुर्रा गांव पंकज शर्मा के घर कुछ करीबी रिश्तेदार ही पहुंचे, जो खामोश रहे। शादी के दौरान हर तरफ गम का माहौल देखने को मिला। पहले से शादी में शामिल होने आए ज्यादातर रिश्तेदार गांव से चले गए थे।

### सिर्फ बहनोई और भांजी-भांजे के साथ आया दूल्हा

दर्दनाक सड़क हादसे के बाद दूल्हा प्रवीण शर्मा सिर्फ अपने बहनोई आशीष कुमार, भांजी शालू और भांजे के साथ बारात लेकर आया। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिवार के लोग शादी के दौरान कहीं नजर नहीं आए। हर कोई गम में डूबा रहा। शादी के दौरान सिर्फ सुगम के परिवार के लोग ही मौजूद थे।

### मुर्रा गांव की गलियों में पसरा रहा गम भरा सन्नाटा

सड़क हादसे में एक साथ छह मौतों से मंगलवार को मुर्रा गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। हर तरफ केवल हादसे को लेकर ही चर्चा होती रही। मोहल्ले में न तो शादी की खुशियां दिख रही थीं और न ही कोई खास हलचल थी। गम के बीच शादी की रस्मे निभाई गईं। टेंट और बैंडबाजा वालों को कल ही मना कर दिया गया था।

# सड़क बनाकर 'खूनी' मोड़ को भूल गया पीडब्ल्यूडी

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार:** सिकंदरा-रसूलाबाद रोड पर जगन्नाथपुर गांव का खतरनाक मोड़ धीरे-धीरे खूनी हो चला है, मगर लोक निर्माण विभाग को इसकी कतई फिक्र नहीं है। तीन साल पहले सड़क बनाने के बाद विभाग इस मोड़ को भूल गया। अभी तक न तो कोई बोर्ड लगाया गया और न ही स्पीड ब्रेकर बनाने के साथ कोई संकेतक लगाए गए, जिससे वाहन चालक धोखा खाते हैं और हादसे का शिकार बन जाते हैं।

सोमवार की भोर पहर दर्दनाक सड़क हादसे में एक साथ छह मौतें होने के बाद यह खूनी मोड़ अहम मुद्दा बनकर उभरा है। इसके पहले भी इस मोड़ पर हादसे में लोग जान गवां चुके हैं। यहां हादसों के लिए लोक निर्माण विभाग सीधे तौर पर जिम्मेदार है। सिकंदरा-रसूलाबाद मार्ग पर लोक निर्माण विभाग ने तीन साल पहले डामरीकरण कराया था। डामरीकरण के बाद से इस रोड पर वाहन फर्राटा भरते हुए दौड़ते हैं। तब से अब तक जगन्नाथपुर के खतरनाक मोड़ के पास अनगिनत हादसे हो चुके हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने कभी इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

इस खतरनाक मोड़ के पास 20 फीट गहरी खाईं है। जरा सी चूक होने पर हादसा होना तय है, लेकिन पीडब्ल्यूडी की लापरवाही ही कहेंगे कि अभी तक खतरनाक मोड़ के पास न तो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही कोई संकेतक लगाए गए हैं। कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। एक तो सिंगल रोड, ऊपर से कोई संकेतक बोर्ड नहीं होने से हादसे-दर-हादसे हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं लोग


जगन्नाथपुर गांव के सुभाष का कहना है कि तीन वर्षों में करीब 50 हादसे हो चुके हैं। कई बार स्पीड ब्रेकर बनाने, संकेतक लगवाने और सड़क के किनारे दोनों तरफ लोहे की बैरीकेडिंग कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब कोई हादसा होता है तो पुलिस और अधिकारी आते हैं और आश्वासन के झुनझुने थमा कर चले जाते हैं। लोक निर्माण विभाग ने कभी इस खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए।


जगन्नाथपुर के पूर्व प्रधान रामलखन कठेरिया का कहना है कि करीब एक माह पहले भी इसी मोड़ पर हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। उसका साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग को कोई फिक्र नहीं है। ग्रामीणों की लगातार मांग है कि यहां पर कम से कम पांच स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और संकेतक लगाए जाएं, ताकि हादसों पर काबू पाया जा सके।


जगन्नाथपुर गांव के पास खतरनाक मोड़ और बगल में नाला। अमृत विचार

# विवाहिता ने फंदा लगा दी जान

संवाददाता, रनियां

- पिता की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** कस्बे के केशव नगर मोहल्ले में किराए के मकान पर रह रही एक महिला ने छत के कुंडे से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर बारीकी से जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता की तहरीर पर ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट पंजीकृत की गई है।


रेखा मिश्रा।


मौके पर छानबीन करती शिवली पुलिस। अमृत विचार

शिवली थाना क्षेत्र के नहरी बरी गांव निवासी आशीष मिश्रा अपनी पत्नी रेखा मिश्रा (28) के साथ रनिया कस्बे के केशव नगर मोहल्ले में दिनेश सिंह के मकान में किराए पर दस महीने से कमरा लेकर रहता था। आशीष सोमवार को रात्रि ड्यूटी पर चला गया तो उसकी पत्नी रेखा ने कमरे में छत के कुंडे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह बगल में रह रहे किरायेदारों ने आवाज लगाकर बुलाकर जागने का प्रयास किया तो कोई नहीं बोला।

इसके बाद पड़ोसियों ने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने जाकर देखा तो रेखा फांसी के फंदे पर झूल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर गहनता से छानबीन कर शव को को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रेखा के पिता कृष्ण चंद्र तिवारी की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया मौत की वहज साफ नही हो सकी है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवती को दबोचने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए खेत पर गई किशोरी को युवक ने बदनीयती से पकड़कर अश्लील हरकते की और धमकी देकर फरार से हो गया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार शाम को उसकी 10 वर्षीय बेटी शौच क्रिया हेतु खेत पर गई थी। तभी वहां पर घात लगाए बैठे गांव के रवि ने बदनीयता से उसकी पुत्री को जमीन पर गिरा दिया और । अश्लील हरकते करने लगा। पीड़िता की मां ने बताया की उसकी बेटी गूंगी है। वह मुंह से बोल नहीं सकती है। तभी वहां किसी तरह गांव के लोग पहुंच गए। जिन्होंने उनकी बेटी को युवक से बचाया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**मुसीबत** लाइन पार करते समय ट्रेन आने से बचे बाइक सवार, जलभराव से नहीं मिली निजात

# अंडरपास में भरा पानी, फंसे वाहन सवार


रेलवे लाइन पार कर गुजरते लोग। अमृत विचार


अंडरपास के नीचे पानी में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार:** ओवरब्रिज के निर्माण के चलते पश्चिमी क्रासिंग को छह महीने के लिए बंद कर दिया गया है। कस्बे में लोगों के निकलने के लिए वैकल्पिक मार्ग अंडरपास बनाया गया है, जिससे बाइक सवार व ऑटो निकलते हैं। बीते दिनो हुई बारिश से अंडरपास में पानी भर गया है, जिसके चलते वाहन सवारों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

कस्बे में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर रूरा रेलवे क्रॉसिंग को आगामी छह महीनों तक के लिए बंद किया गया है।जबकि वैकल्पिक मार्ग के तौर पर पुरानी पुलिया को बनाया गया है। इसी पुलिया के पास से कस्बे का गंदा नाला भी निकला है। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर अण्डरपास से पैदल व मोटर साईकिल सवार निकलते है। जल्दबाजी मे बनाये गये अण्डरपास मे पानी निकालने को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। रविवार की रात में बारिश होने से अण्डरपास में पानी भर गया है, जिससे यातायात लगभग बंद हो गया है। पैदल जाने वाले यात्री जान जोखिम मे डालकर रेलवे लाईन पार कर रहे है।वही मौजूद यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम खुलवाया।



# लापरवाही: बेटे के सामने चलती ट्रेन से उतरते पिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदपुरी स्टेशन पर बेटे के सामने चलती ट्रेन से उतरते पिता की प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसकर मौत हो गई। बेटा पिता को बचाने के लिए चीखता चिल्लाता रहा लेकिन ट्रेन के गुजरने के बाद ट्रैक पर उनकी सांसें थम चुकी थीं।

जिला बांदा के थाना गिंरवा गांव रीगा निवासी 40 वर्षीय ओमप्रकाश लखनऊ कांशीराम पार्क में सफाई कर्मी थे। बड़े भाई रग्घू प्रसाद ने बताया कि वह बांदा से अपने बेटे मयंक (11) के साथ सोमवार सुबह इंटरसिटी से आ रहे थे। बर्रा में रहने वाली भांजी की शादी में शामिल होने के लिए वह गोविंदपुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो में गाड़ी के धीमे होते ही उतरने लगे।

जीआरपी के अनुसार उन्होंने पहले बेटे मयंक को चलती ट्रेन से उतारा इसके बाद खुद उतरने लगे। बाएं हाथ में भारी पिट्ठू बैग होने के कारण पैर स्लिप होने से वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में फंस गए। जिससे उनकी मौत हो गई। बेटा मयंक यात्रियों और जीआरपी सिपाहियों से पिता को बचाने के लिए हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा। ट्रेन के निकलने पर जीआरपी सिपाहियों ने आनन-फानन उन्हें लेकर हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे मयंक ने घटना की सूचना मां गुड़िया को दी, तो कोहराम मच गया। इस संबंध में जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इंटरसिटी का गोविंदपुरी में स्टॉपेज नहीं है, इसके बावजूद वह उतरने लगे और हादसा हो गया।


घटना का चश्मदीद बेटा मयंक।

- गोविंदपुरी स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा

### बेटा मां के साथ लिपटकर खुद को कोसता रहा

घटना का चश्मदीद मयंक मां गुड़िया के साथ लिपट-लिपटकर रोता बिलखता रहा। उसने परिजनों और नाते रिश्तेदारों को आंखों के सामने हुई घटना बयां की। बार-बार कह रहा था कि वह पिता को नहीं बचा पाया। चिल्लाता ही रह गया।

# प्रोफेशनल्स बताएंगे 'राइट होम च्वाइस' के तौर-तरीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर आर्किटेक्ट एसोसिएशन की एक्सपो
- मोतीझील में 9 से आयोजित होगा तीन दिन का मेगा इवेंट
- देश के प्रमुख आर्किटेक्ट, वितरक, निर्माता होंगे शामिल

**03** दिन के कार्यक्रम में एंट्री रहेगी फ्री

**अमृत विचार।** मोतीझील लॉन में 9 फरवरी से बिल्डिंग और इंटीरियर प्रोफेशनल्स गृह निर्माण और आंतरिक सज्जा की सही जानकारी देंगे। घर व बिल्डिंग बनाते समय क्या चुनें व क्या नहीं वह 'राइट च्वाइस' के तरीके भी समझाएंगे। यह जानकारी मंगलवार को कानपुर आर्किटेक्ट एसोशिएशन (केएए) के जनरल सेक्रेट्री धीरेंद्र के मिश्रा ने दी।

उन्होंने बताया कि केएए एक बार फिर से आईडिया-24 का आयोजन करने जा रहा है। मातीझील लॉन में 9 से 11 फरवरी तक तीन दिन का मेगा इवेंट आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश के प्रमुख आर्किटेक्ट, वितरक, निर्माता भी शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में प्रेसीडेंट अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि 9 फरवरी को मंडलायुक्त अमित गुप्ता कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। आर्किटेक्ट आपको सिखाएंगे कि कैसे आप अपने घर, बिल्डिंग, अपार्टमेंट और शहर को सुंदर बना सकते हैं। केएए के जनरल सेक्रेट्री धीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इसमें केडीए, नगर निगम, अग्निशमन विभाग, केस्को, मेट्रो के अधिकारियों को भी बुलाया गया है। स्टॉल लगाए जाएंगे और सेमिनार, वर्कशॉप और पैनल डिस्कशन के जरिये जागरूकता की जायेगी। इस दौरान ट्रेजरार सुनील अस्थाना, वाइस प्रेसीडेंट अरुण सचान, कोऑर्डिनेटर संदीप विश्नोई, ज्वाइंट सेक्रेट्री अब्दुल रउफ, हरीश सिंघल, एक्जीक्यूटिव मेंबर गौरव चन्द्रा और प्रसून जलोटा, कपिल अग्रवाल मौजूद रहे।



पत्रकारवार्ता में उपस्थित प्रसून जलोटा, संदीप विश्नोई, अरुण सचान, अनिल वर्मा, धीरेंद्र कुमार मिश्रा व हरीश सिंघल। अमृत विचार

### आर्ट्स फॉर्म होगी थीम

केएए के वाइस प्रेसीडेंट अरुण सचान ने बताया कि आइडिया-24 की थीम आर्ट्स फॉर्म होगी। जिसके तहत स्केचिंग, पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसमें लोग भाग लेकर प्रतिभा दिखा सकेंगे। जनरल सेक्रेट्री धीरेंद्र के मिश्रा ने बताया कि इस बार एक्सपो में वॉच टॉवर आकर्षण का केंद्र रहेगा। एक्सपो में आये हुये लोग वॉच टॉवर के जरिये पूरे कार्यक्रम को ऊपर से देख सकेंगे। आइडिया-24 कार्यक्रम में एंट्री फ्री है। कार्यक्रम में प्ले एरिया और फूड कोर्ट भी बनाया जायेगा। जिसमें विशिष्ट शैली का जाफरान फूड और बच्चों के लिये खेलकूद कार्यक्रम भी होगा।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप चालक की हुई मौत

**कानपुर।** कानपुर देहात के भोगनीपुर पुखरायां निवासी 40 वर्षीय पिकअप चालक इरशाद अली को फजलगंज चौराहे के पास सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पिता चांद खां ने बताया कि वह परिवार के साथ जाजमऊ में रहता था। उसके परिवार में पत्नी और 10 साल का बेटा है।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**कानपुर।** गुजैनी गांव के रहने वाले राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी 32 वर्षीय पत्नी पूजा का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मां जमुनी देवी ने बताया कि राजेन्द्र ने उसकी बेटी पूजा से प्रेम विवाह किया था उसका 12 साल का एक बेटा आदित्य है। उन्होंने दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### कार ओ बार के तहत की गई कार्रवाई

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी जोन क्षेत्र में ऑपरेशन कार ओ बार के तहत शराब की दुकानों को चेक किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर 1013 व्यक्तियों की जांच की गई। ठेकों और दुकानों के बाहर शराब पीते हुए 332 लोग मिले।

# अब शहर में मथुरा की तर्ज पर हो रही ई-रिक्शा चलवाने की तैयारी

- रजिस्ट्रेशन के लिए प्राइवेट कंपनी का प्रपोजल होगा
- रजिस्ट्रेशन से मिलेगा बार कोड, जोनवार होगा संचालन, छह माह बाद जोन परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मथुरा में जोनवार तरीके हो रहे ई-रिक्शा संचालन की तर्ज पर शहर में भी ई-रिक्शों के संचालन की तैयारी ट्रैफिक पुलिस कर रही है। ई-रिक्शों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक प्राइवेट कंपनी निर्धारित करने की तैयारी है। कंपनी की ओर से मिले बार कोड में ई-रिक्शों की पूर्णतः जानकारी होगी। रजिस्ट्रेशन के बाद ई-रिक्शा का जोन तय किया जाएगा। यह योजना अगली स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में प्रस्तावित की जाएगी।

शहर भर में ई-रिक्शा की अराजकता के कारण शहर के अधिकांश प्रमुख चौराहे व मार्ग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने जीटी रोड, हाईवे व फूलबाग से कंपनी बाग चौराहे तक का मार्ग ई-रिक्शा संचालन के लिए प्रतिबंधित कर दिया है, इसके बावजूद इन मार्गों पर ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। साथ ही चावला मार्केट, नंदलाल, बड़ा चौराहा, घटांघर, टाटमिल, जरीबचौकी जैसे प्रमुख चौराहों से ई-रिक्शों की अराजकता के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। ई-रिक्शों की अराजकता पर लगाम कसने के लिए ट्रैफिक पुलिस इनके संचालन का रूट निर्धारण मथुरा तर्ज पर करने की तैयारी में है। सबसे पहले शहर भर में संचालित ई-रिक्शों का पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराए जाने की योजना है। रजिस्ट्रेशन के लिए एक प्राइवेट कंपनी को जिम्मा देने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

रजिस्ट्रेशन के बाद ई-रिक्शा को एक बार कोड मुहैया कराया जाएगा। जिसमें उसके फिटनेस, परमिट व किस जोन में संचालन किया जाना है संबंधी जानकारी होगी। बिना बार कोड के ई-रिक्शा संचालन किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जोनवार रूट परिवर्तन छह माह बाद किया जाएगा, जिसके लिए एक पुनः रजिस्ट्रेशन कराना होगा। ट्रैफिक पुलिस अगली बैठक में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में प्रस्ताव सौपेगी।


पूरी सड़क घेरकर चलते हैं ई रिक्शा। अमृत विचार

### ई-रिक्शा चालकों के साथ होगी बैठक

जोनवार ई-रिक्शा संचालन के पहले प्रशासन की पहली प्राथमिकता शहर में ई-रिक्शों की भरमार कम करने पर है। प्रशासन ई-रिक्शा चालकों से बैठक करने की तैयारी कर रहा है। बैठक में 10 से 12 ई-रिक्शों का संचालन करने वाले संचालकों के रिक्शों का परमिट रद किया जाएगा।

# भौंती गौशाला में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोसेवा आयोग के सचिव डॉ. प्रतीक सचान ने मंगलवार को कानपुर गौशाला सोसाइटी शाखा भौंती का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गोसंरक्षण व गोसंवर्धन की जानकारी ली और गौशाला देखी। अधिकारियों ने कहा कि भौंती शाखा में प्रदेश की गोशालाओं का एक वृहद सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिससे अन्य गोशालाएं प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी बन सकें।

गौशाला में गोवंशों की संख्या और मौजूद भूसा, चूनी का स्टाक देखकर अफसर संतुष्ट दिखे। दो बायोगैस प्लांट में एक चालू मिला। दूसरे बायोगैस में जंग लगने के कारण बंद देखकर संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता से ठीक कराने की बात कही। संस्था के उपाध्यक्ष ने कुछ समस्याओं पर भी चर्चा की। जिसमें कानपुर गौशाला सोसाइटी में ही भौंती शाखा, सफीपुर महाराजपुर, गोसदन इमलिया कालपी, जालौन को मर्ज करने की बात रखी। जिस पर सचिव ने स्वीकृति प्रदान की। सचिव ने कहा कि अनुसंधान के लिए जो प्रस्ताव भेजेंगे उसको शासन से पास कराएंगेष निरीक्षण में समन्वयक आयुष गुप्ता, रमेश मिश्रा, रामगोपाल मिश्रा संजीव द्विवेदी, डॉ. वीडी चंदेल, विवेक सिंह राजावत आदि थे।


उत्पादों को देखते गोसेवा आयोग के सचिव डॉ. प्रतीक सचान और सुरेश गुप्ता।

## मशीन में फंसकर युवक की मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में मशीन में काम करने के दौरान रायबरेली निवासी 20 वर्षीय शिवपूजन की फंसकर मौत हो गई। फैक्ट्री कर्मचारियों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। दादानगर निवासी बहनोई दिलीप यादव ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाकर मुआवजे की मांग की। हंगामा बढ़ा तो सूचना पुलिस को दी गई। पनकी पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



अयोध्या जाते भाजपाइयों को प्रकाश पाल ने रवाना किया। अमृत विचार

### 6 हजार भाजपाई रामलला दर्शन को रवाना

**कानपुर।** मंगलवार को भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता अयोध्या को रवाना हुए। शहर से करीब 120 बसों से 6 हजार भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या रवाना हुए। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने हरी झंडी दिखाकर बसों एवं चार पहिया वाहनों को रवाना किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है कि उन्हें रामलला के ऐसे दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। पार्टी की ओर क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को अयोध्या में नव निर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान राम बहादुर विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, अरविंद वर्मा, वंदना गुप्ता सहित मोर्चा पदाधिकारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।


शक्ति वंदन अभियान की गोष्ठी हुई। अमृत विचार

### महिलाएं बहुमत दिलाने में निभाएं अग्रणी भूमिका

**कानपुर।** मंगलवार को शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा कानपुर ग्रामीण की जिला कार्यशाला क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। मुख्य वक्ता जिला प्रभारी राधेश्याम पांडे एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा की सभी 80 सीटें जीतने का आह्वान किया। राधेश्याम पांडे ने बताया कि महिलाओं के लिए केंद्र सरकार ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं से महिलाओं को सक्षम बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। सभी महिलाएं मिलकर पीएम मोदी को दोबारा प्रचंड बहुत दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। अध्यक्षता दिनेश कुशवाहा ने की। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीरा भदौरिया, संयोजक राजेंद्र कटियार, बबलू पासवान, गीता गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर अनुराधा अवस्थी, दीप्ति सिंह, श्वेता सिंह, मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई रहे।


सहज योग संस्था के पदाधिकारियों ने दी जानकारी। अमृत विचार

### सहज योग का दो दिवसीय कार्यक्रम शहर में

**कानपुर।** ध्यान योग जीवन में बहुत जरूरी है। ऋषि और मुनियों ने कुंडलिनी शब्द का हमेशा जिक्र किया है, मगर ये कुंडलिनी जागृत कैसे होती है। इसे सहज योग की संस्थापक निर्मला देवी ने समझाया है। ये बात मर्चेंट चेंबर हाल में मंगलवार को सहज योग संस्था के लोगों ने प्रेसवार्ता में कही। सहज योग संस्था के शरद शाह, कमल मोटवानी, छाया मल्होत्रा, वविता रस्तोगी ने बताया कि अगर मनुष्य की कुंडलिनी जागृत हो तो ये हमें परमात्मा से मिलाता है। इसी से हमारे सारे विकार खत्म हो जाते हैं। इन्हीं चीजों पर सात व आठ फरवरी को संस्था कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सात को नौबस्ता के द्विवेदी नगर स्थित मुख्य ध्यान केंद्र में और आठ को मर्चेंट चेंबर हाल में ध्यान कार्यक्रम होगा। जिसमें देश व विदेश से लोग आ रहे हैं।

# श्रमिक नेताओं का भारत बंद सफल बनाने पर पूरा जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के श्रमिक नेताओं ने 16 फरवरी को भारत बंद को सफल बनाने के लिए दादानगर में मजदूरों को पर्चा बांटकर जनसंपर्क किया। श्रमिक नेताओं ने कहा कि ये जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष है जिसे सफल बनाना है।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच के श्रमिक नेताओं ने मंगलवार को दादानगर औद्योगिक क्षेत्र में भ्रमण किया और मजदूरों को पर्चा बांटकर केंद्र और राज्य सरकारों की मजदूर, किसान और जनविरोधी नीतियों की जानकारी दी। श्रमिक नेताओं ने कहा कि मंच इंटक एटक सीटू, ऐक्टू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी व रक्षा, बीमा, बिजली, आंगनबाड़ी आदि उद्योगों की समस्याओं और सरकार की मजदूर, किसान व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है। देश की मेहनत करने वाली जनता के लिए आम बजट न होकर दूसरों के लिए है। मंहगाई, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा से श्रमिक और किसान परेशान है।

# मंधना-शुक्लागंज फोरलेन में 14 किमी की केबिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**92.92** करोड़ रुपये है लागत इसकी

**7.50** करोड़ का शिफ्टिंग एस्टीमेट सौंपा

- हाईवे चौड़ीकरण के लिए तीन फीडर और बिजली के तार होंगे शिफ्ट
- बिजली विभाग ने 7.50 करोड़ का एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी को सौंपा



**अमृत विचार।** 92.92 करोड़ रुपये से मंधना-शुक्लागंज फोरलेन बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। फोरलेन चौड़ीकरण में बाधा बन रही हाईटेंशन लाइन को हटा कर अंडरग्राउंड केबिल बिछाई जाएगी। केस्को ने 7.50 करोड़ का शिफ्टिंग एस्टीमेट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को सौंपा है, जिसके लिए विभाग ने हामी भर दी है। जल्द ही हाईटेंशन हटा कर अंडरग्राउंड 14 किलोमीटर केबिल बिछाई जाएगी।

मंधना, बिठूर, शुक्लागंज के 17 किलोमीटर के मार्ग को 122.50 करोड़ की लागत से फोरलेन बनाए जाने की घोषणा की गई थी। मौजूदा समय में इस सड़क की चौड़ाई 7.50 मीटर है। फोरलेन होने के बाद एक तरफ सड़क की चौड़ाई 8.50 मीटर होगी। फोरलेन के दोनों तरफ तीन-तीन फीट चौड़ा फुटपाथ भी बनाया जाएगा। गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन को कार्यदायी संस्था के रूप में चयनित किया गया है। एग्रीमेंट होने के बाद कंपनी ने प्लांट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। सड़क चौड़ीकरण में बिठूर 220 केवी ट्रांसमिशन से निकलने वाली 33 केवी क्षमता के तीन फीडर आ रहे हैं। इनमें गंगा बैराज में एक व दो फीडर के साथ ही एक एनआरआई सिटी का फीडर भी शामिल है, जो मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में बाधा बन रहे हैं। पीडब्ल्यूडी ने फीडरों की शिफ्टिंग के लिए केस्को को पत्र लिखा था, जिसके बाद केस्को ने 7.50 करोड़ का एस्टीमेट सौंपा है। अधिशासी अभियंता अखंडेश्वर प्रसाद ने बताया कि तीनों फीडर ओवरहेड हैं, जिन्हें अंडरग्राउड कराने का कार्य किया जाएगा।

## जानकारी

कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की गोष्ठी, प्री-डिपॉजिट की अनिवार्य शर्त अपील प्राप्त करने में बाधक

# जीएसटी प्री-डिपाजिट जमा कानून में संशोधन हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसटी प्री-डिपाजिट जमा के कानून में संशोधन की जरूरत है। यह प्री-डिपॉजिट की अनिवार्य शर्त अपील प्राप्त करने में बाधक है। यह सार सिविल लाइंस स्थित आयकर भवन में आयोजित जीएसटी पर गोष्ठी में निकला।

कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित गोष्ठी में सीए छवि जैन ने कहा कि जीएसटी में दाखिल रिटर्न में स्क्रूटनी विभागीय अधिकारी धारा 61 के तहत कर रहे हैं। नोटिस भेज कर कारोबारी को आपत्तियां भेजी जा रही हैं। कारोबारियों को स्पष्टीकरण दाखिल करना होगा। संतोषजनक स्पष्टीकरण होने पर पक्ष में आदेश होगा। असंतुष्ट होने पर धारा 73 व धारा 74 के तहत नोटिस जारी की जा सकती है। ब्याज एवं अर्थदंड भी तय होगा। इस संबंध में सूचना के लिए कारोबारी को पंजीकृत आईडी व पोर्टल देखना होगा। समय से स्पष्टीकरण अवश्य दाखिल करना जरूरी है। ऐसा न होने पर अर्थदंड हो सकता है। कर के आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील धारा 107 के तहत 90 दिन में विवादित कर की 10 फीसदी धनराशि प्री-डिपॉजिट कर अपील दाखिल की जाएगी।

शरद शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि जीएसटी में पारित कर आदेश के विरुद्ध विभाग भी छह माह में अपील दाखिल कर सकता है। शंका समाधान सत्र में सवालों का समाधान किया गया। संचालन महामंत्री राहुल चंद्र ने किया। नरपत जैन, मुकेश श्रीवास्तव, विमल बाजपेयी, प्रशांत रस्तोगी, प्रदीप द्विवेदी, मुकुंद गुप्ता, आनंद सिंह, राजू कश्यप, शशि बाजपेयी, अमित गुप्ता, ओम प्रकाश वर्मा, शैलेंद्र सिंह, दीप मिस्र, बसंत लाल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, सुनील पाल, महेंद्र कुमार, महेश निगम जी, गणेश गुप्ता, शरद सिंहल मौजूद रहे।



प्रत्यक्ष कर पर गोष्ठी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अपील कोर्ट फीस जमा करने के प्रावधान हों

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे संतोष गुप्ता ने बताया कि सरकार को इस प्री-डिपॉजिट जमा करने के कानून में संशोधन करना होगा। यह प्री-डिपॉजिट की अनिवार्य शर्त अपील प्राप्त करने में बाधक है। अपील कोर्ट फीस जमा करने के प्रावधान होने चाहिए। कारोबारी के पास डिपॉजिट जमा करने को रकम नहीं है तो वह अपील दाखिल करने व न्याय पाने से वंचित हो जाएगा।

## कैमरे लगाने के लिए किया प्रेरित धर्मगुरु से मिले

**कानपुर।** कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में अब हर चौराहे पर कैमरे लगेंगे। हर घर पर कैमरा लगवाने की तैयारी की जा रही है। योजना के क्रियान्वयन के लिए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के निर्देशन पर मंगलवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र जाजमऊ के लोगों से जनसम्पर्क किया।

उन्होंने क्षेत्र के धर्म गुरु और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। आपसी समन्वय, सौहार्द व शांति बनाये रखने की अपील कर बीपीओ व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# दो दिन में 17 एमएम बारिश, दलहनी तिलहनी फसलों को भारी नुकसान

## फरवरी 2023 में 0.5 एमएम हुई थी बारिश, मौसम की ताजा स्थिति से किसान चिंतित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**21** डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

**09** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम रिकार्ड हुआ


बारिश से प्रभावित हो रही फसलें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में ओले के साथ हुई बारिश और तेज हवाओं से दलहनी और तिलहनी फसलों को नुकसान पहुंचा है। जिन फसलों में फूल और फली थी सबसे ज्यादा उन फसलों को नुकसान हुआ। जबकि गेंहू के लिए बारिश लाभदायक साबित हुई। पिछले साल 2023 फरवरी माह में 0.5 एमएम बारिश रिकार्ड की गई थी। जबकि इस वर्ष फरवरी माह की 4 व 5 तारीख को 17 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है।

विजयीपुर ब्लाक क्षेत्र में बारिश के साथ आशिंक ओलावृष्टि भी हुई है। मंगलवार को भी बादल दिन भर छाये रहे। कभी धूप तो कभी छांव का सिलसिला चलता रहा। हालांकि देर शाम तक बारिश नहीं हुई। वहीं मौसम कृषि विशेषज्ञ मंगलवार को बारिश होने की अंदेशा जता रहे हैं। इस बीच तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंगलवार को सुबह आठ बजे तक बादल मंडराते रहे। इसके बाद कुछ हिस्सों में धूप निकली। पूरे दिन बादल एवं सुरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। बारिश जैसा मौसम बना लेकिन बादल नहीं बरसे। अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम 09 डिग्री रहा।

### बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना से चिंता

मौसम विभाग की माने तो अगले पांच दिन तक आसामान में बदली रहने के साथ ही सर्दी रहने तथा बुधवार को भी बारिश के साथ ओले गिरने की भी संभावना है। बारिश होने के साथ ही मौसम विभाग की ओर से जताई गई ओले गिरने की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

### गौशालाओं में बारिश व ठंड से बचाव के उपाय नहीं

सर्दी के बीच हो रही बारिश से गोशालाओं में रह रहे मवेशियों को बचाने के लिए प्रशासन स्तर पर व्यवस्था किए जाने का दावा किया जा रहा है। वास्तविकता में अधिकांश गोशालाओं में पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। बारिश या सर्दी, यहां गोवंश ठिढुरने को मजबूर होते हैं। छाया का प्रबंध न होने से बारिश में गोवंश भीगते रहते हैं।

"विजयीपुर क्षेत्र में आंशिक ओलावृष्टि हुई है। बारिश से दलहन और तिलहन की फूल और फली फसलों को नुकसान पहुंचा है। गेंहू की फसल के लिए बारिश मुफीद रही।

–**वसीम खान**, कृषि मौसम विज्ञान केंद्र

### बारिश ने बिजली आपूर्ति को किया बेपटरी

**फतेहपुर।** बारिश के साथ हवा के झोंकों ने बिजली विभाग के इंतजामों की पोल खोल कर रख दी है। शहर समेत ग्रामीणांचलों के उपकेन्द्रों से जुड़े फीडरों के मोहल्ले एवं गांवों में बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई जगह तार टूट गये तो कहीं इंसुलेटर जल गये। इससे करीब आपूर्ति ठप रही। सोमवार की रात भर की बूंदाबांदी के बीच तेज हवाओं ने जिले की बिजली आपूर्ति को पटरी से उतार दिया। रात में श्याम नगर खम्भापुर, राधानगर, नई बस्ती, मुराइनटोला, शादीपुर समेत अन्य मोहल्लों में बिजली की आंख मिचोली जारी रही। सुबह सर्द मौसम में लोगों को गरम पानी से लेकर पेयजल आपूर्ति तक प्रभावित हो गई।

# नए शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चों के पास होंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बेसिक शिक्षा विभाग में नए शिक्षासत्र की तैयारी शुरू
- शासन द्वारा भेजी गई करीब 4.86 लाख पाठ्य पुस्तकें

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों के हाथों में शिक्षण सत्र के पहले दिन ही किताबें दिखेंगी। इसके लिए शासन से 4.86 लाख किताबों की खेप भी आ गई है। बेसिक शिक्षा विभाग जिला स्तरीय समिति के सत्यापन के बाद फरवरी के अंतिम सप्ताह तक समय से पहले स्कूलों में पुस्तक पहुंचाने की तैयारी में जुट गया है।

नए शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद हर साल परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के हाथों में पुस्तकें आते-आते कई-कई माह बीत जाते थे। लेकिन इस बार नवीन सत्र के पहले दिन ही परिषदीय स्कूलों के नौनिहालों को पाठ्य पुस्तकें प्राप्त होने से अध्यनरत बच्चे समय से पुस्तकों का प्रयोग कर शिक्षा प्राप्त करेंगे। इसके लिए फरवरी के अंतिम सप्ताह में किताबें विद्यालयों में पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य बेसिक शिक्षा विभाग ने तय किया है।

जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे 2 लाख 76 हजार बच्चों को पुस्तकों का वितरण होना है। ब्लॉक संसाधन केंद्रों के माध्यम से पुस्तकों को विद्यालयों में भेजा जाएगा। पुस्तकों की ढुलाई के लिए टेंडर भी निकाला गया है। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अखिलेश कुमार ने बताया कि एक अप्रैल से जो नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होगा उसके पहले दिन ही गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

### गुणवत्ता का हो रहा सत्यापन

नए शिक्षण सत्र के पहले दिन बच्चों के हाथों में पाठ्य पुस्तकों को देने के लिए शासन प्रशासन के निर्देश पर तैयारी पूरी है। बच्चों की पुस्तकों का जिलाधिकारी द्वारा गठित सत्यापन समिति से गुणवत्ता का सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के बाद ब्लॉक संसाधन केंद्रों में पाठ्य पुस्तकें भेज दी जाएंगी। नए शिक्षण क्षेत्र में पहले दिन पुस्तक मिलने से यहां अध्ययनरत बच्चे समय से पाठ्य पुस्तकों का प्रयोग कर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। किताबें बांटने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में 50 फीसदी कक्ष निरीक्षक होंगे बाहरी

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शुचिता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर परीक्षा केन्द्र पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। जिस दिन उनके विषय की परीक्षा होगी उस दिन वह ड्यूटी से मुक्त रखे जाएंगे। इस समय जिले के 195 केन्द्रों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं चल रही हैं। साथ ही बोर्ड की परीक्षा की तैयारियां भी चल रही हैं। कक्ष निरीक्षकों की तैनाती को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यूपी बोर्ड ने परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर परीक्षा केन्द्र पर पचास फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षकों की तैनाती का फरमान जारी किया है। जिससे कालेज के शिक्षक नकल को अंजाम न दे सकें और न ही किसी तरह का पक्षपात किसी परीक्षार्थी के साथ कर सकें। बता दें कि परीक्षा केन्द्रों पर इस बार तैनात सभी कक्ष निरीक्षकों को आईकार्ड जारी किए जाएंगे। जिसमें शिक्षक का विषय नाम व अन्य जरूरी सूचना के साथ ही उनकी फोटो भी चश्पा की जाएगी। ताकि कालेज के शिक्षक के नाम पर कोई दूसरा ड्यूटी न कर सके। साथ ही परीक्षा केन्द्र पर तैनात सभी कक्ष निरीक्षकों का डाटा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ ही परीक्षा विभाग के पास भी मौजूद रहेगा। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल शिक्षक की पहचान की पुष्टि की जा सकेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवदी ने बताया कि परीक्षा केन्दों पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे।

### हक के लिए कोर्ट जाएगा भाट समाज

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय भाट समाज एकता मंच द्वारा जिला कार्यालय में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के उत्थान के लिए चर्चा की गई। बैठक में हक पाने के लिए कोर्ट जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 8 से 18 फरवरी तक हर घर चंदा अभियान चलाया जाएगा। अध्यक्ष पवनेद्र कुमार ने बताया कि जिले में भाट समाज द्वारा 18 गांवों में आजादी के पहले से स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं। वर्ष 2013 में शोध संस्थान के सर्वे में भाट जाति को अस्थाई घुमंतू घोषित कर दिया गया। इस समाज को किसी भी श्रेणी में सूचीबद्ध नहीं किया गया। जो भाट समाज के ऊपर कुठाराघात है। सरकार द्वारा दिया जा रहा नारा सबका साथ सबका विकास, भाट समाज के साथ विश्वासघात साबित हो रहा है। कैटगरी निर्धारित न होने पर शिक्षित बच्चों को नौकरी भी नहीं मिल रही है, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। बताया कि मामले को कोर्ट में ले जाने के लिए चंदा एकत्रीकरण अभियान चलाया जाएगा। समाज को आरक्षण दिलाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जाएगी। इस मौके पर पुरुषोत्तम, रामू, नितेन्द्र कुमार, मधु, सरिता देवी, रतन, श्यामू, माया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### चाची के मोबाइल से भतीजों ने 90 हजार किए ट्रांसफर

**फतेहपुर।** चाची के मोबाइल से भतीजों ने 90 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। मामले की जानकारी पर होश उड़ गए। मामले की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मध्य प्रदेश भोपाल जहांगीराबाद आमवाली मस्जिद निवासी अजीजुल रहमान की पत्नी नुसरत फातिमा ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट निवासी जेठानी नसीम फातिमा उर्फ सोनी पत्नी अब्दुर्रहमान के घर चार दिसंबर को 2023 को आई थी। उसके मोबाइल से धोखाधड़ी कर जेठानी के पुत्र नुनु और अताउर रहमान उर्फ सोनू ने अपने खातों में 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। उसने छह दिसंबर को थाने में शिकायत की। पुलिस के सामने भतीजों ने खाते में रुपये लौटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद रुपये नहीं लौटाए। थाना पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद राव ने मामले की जांच के बाद धोखाधड़ी का भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच साइबर थाने को भेजी गई है।

### नौकरी का झांसा देकर टूरिस्ट वीजा पर युवक को भेजा दुबई

**फतेहपुर।** नौकरी के लालच में फर्जी वीजा पर दुबई भेजा गया युवक शातिरों के जाल में फंस गया। भाई ने पांच माह से युवक को बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।खखरेरू थाना क्षेत्र के तेंदुवा निवासी सुरिजभान ने बताया कि भाई चंद्रभान को विदेश में नौकरी का कस्वा निवासी एजेंट अजमेर अहमद ने झांसा दिया था। उसने एक लाख दो हजार रुपये चंद्रभान को दुबई भेजने को लिए थे। भाई को 28 अक्तूबर को दुबई भेज दिया। सउदी जाने के बाद पता लगा कि धोखाधड़ी कर एजेंट ने टूरिस्ट वीजा पर भेजा है। जहां उसे बंधक बनाकर रखा गया है। उसने एजेंट से भाई को बुलाने की मांग की। उसे टरकाने लगा। उसने भाई को बुलाने से इन्कार कर दिया है। गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद राव ने बताया कि एसपी के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है।

### दबंगों ने बहनों को घर से खींचकर पीटा

**फतेहपुर।** दो युवकों ने घर के अंदर घुसकर दो सगी बहनों के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध पर युवकों ने दोनों बहनों को घर से खींचकर बीच सड़क पर पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में गांव के तीन युवक अनिरुद्ध, शिवम यादव और भीम यादव ने एक घर में घुसकर शादीशुदा महिला के साथ छेड़खानी करने लगे। चीख पुकार सुनकर घर पर मौजूद छोटी बहन बचाने आई तो दबंग युवकों ने उसके साथ भी छेड़खानी शुरू कर दिया। दोनों बहनों ने विरोध किया तो उनकी पिटाई करने लगे। पीड़ित बहनों के अनुसार चार फरवरी को पड़ोसी युवक अनिरुद्ध, शिवम यादव और भीम यादव घटना के दौरान गले से सोने की चेन भी ले गए। एसओ के अनुसार फरार युवकों की तलाश की जा रही है।

# अग्निवीर का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

संवाददाता, फतेहपुर

- प्रयागराज से आए सैनिकों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार
- मलवां विकास खंड के गांव महमूदपुर के थे निवासी


जवानों और ग्रामीणों ने पर्थिव शरीर को दी सलामी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फरवरी 2023 में सेना की अग्निवीर योजना तहत भर्ती हुए एक जवान की बीमारी के दौरान रविवार को कमांड हॉस्पिटल महाराष्ट्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव लाया गया तो मातम पसर गया। प्रयागराज से आई टीम 264 कम्पनी आर्मी सप्लाई कोर टाइप-सी की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मलवां विकास खण्ड के महमूदपुर गांव निवासी चन्द्रजीत सिंह उर्फ झल्लू यादव के पुत्र आशीष कुमार जो अपने दो भाई व एक बहन के बीच सबसे बड़े थे। फरवरी 2023 में सेना में अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुआ था। आशीष की तैनाती देवलाली नासिक में थी। परिवार में छोटी बहन संध्या, भाई सौरभ और माता पिता हैं। इधर परिजनों को पांच जनवरी को फोन द्वारा सूचना मिली कि आशीष तेज बुखार से पीड़ित है। सूचना पर मां पिता ट्रेन द्वारा ड्यूटी स्थल पहुंचे थे। चार फरवरी को उनके निधन होने की खबर आई तो गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में शव एंबुलेंस से घर पहुंचा। सैनिक का अन्तिम संस्कार सुबह 11 बजे सेना के जवानों के बीच हुआ। इस दौरान प्रयागराज से आई टीम 264 कम्पनी आर्मी सप्लाई कोर टाइप-सी से टीम कमांडर नायब सूबेदार अशोक कुमार, नायब सूबेदार वीए विजय कुमार, आरएचएम विपिन कुमार, हवलदार जितेन्द्र, हवलदार जितेन्द्र, नायब शुभम शर्मा और सिपाही हरीशचंद्र रहे।

# सड़क पर भरा नाली का पानी, आवाजाही दुरूह

संवाददाता, अमौली-फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के जरेहटा के कुम्हारन मोहाल में राहगीरों के लिए खड़ंजायुक्त टूटा फूटा मार्ग तो है लेकिन नालियों के जाम होने के कारण सड़क पर घरों का गंदा पानी भरे होने के कारण चलना मुश्किल हो रहा है।

खड़ंजे और आरसीसी मार्ग तो बन गए हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की दशा बिगड़ती जा रही है। पिछले कई महीनों से कई मार्गों पर पानी बह रहा है। इस वजह से मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। नाली निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घर का पानी बाहर मुख्य मार्गों पर बह रहा है। जिससे खड़ंजा हो या सीसी रोड खराब होती जा रही है। कुम्हारन मोहाल के वशिन्दों ने नाली निकासी व सफाई कराने की मांग की है। बावजूद इसके अब तक इस ओर पहल नहीं हो पाई है। जागरुकता के अभाव में लोग अपने घर का पानी सड़क पर ही बहा रहे हैं। वहीं कुछ लोग नाली नहीं होने की बात कहते हुए मजबूरी में सड़क पर पानी बहाने की बात कह रहे हैं। सड़क पर पानी भरे रहने से गंदगी बढ़ती जा रही है। सफर करने में परेशानी होती है।

### नहीं हुई नाली की सफाई

कस्बे के ही रज्जन शुक्ला ने बताया कि रास्ते में जलभराव व बजबजा रही नाली ही नहीं बल्कि आगे की नाली मिट्टी से पटी हुई है। जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सफाई कर्मी कभी पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कस्बे के ही अजय कुमार ने बताया कि कस्बे की पुरानी चौकी, मस्जिद रोड, गोडाइनपुर मार्ग सहित कई मोहल्लों में नालियां बजबजा रही हैं।

# किशोर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**जहानाबाद।** अज्ञात कारणों से सोमवार की रात एक किशोर ने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह हुई घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुल्लीहार मजरे सरांयहोली गांव निवासी रामसागर के 15 वर्षीय पुत्र हिमांशु ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात खाना खाकर मकान के उपर बने कमरे में सोने चला गया था और मोबाइल साथ में लिए था। मंगलवार की सुबह देर तक वह कमरे से नहीं निकला तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो हिमांशु छत के पाइप में साड़ी के फंदे से फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों ने जिंदा होने की आशंका पर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली गिरने से घर के बाहर खड़े युवक की मौत

**फतेहपुर।** घर के बाहर खड़े एक युवक की सोमवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना देखकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कस्वा निवासी नाजिम अली (40) मुंबई में परिवार के भरण-पोषण के लिए नौकरी करता था। वह एक हफ्ते पहले घर आया था।

# फर्जी प्रमाणपत्र से अमीन बना, बर्खास्त

संवाददाता, फतेहपुर

- कानपुर का रहने वाला 16 वर्षों से कर रहा था नौकरी, मुकदमे का आदेश

**अमृत विचार।** अनुसूचित जनजाति का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर पिछले करीब 16 वर्षों से नौकरी कर रहे अमीन को बर्खास्त कर दिया गया। एसडीएम ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही लिए गए वेतन वसूली के भी आदेश दिए हैं। कानपुर के जूही गोशाला निवासी अजय कुमार तहसील में संग्रह अमीन था। लेखपाल संतोष कुमार मिश्रा ने अजय के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाने की शिकायत की थी। शिकायत में अनुसूचित जनजाति के फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी करने का जिक्र था। उसकी बिंदकी के मवई में तैनाती थी। एसडीएम ने कानपुर जांच भेजी थी।

**बजट पर चर्चा जारी** — छोटे–मझले व्यापारियों के लिए कोई छूट न होने से व्यापारी नाराज

# निराश्रित महिलाओं की पेंशन दोगुना करने पर खुशी


टीवी देखकर बजट पर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए भारी भरकम बजट को लेकर जिले में विभिन्न वर्गो में कहीं निराशा देखने को मिली तो कहीं बजट को प्रभावी बताया। दूसरे दिन मंगलवार को भी बजट को लेकर लोगों में चर्चा होती रही।

सोमवार को जारी हुए बजट में बुजुर्ग किसानों को 3000 प्रतिमाह पेंशन देने, निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन राशि को दोगुना करने के साथ साथ कई बड़े ऐलान व इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार को लेकर भी सरकार ने घोषणाएं कीं। हालांकि सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ी योजनाओं का ऐलान न होने से लोगों को थोड़ी निराशा भी रही। वहीं व्यापारी वर्ग ने सरकार के बजट को निराशाजनक बताया। हालांकि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के लिए किए गए प्रयासों की महिलाओं ने सराहना की। किसानों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि तकनीक के आधार पर खेती में होने वाले नुकसान को कम किया जाए, वहीं अन्ना मवेशियों की समस्याओं से निजात दिलाया जाना चाहिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि सरकार को चाहिए कि ग्रामीण युवाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का प्रशिक्षण व स्वरोजगार के क्षेत्र में भी प्रयास किया जाए। वहीं व्यापारियों में निराशा रही कि छोटे एवं मझोले व्यापारियों को कोई छूट नहीं दी गई।

### लोगों की प्रतिक्रियाएं


"बजट में सरकार ने 60 साल के ऊपर के किसानों को 3000 रूपये प्रतिमाह पेंशन देने का ऐलान किया है। योजना के तहत कई प्राविधान किए गए हैं। लेकिन खेती किसानी के लिए कुछ खास नहीं मिला।

–**केशवचंद, किसान**


बजट में ब्लाक स्तर पर वेदर स्टेशन खोले जाने का प्रस्ताव है। वेदर स्टेशन से किसानों को मौसम की जानकारी मिलेगी। ऐसे में मौसम की वजह से खराब होने वाली फसलों को बचाया जा सकेगा।

–**सुनील तिवारी, एडवोकेट**


फसल बीमा के नाम पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिलती दिखी। ऐसे में सरकार को चाहिए की फसलों के नुकसान को कम करने को नई तकनीक का प्रयोग किया जाए।

–**नरसिंह, किसान**


व्यापारियों को इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट दी जानी चाहिए। व्यापारियों को उम्मीद थी कि प्रदेश बजट में उन्हे लाभ मिलेगा लेकिन नाकाफी साबित हुआ। जबकि व्यापारी टैक्स से सरकार को बड़ा लाभ पहुंचता है।

–**बजरंगी लाल, व्यापारी**


प्रदेश सरकार के बजट में निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली का प्रस्ताव है। किसानों को धनराशि का फायदा होगा। सिंचाई पर आने वाली लागत में कमी आएगी।

–**डा .रवींद्र त्रिपाठी, किसान**


सरकार व्यापारियों के अलावा पेश किए गए बजट में कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रस्ताव है। जिसका किसानों को लाभ मिलेगा। सिंचाई पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है।"

–**प्रवीण दीक्षित, व्यापारी**

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

# जिन जगहों का दिया मुआवजा उस पर करें अब विधिवत कब्जा

## चौड़ीकरण की दिक्कतों को शीघ्र निस्तारित करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर दिशा निर्देश देतीं डीएम। अमृत विचार

- यातायात सुगम बनाने के लिए हुई अफसरों की बैठक

**अमृत विचार।** डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण, सर्विस रोड बनाने में आ रही दिक्कतों के बारे में समीक्षा की। उन्होंने साफ कहा कि जिन जमीनों का मुआवजा दिया जा चुका है, उनके मकान पर नोटिस चस्पा पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

यातायात की सुगमता के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में शेष बचे हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण एवं सर्विस रोड बनाने में जो समस्या आ रही है, उसे दूर करें। संबंधित जमीन के स्वामियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से संपर्क करें। आपसी समन्वय बनाकर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरण को निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन भू-स्वामियों को उनके मकान, खेत का मुआवजा मिल चुका है, उनका नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जमीन पर अधिग्रहीत करते हुए कार्य कराया जाए। कहा कि जिन भूस्वामियों के मकान, बिल्डिंग को गिराया जाना है, उनको नियमानुसार उनके मकान पर भी नोटिस चस्पा कराकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। वहीं परियोजना निदेशक को निर्देश दिये कि सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए शेष बचे हुए चौड़ीकरण, सर्विस रोड का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जिससे यातायात सुगम हो सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मकान पर डंपर पलटा, एक घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव में सोमवार की रात मोरंग लदा एक डंपर घर के ऊपर पलट गया। जिससे घर मे सो रहा गृहस्वामी घायल हो गया और भैस की मौत हो गई। घायल अवस्था में गृहस्वामी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी सुरेश बाल्मीकि सोमवार की रात घर पर सो रहा था। तभी रात में करीब 11 बजे मोरंग से लोड एक डंफर अनियंत्रित होकर उसके घर के ऊपर पलट गया। जिससे घर में सो रहा सुरेश घायल हो गया और छप्पर के नीचे बंधी उसकी भैस की दबकर मौत हो गई। डंफर चालक व खलासी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## मतदान के लिए दी प्रेरणा, शपथ भी दिलाई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



स्कूली बच्चों को मतदान के प्रति दिलाई गई शपथ। अमृत विचार

- स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लगातार जागरुकता अभियान जारी है। मंगलवार को स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान व मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता ग्लोबल पब्लिक स्कूल राधानगर में आयोजित कराई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार विजयशंकर तिवारी उपस्थित रहे। स्वीप आइकान ने बच्चों के माध्यम से अभिभावकों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ साथ अन्य लोगों को प्रेरित किया। सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। कहा कि हम सभी लोगों को जागरूक करेंगे और वृद्ध, दिव्यांगजन को मतदान स्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

सभी बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। रैली को नायब तहसीलदार, प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला व स्वीप आइकॉन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सभी बच्चे पहले मतदान फिर जलपान व सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर वोट दो के नारे लगाए। वहीं मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मेराज खान, द्वितीय आदित्य चौहान व तृतीय स्थान पर अंशिका रही। इस अवसर पर अध्यापक नम्रता त्रिपाठी, असरा जाफरी, हिमांशु मिश्र, अपर्णा कसौधन, रुद्रेश त्रिपाठी, शिवम तिवारी, दीपक शुक्ल, वर्षा, अंजली, मोरेंद्र विक्रम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बहन की सौतन बनी नैना बच्चों के साथ फरार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** रेउना थाना क्षेत्र के कटरी काटर गांव में मछुआरे के जाल में महिला का शव फंसने के बाद हुए सनसनीखेज खुलासे के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामला सामने आने के बाद बहन की सौतन बनी नैना दोनों बच्चों के साथ फरार है। आरोपी जेठ-जेठानी भी घर से गायब हैं, जिनकी तलाश तेज है। हिरासत में लिए गए पति को फिलहाल पुलिस ने जेल नहीं भेजा है।

पहले बेटी सुनैना के गायब होने और अब उसकी यमुना नदी में लाश बरामद होने के बाद फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के भागलपुर निवासी पिता रामबाबू निषाद ने चार लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें सुनैना के पति शैलेंद्र निषाद, उसकी दूसरी पत्नी (साली) नैना, जेठ हीरालाल निषाद और जेठानी कमलेश निषाद को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने पति शैलेंद्र निषाद को तो लाश बरामद होने के बाद ही हिरासत में ले लिया था, लेकिन बाकी आरोपी फरार हो गए थे। रेउना थाने की पुलिस मंगलवार को भी आरोपियों की तलाश में दबिश देती रही, मगर कोई कामयाबी नहीं मिली। सुनैना के शव का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसके पिता रामबाबू को शव सौंप दिया। एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हिरासत में लिए गए पति शैलेंद्र निषाद को जेल भेजा जाएगा।

### सुनैना के दोनों बच्चे भी गायब

यमुना नदी में सुनैना का शव बरामद होने के बाद उसके दोनों बच्चे भी गायब हैं। पांच वर्षीय बेटे यश और तीन वर्षीय बेटी रुचि के बारे में पुलिस पता लगाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पुलिस का मानना है कि बच्चों को लेकर नैना गायब हुई है या फिर जेठ-जेठानी उन्हें साथ ले गए हैं? इसका सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। संभव है कि सभी एक साथ हों। घर पर सिर्फ शैलेंद्र के बूढ़े पिता कल्लू और मां हैं, जो बेटे से अलग रहते हैं और उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है।

### नैना के पेट में पल रहा शैलेंद्र का गर्भ

अपनी ही बहन की सौतन बनी नैना गर्भवती है। यह जानकारी पुलिस को मामले की तहकीकात के दौरान पता चली है। बताते हैं कि नैना के गर्भवती होने के बाद ही शैलेंद्र और सुनैना के बीच झगड़ा बढ़ गया था। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि शैलेंद्र अपनी साली नैना को पत्नी के रूप में ही रखता था। इसी बीच उसके गर्भवती होने के बाद पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था।

## ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर गांव मोड के पास ट्रक ने साइकिल सवार को ज़ोरदार टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों को जानकारी हुई तो उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर गांव निवासी कुंवारे का पुत्र कल्लू बाजार से घर वापस साइकिल से जा रहा था। जब वह गांव के पास पहुंचा था कि तभी ट्रक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार कल्लू गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों को जानकारी हुई तो उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

# भाजपाइयों का जत्था अयोध्या के लिए आज होगा रवाना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिले से करीब 10 हजार कार्यकर्ता पहुंचेंगे अयोध्या
- कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए किया गया पंजीयन

**अमृत विचार।** भाजपा शहरी और ग्रामीण कार्यकर्ता सात फरवरी को सुबह रामलला का दर्शन पूजन करने के लिए राम की नगरी अयोध्या जाएंगे। इसके लिए बसे, चार पहिया वाहन बुक किए गए हैं। पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को लेकर जाने के लिए पंजीयन कर रहे हैं। दस हजार कार्यकर्ता अयोध्या में दर्शन पूजन करने के लिए जाएंगे।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष बिंदकी अतुल द्विवेदी ने बताया कि पार्टी ने कार्यकर्ताओं को सात फरवरी को अयोध्या में लेकर जाने का कार्यक्रम बनाया है। इसके लिए बिंदकी नगर से 150 कार्यकर्ताओं को तीन बसों से लेकर जाने की तैयारी की गई है। उन्होंने कहाकि तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक हुई है। जिसमें तय किया गया कि आज यानि बुधवार को कार्यकर्ता बसों से अयोध्या जाएंगे। बिंदकी में 25 वार्ड हैं, प्रत्येक बूथ से कम से पांच कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल किए जाएंगे। सूत्रों की माने तो अयोध्या जाने के लिए पंजीयन शुल्क दो सौ रुपये निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र से प्रत्येक बूथ से पांच-पांच कार्यकर्ता ले जाने की तैयारी है। करीब 70 बसों से कार्यकर्ताओं को ले जाने की तैयारी की गई है।

## सार-संक्षेप

### सीपीएस के बच्चों ने निकाली सर्व जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** बकेवर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बच्चों द्वारा सर्व जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने स्कूल परिसर जगदीशपुर से सरांय बकेवर, बकेवर बुजुर्ग कस्बे तक भ्रमण किया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने सर्व जागरूकता रैली पर गुटखा छोड़ो जन बचाओ, धूम्रपान निषेध, मतदाता जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, शिक्षा बनाए स्वावलंबी, साइबर क्राइम पर बच्चों ने पोस्टर, बैनर, स्लोगन बनाकर जनता को संदेश दिया। रैली के दौरान प्रधानाचार्या ललिता मिश्रा ने बच्चों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। इस दौरान राधा शुक्ला, रुही खान, संगीता द्विवेदी, मयंक गुप्ता, फारुख अंसारी, सुचि गुप्ता, सुमित पाण्डेय, प्रियंका सैनी, आकांक्षा, राम शरण, सरिता, दिव्या, शैलू, बलविंदर, ऋषभ पाल व रोशनी आदि उपस्थित रहीं।

### कार्यशाला में छात्राओं को दी तकनीक की जानकारी

**फतेहपुर।** शहर के डॉ. बीआर आंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में टूल्स एण्ड टेक्निक्स इन मॉलीक्युलर बायोलॉजी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें वक्ताओं ने छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता ने छात्राओं को इस कार्यशाला से लाभान्वित होकर सफल बनाने का आह्वान किया। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. रत्नेश कुमार सोनी, असि. प्रो. जन्तु विज्ञान, केएन राजकीय पीजी कालेज, ज्ञानपरु भदोही ने मॉलीक्युलर बायोलॉजी तकनीकों का जीवन में महत्व बताया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रत्नेश सोनी ने मालीक्यूलर बायोलाजी में प्रयोग की जाने वाली तकनीकों के बारे में संक्षिप्त परिचय के साथ जैल इलेक्ट्रोफॉरेसिस नामक तकनीक का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का छौंकर, डा. राजकुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शराब के नशे में ससुर ने किया दुष्कर्म, जांच शुरू

**असोथर।** दो दिन पूर्व घर में सो रही एक महिला के साथ उसके ससुर ने शराब के नशे में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह पीड़िता अपने मायके पहुंची और जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति डेढ़ माह से बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर पर वह अपने दो बच्चों के साथ अपने ससुर के साथ रहती है। बताया कि शनिवार को अपने घर पर बनी झोपड़ी में सो रही थी। तभी देर रात उसके ससुर ने शराब के नशे में जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता से किसी से बताने व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने भयवश किसी से न बताते हुए किसी तरह से पांच फरवरी की रात घर से जान बचाकर निकली और अपनी मां के पास मायके पहुंची और आपबीती सुनाई। पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बरदरा गांव के पास दूध लदे एक लोडर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे, तभी उसकी रास्ते मे मौत हो गई। वहीं अन्य बहादसों में कई गायल हुए हैं। मलवां थाना क्षेत्र के काकाबेरी दमापुर गांव निवासी जग मोहन का पुत्र राहुल राव बाइक पर सवार होकर किसी काम से बिंदकी जा रहा था। जब वह कोतवाली क्षेत्र के बरदरा गांव के पास पहुंचा तभी दूध लदे लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको बिंदकी सीएचसी लेकर जा रहे थे तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह खागा कोतवाली क्षेत्र के छीमी गांव निवासी रामा, खखरेरू थाना क्षेत्र के भीमपुर गांव निवासी सत्य देव, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सहिमापुर गांव निवासी कुलदीप व रहरा गांव निवासी ननुहा सीताराम लोधी और रीता देवी हादसे में घायल हो गईं।

# रोडवेज को चूना लगाने वालों की बनेगी सूची

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को अनाधिकृत वाहन राजस्व क्षति पहुंचा रहे हैं। रोडवेज बस अड्डा के बाहर से सवारियां उठाने वाले अनाधिकृत वाहनों को चिह्नित कर सूची बनवाई जाएगी। कार्रवाई के लिए सूची सीधे मुख्यालय भेजी जाएगी।

बस अड्डे से डिपो की करीब 40 और अन्य डिपो की करीब 30 बसें चलती हैं। बस अड्डा में रोडवेज बसों को लंबी दूरी की सवारियां तो मिल जाती हैं, पर 30 से 40 किलोमीटर दूरी की सवारियों को बस अड्डा के बाहर मंडराते अनाधिकृत वाहन भर लेते हैं। इसका निगम के राजस्व पर असर पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, दिसंबर और जनवरी माह में घाटा उठाना पड़ा है। रोडवेज डिपो का चार्ज संभाले एआरएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। लगातार घाटा बढ़ने पर मंथन किया। बस अड्डा के बाहर मंडराते वाहन घाटे की बढ़ी वजह निकलकर सामने आई।

### 26 किलोमीटर तक परमिट, 40 तक दौड़

आरटीओ से ऑटो को ज्यादातर 16 और टेंपो को 26 किमी तक सवारी लाने-जाने का परमिट जारी होता है। पर बस अड्डा के बाहर मंडराते ऑटो और टेंपो बस अड्डा से चौडगरा, बिन्दकी, औंग, मलवां तक सवारी भरते हैं। कुछ स्थानों की दूरी 40 और कुछ की इससे अधिक है। दूसरी ओर क्षमता से अधिक सवारी भरते हैं।

## ऑनलाइन ठगी में गई एक लाख की रकम हुई वापस

**फतेहपुर।** दो माह पूर्व आनलाइन हुई धोखाधड़ी में पीड़ित के एक लाख रुपये ट्रांसफर हो गए थे। मामले की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ट्रांसफर हुई पूरी रकम को पीड़ित के खाते में वापस कराई है।

12वीं वाहिनी पीएसी फूलचन्द्र ने 12 दिसंबर को पुलिस कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें अवगत कराया था कि यूट्यूब पर वीडियो देखने के दौरान गलती से अनजान लिंक पर क्लिक हो जाने के बाद उनके खाते से दो बार में कुल एक लाख रूपया आनलाइन माध्यम से ट्रांसफर हो गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को तत्काल कार्यवाही के लिए आदेश दिए थे।

# मोबाइल शॉप में सेंध लगा लाखों की चोरी

संवाददाता, फतेहपुर



चोरी की घटना के बाद दुकान में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- 46 स्मार्टफोन और नकदी ले गए, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**अमृत विचार।** सोमवार की रात चोर ने एक मोबाइल शॉप की दुकान की दीवार में सेंध लगाकर दुकान के अंदर से नकदी सहित करीब साढ़े पांच लाख रुपए का स्मार्टफोन पार कर दिए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह जब पीड़ित मोबाइल शॉप का मालिक पहुंचा तो चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के कृष्ण नगर में स्थित मोबाइल शॉप की दुकान में सोमवार रात चोर मुंह में कपड़ा बांधकर दुकान की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसा। दुकान में रखे 46 स्मार्टफोन सहित नकदी की चोरी कर फरार हो गया। सुबह जब मोबाइल शॉप का मालिक दुकान पर पहुंचा तो शटर खोलकर अंदर जाने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित मोबाइल शॉप के मालिक अरमान ने चोरी की जानकारी पुलिस चौकी में दी। चौकी प्रभारी ने शॉप के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे के वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित शॉप के मालिक अरमान ने बताया कि वह बीती रात सोमवार की रात करीब नौ बजे के आसपास शॉप को बन्दकर घर चला गया। मंगलवार सुबह पहुंचने पर 46 स्मार्टफोन और दस हजार रुपए नगद सहित करीब साढ़े पांच लाख रुपए की चोरी हुई है। "बहुआ चौकी प्रभारी विजय त्रिवेदी ने बताया कि चोर ने एक मोबाइल की दुकान के दीवार में सेंध लगाकर मोबाइल और नकद रुपए की चोरी की है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चोर की तलाश की जा रही है।

लापरवाही | 6 .60 किमी सड़क 4 .51 करोड़ से बननी थी, निविदा भी हो गई थी पर काम लटक गया

# सितंबर तक बननी थी सड़क, शुरू किया तो नाली 'लापता'



जलभराव युक्त सड़क में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, असोथर-फतेहपुर

**अमृत विचार।** असोथर ब्लाक के बेसड़ी ग्राम पंचायत के ऐझी-कोटवा, जरौली में नाला का निर्माण न होने से बारिश और घर से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाने के कारण सड़क पर जलजमाव हो गया है। सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है। लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क को सितंबर तक बनना था, जो अब शुरू हुआ है, लेकिन नाली का अतापता नहीं है।

सरकार द्वारा गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना चलाई गई। जिसके क्रम में असोथर-गाजीपुर मार्ग से बेसड़ी से ऐझी-कोटवा मार्ग की दूरी 6.60 किलोमीटर का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत 4 करोड़ 51 लाख से होना था। इसका टेंडर सूरज बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ को मिला था। कार्य सितम्बर 2023 में पूर्ण होना था, लेकिन विभागीय उदासीनता व कार्यदायी संस्था की मनमानी के चलते कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। अभी जनवरी 2024 में कार्य की शुरुआत हुई है। अभी तक समतलीकरण का कार्य हुआ है।

### क्या बोले ग्रामीण



आरपी सिंह

ग्रामीण आरपी सिंह ने बताया कि सरकार मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पंचायत के सभी गांव में नाला का निर्माण कार्य कराए जाने का निर्देश हैं। लेकिन गांव में नाला का निर्माण नहीं होने से गांव के लोगों को पानी मे चलकर घर आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर पंचायत के मुखिया जिले के जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है।



अनिल कुमार यादव

अनिल कुमार यादव ने कहा कि चुनाव के समय जिले के जनप्रतिनिधियों और पंचायत चुनाव में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य ने सड़क व नाला निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। चुनाव जीतने के बाद किसी को नाला निर्माण कराने की चिंता नहीं है। पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशान व चिंतित हैं। ग्रामीणों को अब भय सताने लगा है, कि कहीं बीमारी न फैल जाए।



नरेंद्र यादव

नरेंद्र यादव सुल्तान वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाकियू अराजनैतिक ने बताया कि बेसड़ी-ऐझी संपर्क मार्ग को गांव के अंदर बारह सौ मीटर व आरसीसी सड़क, सड़क के दोनों साइड नाला निर्माण के लिए कई वर्ष पहले धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। छह सौ मीटर नाला और आरसीसी सड़क निर्माण का सर्वे भेजा गया। जबकि आरसीसी सड़क और नाला निर्माण बारह सौ मीटर तक होना चाहिए।



धरम सिंह।

ग्रामीण धरम सिंह ने बताया कि जब तक बस्ती के अंदर सड़क के दोनों साइड में नाला निर्माण नहीं होगा, तब तक चाहे जितनी अच्छी सड़क का निर्माण हो जाए। कोई मतलब नहीं है, दो चार महीनों में उखड़ जायेगी।

### बोले जिम्मेदार अधिकारी

आरईडी विभाग के जेई हीरालाल ने बताया कि इंजीनियर ने 600 मीटर आरसीसी सड़क और दोनों साइड नाला निर्माण का सर्वे कर भेजा था। जो दक्षिण पश्चिम दिशा से पूरब की ओर 600 मीटर नाला और आरसीसी सड़क का निर्माण होना है। आरसीसी सड़क व नाला निर्माण कराने के लिए पहल किया जा रहा है। जल्द ही नाला का निर्माण करा कर पानी से निजात दिलाया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार 1200 मीटर नाला और सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। उच्चाधिकारियों से बात कर अवगत कराया गया है। निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# न्याय पाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठा परिवार

संवाददाता, फतेहपुर



आमरण अनशन पर बैठा परिवार। अमृत विचार

- जमीन पर कब्जे के प्रयास के विरोध पर पीटा, कार्रवाई नहीं

**अमृत विचार।** एक पीड़ित परिवार ने दबंगो द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने के विरोध पर मारपीट की। पीड़ित ने गृहस्थी का सामान तोड़ने के साथ नकदी लूटने का आरोप भी लगाया है। पीड़ित ने कहा कि थाना पुलिस में शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो परिवार के साथ कलेक्ट्रेट परिसर के गेट पर आमरण अनशन पर बैठना पड़ा।

ललौली थाना क्षेत्र के चौभइया डेरा मजरे अढावल गांव की रहने वाली अंजू देवी पत्नी सुशील कुमार पूरे परिवार के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर गेट पर आमरण अनशन पर बैठ गईं। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप है। डीएम के नाम प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर 2023 को एक बजे दिन में गांव के सौखीलाल अपने परिवार के साथ मेरी आराजी जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे थे। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसका मुकदमा दर्ज हुआ था। 25 जनवरी को शाम 4 बजे खुद की जमीन पर निर्माण कार्य कराने के लिए राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ गए तो उक्त दबंगों ने मौके पर राजस्व टीम और पुलिस कर्मियों से मारपीट की थी। टीम के वापस जाने के बाद दबंग लोगों ने मेरे घर में घुसकर परिवार के लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था। घर पर रखे गृहस्थी का सामान तोड़ने के साथ 25 हजार रुपए नकद की लूट कर भाग गए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया तो पुलिस ने थाना से भगा दिया। इसके बाद दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की इसलिए आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। पीड़ित ने कहा कि जब तक हम लोगों को न्याय नही मिलेगा आमरण अनशन जारी रहेगा। एसडीएम ने जांच तहसीलदार को दी है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक की मौत, दो लोग घायल

## सकरावा रोड पर हुआ हादसा, मकान के आगे टिन शेड डालने का हो रहा था काम

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज


मृतक अतुल।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मकान के बाहर टिन शेड डालने का काम करते समय तीन युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गये। इस दौरान वहां खड़े एक अन्य की करंट लगने से मौत हो गई जबकि दो कारीगर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां से दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

सकरावा रोड निवासी राजीव गुप्ता आढ़ती के मकान के बाहर मंगलवार को टिनशेड पड़ रहा था। शंकरपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र गजेंद्र शाक्य (30) और बनारस के थाना फूलपुर के गांव एसबलपुर पिंडरा बाजार निवासी काशीनाथ पुत्र सूरज प्रसाद (30) शेड डालने के लिए चैनल चढ़ा रहे थे। इस दौरान शंकरपुर निवासी अतुल कुमार पुत्र भरत सिंह शाक्य (28) आलू की खुदाई करने के लिए जा रहा था। अपने गांव के धर्मेंद्र को शेड डालने का काम करता देख वह वहीं खड़ा हो गया। तभी ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में चैनल छू जाने से करंट आ गया जिसकी चपेट में तीनों आ गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां डॉक्टर ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। घायल धर्मेंद्र व काशीनाथ को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही अस्पताल में सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए। इस घटना से मृतक की पत्नी अंजू देवी व माँ सुशीला देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। मृतक के एक दो साल का पुत्र अयांश और एक साल की पुत्री अंशिका है।

- आलू की खोदाई के लिए निकला था युवक

### मजदूरी व खेती बाड़ी करता था युवक

अतुल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह खेतीबाड़ी वा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पिता भी खेती बाड़ी करते हैं। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।


अस्पताल में घायल धर्मेंद्र। अमृत विचार

## खाना न देने पर महिला को किया लहुलूहान

**तिर्वा, कन्नौज।** खाना न देने पर युवक ने महिला को मारपीट कर लहुलूहान कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली के चंदियापुर गांव निवासी राधा देवी पत्नी योगेंद्र सिह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। 6 फरवरी को उसके घर पर परिवार का सयेंद्र पुत्र सुरेद्र आया और खाना मांगने लगा। जब उसने कहा वह बहुत गरीब है उसके यहां खाना नहीं है। पति मजदूरी कर घर चला रहे हैं तो वह गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो मारपीट कर उसे लहुलूहान कर दिया। उसके पति ने आकर बचाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# आपदा में बचाव के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एनडीआरएफ कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल का प्रदर्शन
- मॉक ड्रिल में दमकल व पुलिस टीम रही शामिल


एसपी व अन्य अधिकारियों के सामने पीड़ित को उपचार देती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन ग्राउंड में प्राकृतिक आपदा भूकंप, अग्निकांड से बचाव के लिये मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान एनडीआरएफ के कर्मियों ने स्थानीय पुलिस व दमकल टीम के साथ आपदा के शिकार लोगों को सूझबूझ का परिचय देकर बचाया और इलाज भी किया। इस दौरान आपदा के समय क्या करें, क्या न करें, इस बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आंनद की अगुवाई में मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में पुलिस एवं एनडीआरएफ टीम ने दमकल टीम के साथ भूकंप व आग की घटना होने पर किस तरह बचाव किया जाये इसका प्रदर्शन दिखाया। इस दौरान दिखाया कि भूकंप या आग की घटना में मकान के अंदर या छत पर फंसे लोगों को किस तरह बचा कर बाहर निकाला जाये। छत पर फंसे एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में दो रस्सी के सहारे सावधानी पूर्वक नीचे उतारा। इसके बाद उसे एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

एनडीआरएफ के कर्मियों ने भूकंप के हालात में मॉक ड्रिल कर सभी आपदाओं से बचाव में अपनी जिम्मेदारियों को मानते हुए क्या करें, क्या न करें, यह भी बताया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेत्रहीन को मिले इंद्रा आवास का निर्माण रोका

- दो दिव्यांग भाई व एक बहन को लेकर एसपी से मिली युवती

**कन्नौज।** नेत्रहीन को मिला इंद्रा आवास दबंगों ने खुद की जमीन बता कर निर्माण रुकवा दिया। विरोध करने पर बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। युवती दो दिव्यांग भाई व एक मूकबधिर बहन के साथ एसपी के पास पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने पीड़ित को थाना दिवस में फरियाद लाने को कहा है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जगतापुर निवासी मोनिका उर्फ काजल पुत्री राम प्रसाद मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंची। यहां शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके तीन भाई सर्वेश रैदास, विमलेश रैदास, विकास रैदास पुत्रगण राम प्रसाद नेत्रहीन हैं। पिता की मौत हो चुकी है। इनमें से एक भाई को इंद्रा आवास मिला है। वह इस पर आवास का निर्माण करा रही थी। पांच-पांच फिट के पिलर बन चुके हैं। अब निकट भूमि के मालिक उक्त भूमि को अपनी बता कर निर्माण कार्य रोक रहे हैं। विरोध करने पर उसे व उसके नेत्रहीन भाई को जाति सूचक गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। इससे उसके काफी चोट आई। इसके बाद उसने इंदरगढ़ पुलिस को शिकायती पत्रदिया पर कुछ नहीं हुआ। इसके बाद उसने तिर्वा एसडीएम, जिलाधिकारी के अलावा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की पर इस में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि एसपी ने उसे अशवासन दिया है कि वह शनिवार को स्थानीय थाना दिवस में पहुंच कर शिकायत करें। उसकी समस्या का निदान कराया जायेगा।

# चार लोगों को तीन-तीन साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) ने सुनाई सजा
- भाई-बहन को प्रतिकर के रूप में 16 हजार देने के आदेश

**अमृत विचार।** दलित भाई-बहन को पीटने के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) ने चार लोगों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने चारों पर 12 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है और पीड़ित भाई-बहन को प्रतिकर के रूप में डेढ़ माह के अंदर 16 हजार रुपये देने के आदेश दिए हैं। सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों का न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम नैनपुरवा निवासी चंदन जाटव पुत्र मान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 जनवरी 2015 को वह दिन के 12 बजे अपने घर में खाना खा रहा था तो रंजिश को लेकर गांव के मदन यादव पुत्र नाहर सिंह, विपिन यादव पुत्र सरमोर सिंह, मंगल यादव पुत्र जयकरन सिंह व दिनेश यादव पुत्र जगमोहन सिंह उसके घर आए और जातिसूचक अपशब्द कहे।

उसने विरोध किया तो चारों आरोपियों ने घर में घुसकर उसे लात-घूसों व डंडों से पीटा। बहन विनीता बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसके घर की दीवार तोड़ दी, बिजली की फिटिंग उखाड़ दी। इसके अलावा सोलर प्लेट, गेट का जाल व संदूक भी तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ को सौंप दी। सीओ ने चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) नंदकुमार ने मदन यादव, विपिन, मंगल व दिनेश को दोषसिद्ध करते हुए घर में घुसकर मारपीट करने पर तीन-तीन वर्ष कैद व दो-दो हजार रुपये अर्थदंड, मारपीट करने पर छह-छह माह की कैद, गालियां देने पर एक-एक साल की कैद, आर्थिक नुकसान करने पर छह-छह माह की कैद तथा एससी-एसटी एक्ट में तीन-तीन साल की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषमुक्त किया है।

# वकीलों के चैंबरों से चोरी गया सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** चोरी की घटना को लेकर वकीलों का आक्रोश देखकर पुलिस ने 24 घंटे मे बैटरा, प्रिंटर बरामद कर एक आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया।

रविवार की रात तहसील परिसर में वकीलों के पांच चेंबर के ताले टूटने के साथ लैपटॉप, प्रिंटर समेत नगद धनराशि व कागजात चोरी हो गए थे। इससे वकील आक्रोशित हो गए और सोमवार को जमकर पुलिस विरोधी नारेबाजी करते हुए तिर्वा-कन्नौज सड़क पर जाम लगा दिया था। एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ प्रियंका बाजपेयी ने जल्द खुलासे का आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया था। पीड़ित सरकारी वकील कौशलैद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बहादुरपुर निवासी अनुज को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बैटरा-प्रिंटर बरामद कर लिया। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि माल बरामद कर चोर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### लैपटॉप नहीं हुआ चोरी

**तिर्वा।** वकीलों के चेंबर से लैपटॉप चोरी होने से पुलिस इंकार कर रही है। कोतवाल ने बताया कि बैटरा व प्रिंटर चोरी हुआ था जिसे बरामद किया गया। पीड़ित वकील ने बताया कि उनके चेंबर से लैपटॉप व जरूरी कागजात चोरी हुए हैं। पुलिस गलत कह रही है।

# भाजपा सरकार में किसान परेशान

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


गोष्ठी को संबोधित करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव। अमृत विचार

- चार ग्राम सभाओं में हुआ पीडीए गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की ग्राम सभा ज्ञानपुर, तिसौली, अतरौली, अदमापुर व विरौली में मंगलवार के गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सपा के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से देश की दशा और दिशा दोनों तय होगी।

पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में रहने के बाद भी नौजवान, किसान, व्यापारी, महिलाओं के हित में कोई कार्य नहीं किया। युवा रोजगार के लिए परेशान है तो किसानों को फसल की लागत भी नहीं मिल पा रही है। व्यापारी तमाम टैक्स और अधिकारियों के भ्रष्टाचार से परेशान है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। सपा सरकार ने अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित रोजगार, व्यापार के अवसर दिए थे। जबकि महिला सुरक्षा से लेकर किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने का कार्य किया। कहा कि बिना पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यक के कोई सरकार नहीं बना सकता। इसलिए सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी समाज पार्टी का समर्थन करें। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष उमेश पाल, जिला पंचायत सदस्य रीपू यादव, सर्वेश कुमार, नीरज पाल, पप्पू कठेरिया, नत्थू कठेरिया, बोवी यादव, सुमित यादव उर्फ पारुल, मोहन यादव, अनार, रामविलास, वेदराम, चेतन, सुगर सिंह थे।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

## शिक्षण कार्य की बारीकियां सिखाई

**जलालाबाद, कन्नौज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के तहत दूसरे दिन मंगलवार को दो कक्षों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 50-50 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर सत्यपाल सिंह यादव, रेनू कमल, भोले शंकर, जितेंद्र प्रताप व जसकरन ने निपुण भारत मिशन के तहत 25 सप्ताह के कार्यक्रम को कैसे संचालित करें इसकी जानकारी दी। कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों को प्रथम द्वितीय व तृतीय कालांश में शिक्षण प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सप्ताह के प्रथम से छठे दिवस की शिक्षण प्रक्रिया को समझाया। बच्चों का कहानी, कविता, खेलकूद व घर की भाषा में पढ़ाने की जानकारी दी। सभी कालांशों की रणनीति व पठन अभ्यास पर चर्चा की। इस दौरान आलोक चतुर्वेदी, आंबेडकर गौतम, हिमांशु दुबे, मनोज कुमार रहे।

## ओटी टेक्नीशियन की गाजियाबाद में मौत

**गुरसहायगंज।** गाजियाबाद जिला अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत संविदाकर्मी की रविवार को हृदयगति रुकने से उसकी मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।


सौरभ।

नगर के मोहल्ला अफसरी, सूबेदार नगर निवासी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि उसका छोटा भाई सौरभ श्रीवास्तव गाजियाबाद के जिला अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन था। चार फरवरी को उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे दिल्ली के शाहदरा स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां हृदयगति रुकने से उसकी मौत हो गई। बीते वर्ष वह चित्रकूट से स्थानांतरित होकर गाजियाबाद आया था। चार फरवरी की सुबह फोन पर बात भी हुई थी।

# मानीमऊ तिराहे पर होने लगी सफाई

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज


नालियों की सफाई करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानीमऊ तिराहा पर लगे गंदगी के ढेर अब हटना शुरू हो गए हैं। नालियों की सफाई भी की जा रही है। इस संबंध में सोमवार के अंक में अमृत विचार ने खबर प्रकाशित की थी जिसका असर हुआ है। इससे लोगों को राहत मिलने की आस जगी है।

उमर्दा ब्लाक के ठठिया ग्राम सभा के मानीमऊ तिराहा पर तिर्वा, मानीमऊ व बिल्हौर जाने वाले मार्ग के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ था। थाने के कुछ ही दूरी पर मानीमऊ तिराहा पर सड़क किनारे पड़ी गंदगी सरकार की स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोलते नजर आ रही थी। सोमवार के अंक में खबर प्रकाशन के बाद मंगलवार को बीडीओ के निर्देश पर सचिव ने सफाई कर्मियो को लगाकर तिराहा की बजबजा रही नालियों को साफ कराने का काम शुरू कर दिया। इससे लोगों में जल्द समस्या से राहत मिलने की आस जगी है। बता दें कि सरकार की तरफ से व्यापक पैमाने पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। गांव-गांव सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इसके बाद भी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते स्थान स्थान पर गंदगी के ढेर दिखाई देते हैं तो महीनों तक नालियों की सफाई नहीं होती जिससे लोगों के समस्या का सामना करना पड़ता है। मानीमऊ तिराहा पर सफाई का काम शुरू हो जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।


मानीमऊ तिराहा पर गंदगी का अंबार

पांच फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

## सार-संक्षेप

### हरा चारा उगाकर पशुओं को दें पौष्टिक आहार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को ग्राम तेराजाकेट स्थित ब्लाक तालग्राम कार्यालय पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी की समीक्षा बैठक की गई। इसमें बीडीओ मनोज गुप्ता ने प्रधानों को नेपियर घास उगाकर पशुओं को पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। कहा कि ग्राम प्रधान जनखत ठठिया से नेपियर घास खरीद कर पंचायत की भूमि पर उगाएं। ब्लाक क्षेत्र में ग्राम तेराजाकेट, जयरामपुर, रोहली, तिसौली, गदौरा, टिकरी कलसान सहित 19 स्थानों पर गौशालाओं का संचालन हो रहा है। ग्राम पंचायत रजलामऊ, खाड़ेदेवर, लाडपुर में निर्माणाधीन गौशाला का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए। लापरवाही व मनमानी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक बीडीओ पंचायत रवि प्रताप सिंह, सचिव अजय कुमार, मृदुल दुबे, शिवम पाठक, विजेंद्र यादव, पूजा सिंह, नीलम, ग्राम प्रधान वेद प्रकाश शाक्य, रामराज, मनोज कुमार, सूरजपाल सिंह, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।


वितरकों को जानकारी देते योगेंद्र सिंह भदौरिया। अमृत विचार

### वितरकों को बताए सुरक्षा के मानक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जानकी गैस सर्विस सिकंदरपुर में क्षेत्रीय ग्रामीण गैस वितरकों की बैठक की गई, जिसमें उन्हें सुरक्षा के मानकों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि जीवन के प्रत्येक मोड़ पर सावधानी अपेक्षित है। खाली सिलिंडर लेते समय यह जांच कर लें कि उसकी पिन तो नहीं टूटी है। यदि पिन टूटी हो तो उपभोक्ता से 265 रुपये जमा कराएं। साथ ही सिलिंडर की ओ-रिंग की भी जांच कर लें। यदि किसी का कनेक्शन पाइप पुराना हो गया है, तो उसे बदलवा दें। लोगों को गैस सिलिंडर का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करें। शासन की मंशा के अनुसार पात्रों को योजना का लाभ दिलाएं। इस दौरान अखिलेश मिश्रा टोनी, राजीव प्रसाद दुबे, धीरू मिश्रा, सुनील सिंह ठाकुर सहित कई वितरक मौजूद रहे।


छात्राओं को जानकारी देती पीएलवी सीमा बानो। अमृत विचार

### अपने हक व सम्मान के लिए आवाज उठाएं बेटियां

**गुरसहायगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर मंगलवार को मोहल्ला रामगंज फर्रुखाबाद रोड स्थित अमतुन्ना बानो गर्ल्स इंटर कॉलेज में एसिड अटैक को लेकर विधिक साक्षरता व जागरूक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। गोष्ठी में पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो ने कॉलेज की छात्राओं को आत्मरक्षा व आत्म सम्मान के लिए जागरूक किया। बताया कि छात्राएं उत्पीड़न की अनदेखी न करें और न ही छिपाएं। बल्कि कानून का सहारा लेकर आवाज उठाएं। एसिड अटैक पर बताया कि जब महिलाएं अपराध को छिपाती हैं तभी दूसरी महिलाएं ऐसे गंभीर अपराध का शिकार होती हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य फरहीन एजाज, नसरीन बेगम, रूबी इदरीसी, सुनीता देवी, शबनम बानो, मुस्कान, रूखसार बानो, कैसर यादव, अमित द्विवेदी, जाकिर, संदीप कुमार, सलीम खान, हिना बानो, ग्रीश, सायमा बानो, सोनम, रुचि सहित छात्राएं रहीं।

**तैयारी** — केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट खोलेंगे प्रश्नपत्र

# सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे बोर्ड परीक्षा के पेपर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र केंद्रों पर डबल लॉक में सीसीटीवी की निगरानी में 24 घंटे रहेंगे। इसकी निगरानी जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम से की जाएगी। यदि किसी भी केंद्र के कैमरे बंद मिले तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक से स्पष्टीकरण लिया जाएगा। प्रश्नपत्रों को डबल लॉक में रखवाया जाएगा और परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट प्रश्नपत्रों की सील खोलेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा के संबंध में आयोजित केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दिए। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं उनके सुरक्षित रखरखाव के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्ट्रांग रूम स्थापित किया जाएगा। यह स्ट्रांग रूम प्रधानाचार्य कक्ष से अलग एक सुरक्षित कक्ष में ही बनाया जाएगा, जो 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में होगा। जिला मुख्यालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम से पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्रों के सील्ड बाक्स को बन्द गाड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों के बंडल प्राप्त होते ही परीक्षा केंद्र पर आवंटित परीक्षार्थियों की कक्षावार एव विषयवार संख्या के अनुसार प्रश्नपत्रों की संख्या का मिलान कर लें। अतिरिक्त प्रश्नपत्रों की मांग होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित करें, जिससे प्रश्नपत्रों की व्यवस्था करायी जा सके। हाईस्कूल में प्रयुक्त होने वाली ओएमआर शीट के प्रयोग के संबंध में बताया कि कक्ष निरीक्षक को एवं परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को भी अवगत करा दें जिससे ओएमआर शीट भरने में उनसे कोई त्रुटि न हो पाए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह समेत सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्मार्ट वॉच भी नहीं पहन सकेंगे परीक्षार्थी

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा से पहले सभी परीक्षार्थियों की गेट पर सघन तलाशी लें। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा कक्ष के अंदर न जाने पाए। यहां तक कि परीक्षार्थियों को स्मार्ट वॉच भी अंदर नहीं ले जानी दी जाएगी। समय की सूचना के लिए विद्यालय की घंटी का उपयोग करें। परीक्षा केंद्र के अंदर कक्ष निरीक्षकों व परीक्षार्थियों को मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा।

## पेड़ पर फंदा लगा कर युवक ने दे दी जान

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के गांव नेरा निवासी सोनू कटियार (30) पुत्र रावेंद्र कटियार ने किसी बात से नाराज था। इसी के चलते उसने सोमवार की रात किसी समय घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से गला कस लिया। इससे उसकी मौत हो गई। सुबह होने पर जब लोग घरों से निकले तो पेड़ पर शव लटका देख कर दंग रह गये। जानकारी पर गांव के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। मामले की जानकारी मानीमऊ चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर दरोगा अरविंद कुमार व सिपाही धीरज राणा के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के बहनोई राजेपुर कोतवाली बिल्हौर कानपुर निवासी अनूप कटियार ने सदर कोतवाली में तहरीर देते हुए फौती सूचना दर्ज कराई है।

# जिले में पहली बार वोट डालेंगे 57 सेक्स वर्कर

## पहचान खुलने के डर से आजादी के बाद से अब तक मताधिकार से थे वंचित, पहचान गुप्त रखी जाएगी

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** देह व्यापार या वेश्यावृत्ति, जिसे आज भी समाज में हेय दृष्टि से देखा जाता है लेकिन कई लोग मजबूरी में इस व्यवसाय में आ आते हैं, इससे उनका परिवार और पहचान भी छिन जाती है। चुनाव आयोग ने इन्हें देश के सबसे बड़े अधिकार अर्थात मताधिकार के माध्यम से एक नई पहचान देने का प्रयास किया है। हालांकि उनकी भौतिक पहचान गुप्त होगी, लेकिन चुनावों में वह वोट से चोट कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में पहली बार मतदाता सूची में 57 सेक्स वर्कर्स को शामिल किया गया है, जो इस साल पहली बार लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

भारतीय संविधान में थर्ड जेंडर को भी कानूनी रूप से अधिकार दिए गए हैं परंतु एक सर्वेक्षण में पाया गया कि देह व्यापार करने वाली महिलाएं और युवतियां तथा पुरुष कई अधिकारों से वंचित हैं। इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सेक्स वर्कर्स को भी शामिल करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए थे। इसके लिए प्रारूप-6 के अंतर्गत इनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए थे। जिले में पंजीकृत सेक्स वर्कर नहीं हैं। इसलिए जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने इनके लिए काम करने वाले एक एनजीओ की मदद ली। इसमें पता चला कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सेक्स वर्कर हैं, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं। प्रयास के बाद अंतिम मतदाता सूची में 57 ऐसे लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, जिनमें छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में 19, तिर्वा में 24 तथा कन्नौज में 14 हैं। आयोग के निर्देश पर इन लोगों के नाम और पहचान गुप्त रखी जाएगी।



एक एनजीओ की मदद से जिले में 57 सेक्स वर्करों के नाम पहली बार मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इनकी पहचान पूर्णतया गुप्त रखी जाएगी और सामान्य मतदाताओं की तरह उन्हें भी मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाएगा।



–बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद जब पहली ड्राफ्टिंग की गई तो जिले में एक भी सेक्स वर्कर का नाम सूची में शामिल नहीं था। इसके बाद एक एनजीओ के माध्यम से सर्वे कराया गया, जिसमें जिले में 57 लोग मिले हैं। आयोग के निर्देश पर इनके नाम सूची में जोड़े गए हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे।



–आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### वेश्याओं के परिवार हो गए विस्थापित

- जनपद में महानगरों की तरह पंजीकृत रेडलाइट एरिया नहीं हैं। एनजीओ कर्मियों ने जब जनपद के विभिन्न भागों में सर्वे किया तो पता चला कि पहले कई गांव ऐसे थे, जहां नाच-गाना करने वाली महिलाएं रहती थीं, जो देह व्यापार में भी संलिप्त थीं। आज भी उनके परिवार की कई महिलाएं जिले के शहरों व कस्बों में गुमनाम जिंदगी जी रही हैं। नाच-गाना अब बंद हो चुका है, लेकिन जीविका चलाने के लिए वह वेश्यावृत्ति अब भी कर रहीं हैं। खास बात यह है कि एनजीओ में काम करने वालीं अधिकतर महिलाएं और युवतियां थीं, जिन्होंने उन्हें प्रोत्साहित किया और प्रारूप-6 भरकर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा।

# चुनाव की तैयारी, पुलिस ने शस्त्रों की कराई सफाई और मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- इनसॉस समेत अन्य तरह के शस्त्र किए गए साफ
- चुनाव में बाधा डालने वाले हो रहे चिह्नित

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव की तैयारियां पुलिस ने शुरू कर दी हैं। चुनाव के दौरान शस्त्र धोखा न दे जाये, इसको लेकर इनकी सफाई व मरम्मत का काम किया जाने लगा है।

पुलिस चुनाव में बाधा डालने वालों की सूची तैयार कर रही है वहीं गुण्डा, मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई को लेकर सूची भी तैयार की जा रही है। पुलिस अधिक से अधिक विवादित लोगों को इस सूची में शामिल करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने शस्त्रों की सफाई का भी अभियान चलाया है। मंगलवार को पुलिस लाइन से आरमोरर ने पहुंच कर कोतवाली में रखे पुराने शस्त्रों को बाहर निकलवाया। इसके बाद गर्म पानी से पहले सभी शस्त्रों को धोया और चेक किया। खामी मिलने पर उसे तत्काल ठीक कर उसमें तेल लगा कर सुरक्षित रखा गया। सुवह से शुरू हुआ यह कार्य शाम के समय तक चलता रहा।

इस कार्य में मालाखाना के हेड मोहरर्रर के अलावा होमगार्ड भी लगे रहे। कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी का कहना है कि चुनाव की तैयारियां तेज करदी गई हैं। चुनाव में बाधा डालने वालों को चिंहित किया जा रहा है।

उनकी सूची बनाने का काम भी किया जाये रहा है। समय आने पर इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



सदर कोतवाली में शस्त्रों की सफाई करते आरमोर्रर व अन्य। अमृत विचार

**एक नजर**

### शरद बने जिला सलाहकार समिति के सदस्य



शरद मिश्र।

कन्नौज। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के तहत सरायमीरा निवासी शरद मिश्र एडवोकेट को युवा मामलों के लिए जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है। वह जिले में प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया अभियान, राष्ट्रीय एकता दिवस तथा युवाओं के विभिन्न कार्यक्रमों में मार्गदर्शन करेंगे।

### देवर ने भाभी से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मुकेश गुप्ता का कहना है कि 04 फरवरी की शाम लगभग 05.30 बजे मैनपुरी स्थित कृष्णा मैरिज हाल के सामने सियापुरम कॉलोनी स्टेशन रोड निवासी राजीव गुप्ता, आशीष गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, ऋचा गुप्ता आए और उसके घर में घुसकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव करने आई उसकी भाभी निधि गुप्ता को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भारत पशुधन एप पर फीड करें टीकाकरण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय पशु चिकित्सालय में हुई विकास खंड क्षेत्र की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिये। कहा, सभी कर्मचारी भारत पशु धन एप पोर्टल पर टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को शीघ्र अपलोड करें। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेमकुमार कहा कि पशु टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान को गति देने के कार्यमें तेजी लाई जाये। इससे पहले हुई बैठक में लगभग 15,000 की फीडिंग थी, अब 30 से 35,000 की फीडिंग हो चुकी है। शेष फीडिंग के लिए भी युद्ध स्तर पर कार्य करें, क्योंकि अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा सभी कर्मचारी मोबाइल वेटरनरी यूनिट का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुपालक प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन घटक की प्रगति के लिये निर्देशित किया। उन्होंने कहा केवल बछिया पैदा करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दें।

# इंद्रियों को वश में करने वाला सुदामा: आचार्य

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सुदामा किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक वृत्ति का नाम है अर्थात् जो इंद्रियों को वश में रखता है वही सुदामा है। भगवान को प्राप्त करने के लिए सुदामा ही बनना पड़ता है। भक्ति का भी एक नाम सुदामा है। मंगलवार को शहर के मोहल्ला कुतलूपुर व नसरापुर के मध्य चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य हरदीप नारायण द्विवेदी ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर अध्यात्मिक चेतना जाग्रत की।

आचार्य ने प्रभु की नवधा भक्तियों का वर्णन करते हुए कहा कि पहली भक्ति है-श्रवण अर्थात् भगवान की लीला और कथा को निरंतर सुनकर जीवन को मोक्ष मार्ग पर ले जाना। दूसरा है कीर्तन, जिसमें भगवान के गुणों और चरित्र का बखान करना तथा तीसरी भक्ति है स्मरण, जिसका अर्थ है निरंतर अनन्य भाव से परमेश्वर को याद करना। इसी प्रकार पाद सेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य व आत्म निवेदन भी वह भक्तियां हैं, जिनके माध्यम से जीव को सद्गति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि प्रेम सबसे पवित्र है, गोपियों के प्रेम के आगे महाज्ञान उद्धव जी का ज्ञान भी बौना हो गया। सुदामा चरित्र के साथ कथा का विराम किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त हरीबाबू सैनी तथा उनकी धर्मपत्नी राधा देवी ने परीक्षित के रूप में कथा का श्रवण किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया है।



कथा प्रवचन करते आचार्य हरदीप नारायण द्विवेदी।

# नाले को काली नदी से मिलाएं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अमृत विचार। मोहल्ला सराफान एवं दीक्षितान के वाशिंदों ने तिलखोर नाला को काली नदी से मिलाने की मांग की है। इसके मिल जाने सेलोगों को जल भराव की समस्या से छुटकारा मिल सके।

कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे, अजय दुबे, आसाराम यादव, दिनेश पांडेय, भैया लाल, राजेश कुमार, दिनकर दीक्षित, दिवाकर दीक्षित, रिंकू शुक्ला व प्रदीप दीक्षित आदि ने बताया बीते दिनों पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने तिलखोर नाले की सफाई कराई थी। मुख्य मार्ग की पुलिया सकरी होने के कारण पानी का बहाव उल्टी तरफ हो गया है। इस लिये पुलिया को चौड़ा किया जाए और इस नाले का पानी काली नदी तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। जिससे बरसात के समय यहां के निवासियों को जल भराव की समस्या से छुटकारा मिल सके। मोहल्ला सराफान, दीक्षितान और बनवारी नगर का पानी गूदड़गड़ा तालाब में जाता है। वहां से भी पानी के निकास की व्यवस्था की जाए।

# धर्मनीति, कूटनीति और राजनीति का तरकश तैयार

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले कन्नौज की जनसभा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार का बिगुल फूंक दिया है। मंच से उन्होंने राम की धर्मनीति, कृष्ण की राजनीति और मोदी की कूटनीति के बाणों से भरा तरकश तैयार किया है जो कुशल 'अर्जुन' के हाथ लगते ही 'विजयश्री' गूंज उठेगी। शायद इसी बल पर यह अवधारणा बनी है कि अगले चुनाव में विपक्ष दर्शक दीर्घा में दिखेगा। योगी ने जहां एक तरफ सपा सरकार होने पर मंदिर न बन पाने की बात कहकर समर्थन लिया तो वहीं मेडिकल कॉलेज का एक बार फिर नामांतरण करने पर सहमति देकर जातीय गणित भी बनाने की कोशिश की।

जल्द ही लोकसभा चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। इसको देखते हुए प्रशासन तैयारी में जोरशोर से जुट चुका है। वहीं राजनीतिक दलों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। इसमें सबसे आगे चल रही है सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी। इसी क्रम में तीन फरवरी को कन्नौज में कनौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। कार्यक्रम सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व. ओमप्रकाश पाठक की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया था लेकिन असल में यह चुनावी सभा ही थी। इस दौरान लाभार्थियों को लाभ दिया गया, मुख्यमंत्री स्वर्गीय विधायक बनवारी लाल दोहरे के परिजनों से भी मिलने गए। खास यह कि साल भर पहले दोहरे का निधन हुआ था लेकिन मुख्यमंत्री अब शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। इसी तरह से वर्ष 2019 में हुए एक हादसे में सांसद के पिता दिवंगत हो गए थे और तबसे पांच साल की अवधि बीतने के बाद सीएम पहुंचे। इसके अलावा मंच से लगभग सभी वक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कराए गए कार्य गिनाकर अगले चुनाव में भाजपा को मजबूती देने का आह्वान लोगों से किया। योगी ने तो सीधे-सीधे कन्नौज की जनता की भावनाओं को उद्वेलित करने का प्रयास किया कि 'कन्नौज के लिए सुब्रत को जेल जाना पड़ा।' धर्म नीति के तहत बार-बार कहा कि सपा सरकार होती तो राम मंदिर न बन पाता।

कूटनीति के बात करें तो मेडिकल कॉलेज का नाम पुनः भीमराव आंबेडकर के नाम पर करने का भरोसा दिलाया। साथ ही स्वर्गीय विधायक बनवारी लाल के घर जाकर भी वर्ग विशेष के वोट बैंक पर निशाना लगाया। मंच से दोहराया कि 'वंचितों और शोषितों को उनका अधिकार मिला'।

- राम मंदिर से जनभावनाएं तो मेडिकल कॉलेज के नामांतरण से जाति का गणित

### जीत के लिए भाजपा लगी जोड़तोड़ में



- राजनीतिक जानकारों की मानें तो आने वाले लोकसभा चुनाव में खुद को तेहराने के लिए भारतीय जनता पार्टी सारे जोड़तोड़ में लगी है। इसका एक मजबूत हिस्सा अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण और फिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। कुल मिलाकर देश भर में भारतीय जनता पार्टी ने धर्मनीति, कूटनीति व राजनीति के तीर छोड़ दिए हैं ताकि 2024 का लक्ष्य साधकर हैट्रिक मार सके।

### चुनाव से ठीक पहले योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

- राजनीति यह कि चुनाव की घोषणा से ठीक पहले करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया गया। इत्र पार्क का हवाला देकर कारोबारियों को मनाने की कोशिश की। यद्यपि कन्नौज की जनता अपने क्षेत्र में पिछले पांच साल में हुआ विकास देखने को आतुर है। उसे यह तो पता है कि योगी-मोदी ने क्या किया लेकिन स्थानीय प्रतिनिधि के कराए कार्य आंखों से नहीं दिख रहे।



राजीव दुबे को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व ईओ सुनील कुमार सिंह।

# सेवानिवृत्त पालिकाकर्मी राजीव को सम्मानित कर दी विदाई

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगरपालिका के सभागार में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारी राजीव दुबे को माल्यार्पण के साथ उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि रिटायर होने के बाद जिम्मेदारियां और ज्यादा बढ़ जाती हैं। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे एवं ईओ सुनील कुमार सिंह ने अर्जित अवकाश एवं पीएफ फंड की चेक राजीव दुबे को प्रदान की। इस दौरान सभासद रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, किशन लाल बाल्मीकि, हिमांक त्रिपाठी, किशन लाल वाल्मीकि, प्रदीप सिंह, अरविंद गुप्ता, शिवम दुबे, अनुज त्रिपाठी, पालिका कर्मी संजय सिंह, नीरज कुमार मिश्रा, अमरदीप, प्रदीप कुमार, शिवकांत मिश्रा, विनोद कुमार पांडेय, कैलाश चंद्र, सलाउद्दीन, महेश चंद्र, सुभाष चंद्र, प्रभु दयाल, ज्ञानेंद्र आदि रहे।

# जेई ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम नादनपुर की पुलिया से नगला लक्ष्मण शंकरपुर लोकपुर को जाने वाली सड़क काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त चल रही है। कन्नौज में एक कार्यक्रम में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क का भी शिलान्यास किया था। इसके चलते ठेकेदार, जेई तथा पीडब्लूडी के कर्मचारियों ने सड़क का निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही है।

बोर्डिंग मैदान पर हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क का शिलान्यास किया था। इसको लेकर मंगलवार को इस सड़क के ठेकेदार व जेई रमाकांत शर्मा व पीडब्लूडी के कर्मचारी ने पैदल सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों को बताया जल्द ही इस गड्ढे वाली सड़क से आपको निजात मिलने बाली है।बारिश का पानी सूख जाने के तुरंत बाद सड़क का निर्माण शुरू कराया जाएगा। इस मौके पर सपा नेता दलगजन सिंह यादव ने अधिकारियों से वार्ता कर कहा यह सड़क जनता के लिए सबसे बड़ी सड़क साबित होगी। क्योंकि आठ साल से छात्र किसान इस सड़क से दिक्कत का सामना कर रहे थे। कई बार युवा नेता अक्षय यादव उर्फ बॉबी यादव ने उनके साथ इस सड़क को लेकर सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी आदि को प्रार्थना पत्र भी भेजने का काम किया। इस सड़क के निर्माण कार्य होने से लोकपुर, धीरपुर नगरिया, रामपुर हृदय, नंदग्रामपुर व थानपुर आदि गांवों को लोगों तथा प्राथमिक विद्यालय व दो इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी राहत मिलेगी।



सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार के साथ निरीक्षण करते जेई। अमृत विचार

- ग्राम नादनपुर की पुलिया से नगला लक्ष्मण तक होना है सड़क निर्माण

**सार-संक्षेप**

### सपा ने हमेशा किया सपेरा समाज का सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोगी डेरा में सपेरा समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी के विशुनगढ़ सेक्टर प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह यादव का स्वागत किया। धर्मेंद्र ने कहा कि समाजवादी पार्टी में सपेरा समाज का हमेशा सम्मान रहा है। भाजपा सरकार में व्यापारी और किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। व्यापारी व किसान वर्ग स्वयं को ठगा महसूस कर रहा है। अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा अंतरिम बजट में किसानों के लिए खाद बीज और दवाइयों पर कोई छूट का जिक्र नहीं किया गया। छुट्टा पशुओं से होने वाले नुकसान की भरपाई कैसे हो यह भी नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार ने कुछ सपेरा समाज कुछभी नहीं दिया है। दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री कन्नौज आए थे और कई बड़ी बातें कर गए थे। बजट में उन्होंने केवल सपने दिखाए गए हैं जबकि फायदा कुछ भी नहीं दिया गया। इस दौरान बूथ प्रभारी सपेरा विपिन नाथ, डॉ. जैनेंद्र यादव, अंकुर यादव, अंकित यादव, अमित यादव व चंदन दिवाकर आदि मौजूद रहे।



डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत करते सपेरा समाज के लोग। अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया निवासी मन्नीलाल (72) पुत्र हुब्ब लाल साइकिल से टड़ा रायपुर से दूध लेकर आ रहा था। नादेमऊ रोड स्थित ब्रह्मदेव के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मन्नीलाल और बाइक सवार बॉबी (20) पुत्र रावेंद्र निवासी पिम्मी नगला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मन्नीलाल को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार बॉबी की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि बाइक सवार की लापरवाही से हादसा हुआ है। वहीं बाइक पर दूसरा व्यक्ति भी था जो मौके से फरार हो गया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए था।

**मौसम** पश्चिमी विक्षोभ के कारण जिले में 26 .4 मिलीमीटर बारिश की गई रिकार्ड

# जलवायु परिवर्तन : फरवरी में 2013 के बाद सर्वाधिक वर्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जलवायु परिवर्तन का असर अब साफ दिखने लगा है। वर्षा ऋतु में औसत से कम तो सर्दियों में औसत से अधिक बारिश होने से फसलों पर भी इसका प्रभाव पड़ने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले वर्षों में सर्दियों में बारिश अधिक होगी। इस बार भी इसका असर देखने को मिला। फरवरी में साल 2013 के बाद सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई।

हिमालय पर हो रही भीषण बर्फबारी तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती परिसंचरण के चलते उत्तर-मध्य क्षेत्र के मैदानी भाग पर एक निम्न दाब का क्षोभ मंडल बना, जिससे बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक पांच फरवरी को जिले में 26.4 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि 2013 में 44.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई थी। इसके अनुसार 11 साल के बाद जिले में सबसे अधिक बारिश हुई है। इसका फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। गेहूं की फसल में अधिक नुकसान नहीं है, लेकिन सरसों, आलू व चना सहित कई फसलें बारिश से प्रभावित हुईं हैं। आलू की बेल पहले ही झुलसा के कारण सड़ चुकी है और अब खेत में पानी भरने के कारण वह भी सड़ने के कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में किसानों को इस बार भी आलू से अपेक्षित मुनाफा नहीं होगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण सर्दियों में बारिश का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इससे फसल चक्र भी प्रभावित हो रहा है। किसानों को चाहिए कि वह फसल चक्र के अनुसार खेती करें और मेघदूत एप से जानकारी लें। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार ही कार्य करना चाहिए।



बारिश से खराब हो गईं कच्ची ईंटें। अमृत विचार

# बंद घर में दो घंटे रहकर की चोरी

**तिर्वा, कन्नौज।** बंद घर की बाउंड्रीवाल फांदकर करीब दो घंटे घर पर रुककर युवक ने चोरी की। यह करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली के तिघरा गांव निवासी प्रकाश चंद्र पुत्र भूपनरायण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि एक फरवरी को वह घर बंद कर बाहर गया था। इस दौरान रामऔतार पुत्र रघुनाथ बाउंड्रीवाल फांद कर घर में घुस आया और करीब दो घंटे रहकर चोरी करके बाहर निकल गया। दो घंटे तक घर के अंदर रहकर सामान चोरी कर जाते हुए उसकी रिकार्डिंग सीसीटीवी में हो गई। पीड़ित ने तहरीर दी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उमरन विकास खण्ड उमर्दा (तिर्वा), कन्नौज।**

पत्रांक: मेमो/15वाँ वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/2023–24 दिनांक: 06/02/2024

**सामग्री आपूर्ति हेतु**

ग्राम पंचायत उमरन विकास खण्ड उमर्दा, कन्नौज में 15वाँ वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अस्थाई गौशाला निर्माण कार्यो हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति हेतु दिनांक 03.02.2024 से 09.02.2024 तक ग्राम पंचायत उमरन विकास खण्ड उमर्दा कन्नौज में प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिवस अपरान्ह 04 बजे तक निविदायें खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता 100.00 रूपये नगद भुगतान कर ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त कर सकते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | सामग्री की लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत उमरन के गौशाला में भूसा घर निर्माण कार्य। | 498000 |
| 2 | ग्राम पंचायत उमरन के गौशाला में टीनशेड निर्माण कार्य। | 499000 |
| 3 | ग्राम पंचायत उमरन के गौशाला में बाउण्ड्रीवॉल व जाली गेट निर्माण कार्य। | 1250000 |
| | कुल योग :– | 2247000 |

प्रधान
बेचेलाल
ग्राम पंचायत उमरन
वि0ख0 उमर्दा, कन्नौज।

सचिव
सचिन वर्मा
ग्राम पंचायत उमरन
वि0ख0 उमर्दा, कन्नौज।

# शिक्षा, सत्संग जीवन के मूल आधारः चंद्रदेव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


प्रवचन देते चंद्रदेव।

**अमृत विचार।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में मंगलवार को प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरांत यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बताया कि मनुष्य जीवन की उन्नति के दो ही प्रकार हैंः शिक्षा और सत्संग। नैमित्तिक ज्ञान के बिना मनुष्य की उन्नति नहीं हो सकती, इसलिए ईश्वर ने सृष्टि के आदि में मनुष्य के कल्याण के लिए वेदों का ज्ञान दिया। शिक्षा और सत्संग ही हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र की दशा और दिशा निश्चित करते हैं। जैसी शिक्षा व्यवस्था हमारे समाज में होगी वैसा ही समाज का निर्माण होगा। शिक्षा और सत्संग ये दो राष्ट के मूलभूत आधार स्तम्भ हैं। आचार्य जी ने बताया कि जिसके संग से सत्य की अच्छे प्रकार से प्राप्ति हो, उसे सत्संग कहते हैं। सत्यवादी व्यक्ति का शत्रु भी विश्वास करते हैं और मिथ्यावादी व्यक्ति का अपने भी विश्वास नहीं करते। प्रत्येक मनुष्य को सत्य का ही व्यवहार करना चाहिए। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने भजन के माध्यम से बताया कि सत्संग रूपी साबुन से व्यक्ति का मन पवित्र बनता है, मन की पवित्रता से विचार पवित्र बनते हैं और विचार के पवित्र होने से आचरण पवित्र होता है। सत्याचरण व्यक्ति ही परमानन्द प्राप्ति का कारण बनता है।

# मेला राम नगरिया: आस्था, भक्ति और विश्वास का अनूठा संगम


मेला श्री रामनगरिया में शोभा यात्रा निकाल रहे श्री पंच रामानंदी निर्मोही अखाड़े के संत।


कल्पवासियों के साथ शोभायात्रा निकालते भोलेपुर हनुमान मंदिर के महंत मोहन दास। अमृत विचार

## एक नजर

### डीएन डिग्री कालेज में प्रतियोगिता 8 व 9 को

**फर्रुखाबाद।** दुर्गा नारायण पीजी (डीएन) कॉलेज में आठ व नौ फरवरी को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डा. मनोज कुमार गर्ग ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर व्यायाम शिक्षक उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। बीएसए गौतम प्रसाद ने जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव, अरुण कुमार, खेल अनुदेशक अभिषेक शाक्य व सपना देवी की ड्यूटी लगाए जाने के लिए खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है।

### ओवरब्रिज भोलेपुर से हटाई गई एचटी लाइन

**फर्रुखाबाद।** ओवरब्रिज भोलेपुर से बिजली विभाग ने हाईटेंशन लाइन हटवा दी है। इस पर अखिल भारतीय युवा जन संगठन के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी की सराहना की। करीब चार दिन पहले अखिल भारतीय युवा जन संगठन के अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की थी कि ओवरब्रिज भोलेपुर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन को हटा दिया जाए। मंगलवार को बिजली विभाग के निर्देश पर ओवरब्रिज के ऊपर से हाईटेंशन लाइन हटवा दी गई। अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने कहा कि जिलाधिकारी ने हाईटेंशन लाइन हटवाकर सराहनीय कार्य किया है।

### आज से 13 तक चलेगा प्रशिक्षण शिविर

**फर्रुखाबाद।** शहर के लोहाई रोड स्थित भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में सात से 13 फरवरी तक बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोग अपने-अपने ब्लॉकों के शिक्षकों को प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग कराएं।

### युवती ने पिया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव दूदेमई निवासी अनामिका ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए, जहां उसका इलाज किया गया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी अकरम, चिलौली निवासी अभिषेक गंगवार घायल हो गए। परिजन सीएचसी लाए, जहां दोनो का इलाज किया गया।

### छत से गिरकर महिला गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना निवासी अनम छत से गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन सीएचसी लाए जहां उसका इलाज किया गया।

# मरीज की शिकायत पर फार्मासिस्ट निलंबित

## जिलाधिकारी ने लोहिया अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, स्टाफ नर्स के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


ऑक्सीजन चेक करवाते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

- सीएमओ और सीएमएस को दी चेतावनी
- कहा, लापरवाही पर होंगे सीधे तौर पर जिम्मेदार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी वीके सिंह ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों ने समय से खाना न मिलने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने भोजन व्यवस्था देख रहे फार्मासिस्ट मुकेश दीक्षित को निलंबित करने के लिए सीएमएस को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने स्टाफ नर्स और कई डॉक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने सीएमओ और सीएमएस को भी चेतावनी दी कि यदि अस्पताल अंदर किसी तरह की लापरवाही पाई गई तो उन्हें सीधा जिम्मेदार समझा जाएगा।

पहले ही दिन निरीक्षण को पहुंचे जिलाधिकारी के तेवर देख डॉक्टर, फार्मासिस्ट तथा अन्य अस्पतालकर्मियों में हड़कंप मच गया। सबसे पहले डीएम ने ओपीडी का निरीक्षण किया। इसके बाद वह आपातकाल कक्ष में पहुंचे, जहां मौजूद फार्मासिस्ट सचिन द्विवेदी व डॉ. बंसल से उन्होंने अपना ऑक्सीजन लेवल चेक करने को कहा। डीएम की अंगुली में मशीन लगाने के बाद मशीन स्टार्ट ही नहीं हो सकी, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। फार्मासिस्ट व डॉ. बंसल को चेतावनी देते हुए इस कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सभी वार्डो का घूम-घूम कर निरीक्षण किया। जनरल वार्ड में भर्ती प्रीति पत्नी संतोष निवासी लाल दरबाजा ने डीएम से समय से खाना न मिलने की शिकायत की। इस डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने स्टाफ नर्स यज्ञेश के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और भोजन की व्यवस्था देख रहे फार्मासिस्ट मुकेश दीक्षित को निलंबित करने के निर्देश सीएमएस को दिए। डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर हाल में सभी मरीजो को 9 बजे तक नाश्ता और 11 बजे तक भोजन दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को हाथ में रोटी नहीं दी जाएगी। फॉयल पेपर में लपेट पर रोटी दी जाएगी। इसमें किसी तरह की कोताही पाई गई तो सीधे सीएमएस को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। डीएम ने कहा कि आज पहला दिन है इस वजह से वह चेतावनी देकर छोड़ रहे हैं। अगली बार यदि कमी मिली तो सीधी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा, सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार,सीएमएस डॉ. राजकुमार गुप्ता मौजूद रहे। जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि लोहिया अस्पताल की स्थिति सही नही पाई गई है। पंखे गंदे मिले तथा अन्य खामियां पाई गई हैं जिन्हें सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

### बाहर की दवा लिखी तो खैर नही

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी वीके सिंह ने मरीजों से घूम घूम कर पूछा कि डॉक्टर बाहर से खरीदने के लिए दवा तो नहीं लिख रहे हैं। उन्होंने मरीजों से कहा कि कोई भी डॉक्टर यदि मेडिकल स्टोर से खरीदने को दवा लिखे तो इसकी सूचना उनके सीयूजी नंबर पर दी जाए, तत्काल डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कायमगंज सीएचसी पर मरीजों को खल रही डॉक्टरों की कमी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद


डॉक्टर का खाली कक्ष। अमृत विचार

- लोहिया अस्पताल के बाद दूसरे नंबर पर है यहां की ओपीडी
- न सर्जन, न आर्थोपेडिक और न हैं बाल रोग व डेंटल विशेषज्ञ

**अमृत विचार।** कायमगंज सीएचसी पर डॉक्टरों की कमी मरीजों को खल रही है। सीएचसी संविदा पर तैनात डॉक्टरों के हवाले है। आलम यह है कि गार्ड काउंटर पर मरीजों के पर्चे बना रहा है। इस सीएचसी पर न तो सर्जन है, न आर्थो व बाल रोग विशेषज्ञ और न ही डेंटल चिकित्सक है। उल्लेखनीय है कि इस सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में कायमगंज, नवाबगंज, शमसाबाद, कंपिल क्षेत्र के अलावा पड़ोसी जनपद एटा, कासगंज, शाहजहांपुर, बदायूं क्षेत्र से मरीज आते हैं।

लोहिया अस्पताल के बाद इसी सीएचसी पर मौजूदा समय में चार सौ तक ओपीडी पहुंच रही है। सीएचसी में इस समय अधीक्षक डा. शोभित कुमार, महिला चिकित्सक डा. मधु अग्रवाल के अलावा संविदा पर डा. नदीम इकबाल, डा. अमित कुमार, डा. अमरेश कुमार की तैनाती है। मंगलवार को सीएचसी में इमरजेंसी कक्ष में 11 बजकर 53 मिनट पर संविदा पर तैनात डा. अमरेश कुमार मरीज देख रहे थे। कक्ष संख्या 10 में डॉक्टर नहीं थे और कुर्सी खाली पड़ी थी। कक्ष नंबर 7 पर महिला चिकित्सक भी ड्यूटी पर नहीं थीं।

कक्ष संख्या 8 में डा. नदीम इकबाल ही मरीज देख रहे थे। मरीजों की लंबी लाइन लगी थी जबकि अधीक्षक डा. शोभित कुमार ऊपरी मंजिल पर स्थित कक्ष में अपने जरूरी कार्य निपटा रहे थे। कहा जा सकता है अच्छी खासी ओपीडी वाली सीएचसी में न तो बाल रोग विशेषज्ञ है, न ही हड्डी रोग और न ही दंत चिकित्सक व सर्जन हैं। सीएचसी में मरीजों को खासी की दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है। फार्मासिस्ट रोहित कुमार का कहना है इसके लिए उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। जल्द ही दवाई आ जाएगी। अन्य दवाएं पर्याप्त मात्रा में है।

सीएचसी में पड़ताल के दौरान देखा गया पर्चा काउंटर पर गार्ड पर्चा बना रहा है। उसका कहना था डयूटी पर तैनात कर्मी खाना खाने गया है।

### अधीक्षक बोले, डॉक्टरों की है बेहद कमी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने बताया कि सीएचसी में स्टॉफ की बेहद कमी है। यहां पर्याप्त संख्या में डाक्टर नहीं हैं। इसके लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। आश्वासन मिला है। दवाएं भी पर्याप्त मात्रा है। उन्होंने बताया कि महिला चिकित्सक कोर्ट एंबीडेंस के लिए गई है। उन्होंने गार्ड के पर्ची बनाने के संबंध में बताया कि एक वार्ड व्याय को पर्ची काउंटर पर लगाया है। खाना या बाथरूम के लिए जाने पर वह किसी पढ़े लिखे व्यक्ति को बैठा देता है ताकि मरीजों को पर्ची बनवाने में कोई दिक्कत न हो।

# तहसील में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर वकील आंदोलित

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- बैठक के बाद एसडीएम को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**अमृत विचार।** तहसील में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार पर रेवेन्यू बार आंदोलित हो गया है। वकीलों ने 17 सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को सौपा।

रेवेन्यू बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों की एक बैठक तहसील परिसर में हुई। इसके बाद वकील एसडीएम कक्ष पहुंचे। वहां वकीलों ने कहा तहसील में भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी बढ़ रही है। इसको समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वकीलों ने कहा रियल टाइम खतौनी में क्षेत्रीय लेखपालों ने अंशों का सही निर्धारण नहीं किया गया है। खतौनी में मृत व्यक्तियों के नाम दर्ज चले आ रहे है। इनका कोई वारिस न होने पर उनकी वरासत उत्तर जीविता अंतर्गत करना चाहिए। खतौनी में दर्ज आदेशों का निफाज नहीं हो रहा है। असंक्रमणीय भूमि को भूमिधर नहीं किया जा रहा है। वकीलों ने कहा कि एकल खिड़की के कार्यो का अनुपालन सही समय पर नहीं हो रहा है। बंटवारे की फाइलों में लेखपालों के द्वारा कुरे दाखिल नहीं किए जा रहे है। राजस्व निरीक्षकों के द्वारा धारा 24 मेड़मंदी की करीब एक हजार फाइलों को बिना पैमाईश खारिज कर दिया गया है। धारा 80 के पत्रावलियों को बिना कार्यवाही के खारिज कर दिया है। एक ही पटल पर पांच वर्ष से अधिक कर्मचारी मौजूद रहे, जिनका अभी तक स्थानातांरण नहीं हुआ है। वकीलों ने कहा कि तहसील में कार्यरत पीठासीन अधिकारी व पेशकारों के द्वारा वकीलों का सम्मान नहीं किया जाता है। पत्रावलियों में बहस के बाद 14 दिन का आदेश न होना समस्या है। उन्होंने कहा धारा 38 (2) की फाइलों में समय से रिपोर्ट नहीं लगाई जाती है। वही मुकद्मों की केस डायरी नहीं बनाई जाती है। रेवेन्यू कोर्ट मैनुअल से कोर्ट से कार्रवाई नहीं की जाती है। इस दौरान वकीलों ने 17 सूत्रीय ज्ञापन डीएम को संबोधित एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा को सौपा। ज्ञापन के दौरान अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, महासचिव अवनीश कुमार गंगवार, कैलाश चंद्र आर्य, माधव शुक्ला, सुदेश कुमार यादव, अनोखेलाल शाक्य, विमल रहे।

# चेकिंग के दौरान छह स्कूली वाहन सीज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



स्कूली वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने नगर क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। इसमें छह वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया।

इन वाहनों पर 1.5 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। पकड़े गए स्कूली वाहनों में दो मारुति वैन भी सम्मिलित हैं जो व्यावसायिक पंजीकरण कराए बिना स्कूली छात्र ले जा रहे थे। उनकी फिटनेस भी समाप्त थी। स्कूली वाहनों की चेकिंग में विशेष रूप से एलपीजी अथवा सीएनजी किट द्वारा संचालित वाहनों की चेकिंग की गई ताकि बच्चों की सुरक्षा को कोई खतरा न हो। चैकिंग में कोई भी स्कूली वाहन सीएनजी अथवा एलपीजी किट से संचालित नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त एआरटीओ ने अन्य आठ वाहनों का चालान करते हुए 1.75 लाख का अर्थदंड भी लगाया ।

# ईवीएम को लेकर वोटरों को किया गया जागरूक

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत ईवीएम मशीन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इसमें लोगो को ईवीएम के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान लोगो को पूरा प्रैक्टिकल करने का मौका भी दिया गया। उन्हें डाले गए वोट की वीवी पैड के माध्यम से पर्ची निकाल कर दिखाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने कहा कि सभी अपने अपने क्षेत्र में ईवीएम से वोटिंग के लिए लोगों को जागरूक करे और बताएं तहसील परिसर में इसके ट्रायल के लिए ईवीएम रखी गई है। इसकी जानकारी कर अपनी भ्रांतिया दूर कर सकते है। इस मौके पर रजिस्ट्रार निर्वाचन जगन्नाथ प्रसाद, असलम खां ने बताया कि अधिसूचना जारी होने तक लोगो को ईवीएम के संबंध में जागरूक किया जाएगा।



मतदाताओं को ईवीएम की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### अप्रेंटिसशिप के लिए पांच अभ्यर्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में मंगलवार को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। 21 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। पांच अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए कर लिया गया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि दि किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज में दो, बिजली विभाग में एक व बेवर रोड स्थित बैंगलोर डीजल कंपनी में एक अभ्यर्थी का चयन किया गया। कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, विजेंद्र सिंह, सुनील कुमार और रंजीत कुमार सुमन आदि रहे।

तैयारी पूरी

## जिलाधिकारी के निर्देश पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती हुई

# आरओ, एआरओ की परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


कंट्रोल रूम पर हो रही निगरानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की 15 फरवरी को होने जा परीक्षा के लिए केंद्रों पर व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों में स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ ही सह केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जिन परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाए।

11 फरवरी को जनपद के 16 केंद्रों पर दो पालियों में आरओ व एआरओ की परीक्षा होगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए हैं कि जिन परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां केंद्र व्यवस्थापक से पूरी परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग करवाई जाए। केंद्र व्यवस्थापक एक अलग पेन ड्राइव में आयोग के सहायक पर्यवेक्षक को यह रिकार्डिंग उपलब्ध कराएंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा तिथि से एक दिन पहले केंद्रों का भ्रमण कर यह व्यवस्थाएं कराएंगे कि केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले परीक्षा की गोपनीय सामग्री सभी केंद्रों पर पहुंच जाए। परीक्षा के लिए16-16 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सह केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। छह सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। तीन-तीन स्टेटिक व सह केंद्र व्यवस्थापक की रिजर्व में ड्यूटी लगाई गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बुधवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। जो भी अव्यवस्थाएं होंगी, उन्हें दूर करवाया जाएगा। आरओ व एआरओ परीक्षा के लिए स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सह केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त कर दिए गए हैं। परीक्षा सुबह 9.30 से 11.30 बजे व दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक होगी।

### नकलविहीन परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने कमर कसी

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराए जाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिलास्तरीय कंट्रोल रूम चालू हो गया है। कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कंट्रोल रूम में बैठकर कार्य भी शुरू कर दिया है। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए जिलास्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में कर दी गई है। पांच कंप्यूटर लगाकर काम शुरू हो गया है। मंगलवार को कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित दुबे, पंकज औदिच्य व विजय कुमार ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर लगे डीवीआर की जांच कर रहे थे। वहीं कंट्रोल रूम प्रभारी रामलखन प्रयोगात्मक परीक्षा पर ऑनलाइन नजर रखे रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह को निरीक्षण के दौरान रखा बालिका इंटर कॉलेज व महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा होते मिली। यूपी बोर्ड प्रयागराज से भेजी गई परीक्षा केंद्रों की डीवीआर सूची का मिलान जनपद के परीक्षा केंद्रों की डीवीआर सूची से किया जाना शुरू कर दिया गया है।

### बीएसए ने अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोका

**फर्रुखाबाद ।** खंड शिक्षाधिकारी के निरीक्षण में छह शिक्षक व तीन अनुदेशक गैरहाजिर पाए गए। बीईओ की आख्या पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने अनुपस्थित पाए गए स्टाफ का वेतन अग्रिम आदेश तक रोके जाने के निर्देश दिए हैं।

बीईओ बढ़पुर ने 31 जनवरी को सुबह 10.15 बजे कंपोजिट विद्यालय अमेठी जदीद का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक शशांक दीक्षित, शशिबाला, नीता सक्सेना, रश्मि यादव, संगीता शाक्य, सहायक अध्यापक साबिहा खानम, अनुदेशक देवेश कुमार, आकांक्षा व अनुदेशक अंशिका मिश्रा अनुपस्थित पाए गए। सहायक अध्यापक मनोज कुमार मिश्र आकस्मिक अवकाश पर थे। निरीक्षण के दौरान नीता सक्सेना, रश्मि यादव, संगीता शाक्य, साबिहा खानम व देवेश कुमार स्कूल आ गए। पंजीकृत 303 बच्चों में सिर्फ 43 ही मौजूद थे।

# पिकअप की टक्कर से तीन भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मरने वालों में दो सगे और एक मौसेरा भाई शामिल

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर रात संकिसा के पास पिकअप की टक्कर से तीन भाइयों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई बताए गए हैं।

एटा जिले के थाना जसरतपुर के गांव भगिया निवासी संतोष के पुत्र अजीत (25) और सर्वेंद्र (18) अपने मौसेरे भाई अभिषेक के साथ बाइक से नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सितवनपुर पिथू में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। संकिसा के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों उछल कर सड़क जा गिरे। तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होते ही वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उनके पास मिले मोबाइल से तीनों की शिनाख्त हुई। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक पंचनामे की कार्रवाई चल रही थी।

### पैर फिसलने से पेड़ से टकराया किसान, मौत

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के गांव सदमपुर निवासी रामदयाल (45) पुत्र हीरालाल खेती करता था। मंगलवार को गांव से डेढ़ किमी दूर पावा बजार सब्जी खरीदने गया था। बाजार में बने पक्के चबूतरे से उसका पैर अचानक फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह सामने लगे पेड़ से टकरा गया। इसमें उसके चेहरे और सिर पर गम्भीर चोट आ गई। सूचना पर पहुंची पावा चौकी पुलिस व परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल लाए। जहां मौजूद डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव य : सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात् ।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्त : स सुखी नर : ॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

## संपादकीय

# राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

# गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

## प्रसंगवश

# अवगुन कहूं शराब का

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

शेक्सपियर के शब्द हैं: ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

# महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिंद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विप्द्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

## सोशल फोरम

# कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है।

-फेसबुक वॉल से

# भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है।

शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की और मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

## एक नजर

### कार का शीशा तोड़ा

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में रहने वाले ग्राम विकास अधिकारी राधेश्याम सोमवार को विकासखंड बसरेहर से अपनी ड्यूटी खत्म कर कार से घर आए और अपने घर के बाहर खड़ी एक कार को हटाने को कहा तो उसमें सवार तीन चार लड़कों ने हमलावर होकर दबंगई का प्रदर्शन करते हुए राधेश्याम उनकी पत्नी व मां के साथ गालीगलौज करते हुए धक्का मुक्की की तथा पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। धमकी देते हुए कार से फरार हो गए। उन्होंने फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी को जानकारी दी।

### फसलों को बचाने के लिए कीटनाशक का करें उपयोग

**महेवा, इटावा।** सर्दी के मौसम में हुई बारिश गेहूं के लिए लाभदायक है वहीं दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए नुकसानदेह है। इसी को देखते हुए कुछ किसान खुश नजर आ रहे हैं तो कुछ किसान मायूस नजर आ रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अक्षय कुमार का कहना है कि लगातार धूप न निकलना दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए नुकसानदायक है। धूप न निकलने से इन फसलों में फंगस लगने और पाले की शिकायत का खतरा बढ़ गया है। गेहूं की फसल के लिए मौसम खासा मुफीद बना हुआ है। किसान फसलों को कीट के खतरों से बचाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। किसानों की मानें तो गेहूं की फसल को मौसम से लाभ पहुंच रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## मृतक के बड़े भाई की आठ माह पहले सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

संवाददाता इकदिल,इटावा

**अमृत विचार।** आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर बिरारी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

थाना इकदिल क्षेत्र में गांव नगला दलप के रहने वाले संजीव कुमार का 20 साल का बेटा बॉबी उर्फ माइकल सोमवार देर रात एक मैरिज होम में सजावट का काम करने के बाद बाइक में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहा था। पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बॉबी गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां पर डॉक्टर ने चेकअप करके उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बड़े भाई सोनू की आठ महीने पहले तीन जुलाई को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बाद से बॉबी घर का इकलौता बेटा बचा था जिसने परिवार पालने के लिए घर की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी थी। मां निर्मला देवी, भाभी ज्योति, बहने बबली और काजल के साथ पिता का भी रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया।




### साइकिल सवार घायल

**बसरेहर, इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरालोकपुर में अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार अशोक कुमार निवासी टोडरपुर को टक्कर मार दी। उन्हें 108 एंबुलेंस के ईएमटी आदित्य कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसईनावर पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई रिफर किया गया।

### खाई में गिरी कार, बाल बाल बचे पिता पुत्र

**संवाददाता महेवा, इटावा।** कस्बा निवाड़ीकला से भिटारी गांव तक का महेवा अछल्दा मार्ग दुर्घटना बाहुल्य मार्ग बनता जा रहा है। आये दिन वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का सिलसिला अनवरत जारी है। सोमवार रात एक कार निवाड़ीकला से अछल्दा की तरफ जा रही थी। बंबा पुलिया से पहले अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। रफ्तार कम होने से कार सवार पिता पुत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। कार चालक राघवेंद्र पुत्र बृजराज सिंह निवासी बनगढ़ थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी ने बताया कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने में कार खाई में चली गई। उनके साथ उनका पुत्र अनुराग चौहान भी था। पर किसी को चोट नहीं आयी। वह ग्राम लड़ैयापुर थाना अछल्दा जनपद औरैया अपने रिश्तेदार जगदीश सिंह की पुत्री के विवाह में शामिल होने जा रहे थे। सूचना पर चौकी प्रभारी अहेरीपुर आशीष कुमार यादव ने हमराह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में आई तेजी

**इटावा।** यूपी बोर्ड की परीक्षा को अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। 15 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं शुरू हो रहीं हैं। ऐसे में परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीन हजार शिक्षक इन परीक्षाओं को कराएंगे, इनकी ड्यूटियां लगाई जा रहीं हैं। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा और उनकी भी ड्यूटी लगाई जाएगी। जिले में हाईस्कूल व इंटर के 42,908 परीक्षार्थियों के लिए 69 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

इस बीच बोर्ड परीक्षा कराए जाने के लिए कापियां जिला मुख्यालय पर पहुंच चुकी हैं और अब इन कापियों को परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। बोर्ड की ओर से कोडेड कापियों पर परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया गया है और कोडेड कापियां भी भेजी गई हैं। इसके साथ ही कक्ष निरीक्षकों को भी पहचान पत्र दिए जाएंगे। खास बात यह है कि इस साल कक्ष निरीक्षकों को क्यू आर कोड वाले पहचान पत्र दिए जाएंगे। शिक्षकों की कक्ष निरीक्षकों के रूप में ड्यूटी लगाए जाने के बाद यह क्यू आर कोड वाले पहचान पत्र उन्हें दे दिए जाएंगे।

# प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर बीडीओ ने जानीं समस्याएं

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक महेवा के सभी परिषदीय / कम्पोजिट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों और सभी ग्राम सचिवों की एक सयुंक्त बैठक हुई। स्कूलों में कायाकल्प, वार्षिकोत्सव, शत प्रतिशत स्कूलों में दिव्यांग और बालिका शौचालयों के निर्माण कार्य पर चर्चा हुई।

खंड शिक्षा अधिकारी महेवा धर्मेंद्र प्रसाद ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से समस्याएं पूछी। जिन विद्यालयों में दिव्यांग और बालिका शौचालय नहीं हैं उनकी रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई। बैठक में यह निर्णय हुआ कि आगामी 13 फरवरी को प्रत्येक स्कूल में वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ,प्रधान ,सचिव ,लेखपाल सहित संभ्रांत व्यक्ति ,अभिभावक व पूर्व छात्रों को आमंत्रण दिया जाये।

बीडीओ ने प्रधानाध्यापकों से आह्वान किया कि सभी लोग आपस में संवाद व सामंजस्य बनाये रखें। स्कूल को सुंदर से सुंदर बनाने का प्रयास करें। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी निर्वाहन करें। बैठक में कई प्रधानाध्यापकों ने पेयजल ,बाउंड्रीवॉल , शौचालय , बालिका शौचालय ,किचेन आदि से सबन्धित समस्याओं को रखा। जिसका बीडीओ ने समाधान कराने का भरोसा दिया।

वहीं बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ,सहायक विकास अधिकारी आई एस बी अशोक परिहार , ग्राम सचिव नागेंद्र प्रकाश , यशवीर सिंह , आलोक गुप्ता , आदित्य चौहान ,शिववीर सिंह सेंगर , अनुज गुप्ता , बब्बू राजा ,सौरभ कुमार ,अनुष्का दुबे ,सूबी दुबे ,विनय कुमार ,सुशील कुमार , नेहा दीक्षित ,शैलेन्द्र कुमार सहित सभी मौजूद रहे।

वहीं मुख्य रूप से जितेंद्र त्रिपाठी ,दिलीप सविता ,अमित कुमार ,मनोज पाण्डेय ,अतुल त्रिपाठी ,सजंय त्रिपाठी ,प्रवीण पाण्डेय ,विश्वराज वर्मा ,जितेंद्र दुबे , संजीव शुक्ला ,नीलम तिवारी ,अजय तिवारी ,रुपा देवी ,राधा रानी ,रश्मि चौधरी ,पुष्पा देवी ,रश्मि पालीवाल ,योगेंद्र चौधरी ,विनय कुमार ,राजकुमार ,राहुल शुक्ला , नवीन पाण्डेय ,राहत रहमानी ,राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।


प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करते बीडीओ सूरज सिंह। अमृत विचार

● परिषदीय विद्यालयों में 13 फरवरी को होगा वार्षिकोत्सव

# दो दिनों की बारिश के बाद धूप ने दी राहत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फरवरी की शुरुआत से ही बदलते मौसम से किसान परेशान हैं। दो दिनों की बारिश से किसानों की रबी की फसल को भी नुकसान हुआ। हालांकि मंगलवार को दिन में जिस तरह धूप खिली रही उसने राहत जरूर दी है। इससे पहले दो दिनों तक आसमान में छाए बादलों के बाद हुई बारिश से किसानों की धड़कनें तेज हो गई थी।

मौसम के बदले रुख और बेमौसम बारिश से परेशान किसानों का कहना है कि सरसो, गेहूं, चना, अरहर सहित अन्य रबी की फसलें तैयार हो रहीं हैं,लेकिन पिछले दो दिन हुई बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी थी। उनकी सरसों, आलू तथा दलहनी और तिलहन फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि मंगलवार को जब धूप निकल आई तो किसानों की चिंता कम हुई और आम लोगों को भी सर्दी से राहत मिली, जो पिछले दो दिनोंसे बढ़ गई थी। मौसम के बदलाव और बारिश से किसानों को डर है कि यदि बारिश जारी रही तो खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान होगा। यदि दुर्भाग्य से कहीं ओलावृष्टि हो गई तो किसानों की मेहनत से तैयार हो रही फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएगी। दो दिन से बारिश से वे किसान चिंतित हैं जिन किसानों ने गेहूं, चना, जौ की फसले बोई है।

दो दिनों की बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही सर्दी को भी बढ़ा दिया जो कुछ कम होने लगी थी। इस बीच मंगलवार को धूप निकल आई और पूरे दिन धूप खिली रही इससे किसानों की चिंता में भी कमी आई है और सर्दी से भी राहत मिली है। धूप के कारण तापमान भी बढ़ गया। खास बात यह रही कि धूप शाम तक बनी रही जिससे लोगों को राहत मिली। शाम के बाद फिर ठंडी हवा चलने लगी।

● किसानों की चिंता हुई कम सर्दी भी कम हुई

# 11 जगह पकड़ी गई बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। विभाग के मुख्यालय से आई सूची के आधार पर मंगलवार को लाइन पार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 11 व्यक्ति बिजली चोरी करते पकड़े गए। इनमें एक ऐसा उपभोक्ता भी शामिल है जो घरेलू कनेक्शन से व्यावसायिक रूप से बिजली का इस्तेमाल कर रहा था। इन सभी की एफआईआर बिजली थाने में दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में बताया गया है कि विभाग के मुख्यालय से आई लिस्ट के रोस्टर के अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर शकुंतला नगर से संबंधित क्षेत्र सती मठिया के पास कोकपुरा शाला में 11 लोगों पर कार्यवाही की गई। इसमें 10 लोगों को केबिल बाइपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया। जिनकी धारा 135 में कार्यवाही कर दी गई हैं। इस अभियान के दौरान एक उपभोक्ता को घरेलू कनेक्शन से कमर्शियल उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इसके विरुद्ध धारा 126 में कार्यवाही कर दी गयी हैं।

एसडीओ लाइन पार गगन अग्निहोत्री ने बताया कि इसके साथ ही तीन उपभोक्ताओं के कनेक्शन का लोड बढ़ाया गया। इस टीम में उपखण्ड अधिकारी गगन अग्निहोत्री, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता हंसराज, टीजी टू नवल किशोर, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह , अनुराग त्रिपाठी शामिल रहे।


लाइनपार क्षेत्र में चेकिंग करते एसडीओ विद्युत गगन अग्निहोत्री। अमृत विचार

### बिजली आपूर्ति आज बाधित रहेगी

■ महेवा, इटावा। महेवा बिजली घर से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति सात फरवरी को महेवा सब स्टेशन के लिए भरथना से पोषित 33 के वी लाइन के अनुरक्षण कार्य व मरम्मत के चलते सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े तीन बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी महेवा /बकेवर भूप सिंह ने सभी उपभोक्ताओं से उक्त कटौती समय में सहयोग देने की अपील की है।

## एडीजी से की एसओ चौबिया की शिकायत

**इटावा।** बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर ने थाना अध्यक्ष चौबिया की शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर से मिलकर की है।

ग्राम मूंज निवासी बलवीर ने बताया कि 8 जनवरी की रात को थाना अध्यक्ष चौबिया रात 12 बजे गांव के अर्जुन पुत्र धर्मवीर के घर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे। जब उनसे मैंने जानकारी पूछी तो उन्होंने जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट की। इसकी शिकायत उन्होंने एसएसपी संजय कुमार वर्मा से की। चौबिया पुलिस ने गवाहों पर दबाव बनाने के लिए पकड़ लिया। इसकी शिकायत पुनः एसएसपी से की तब गवाहों को छोड़ा गया। गांव के ही करीब आधा दर्जन से अधिक गवाहों ने चौबिया पुलिस की शिकायत एसएसपी से की। साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष बालवीर जाटव ने अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर चौबिया थाना अध्यक्ष मंसूर अहमद की शिकायत की है। बलवीर ने बताया एडीजी ने कार्यवाही का भरोसा दिया है।


पत्रकारों से वार्ता करते पिछड़ा वर्ग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लोटनराम निषाद।

# धर्म के नाम पर नफरत फैला रही है भाजपा : लोटनराम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ.लोटनराम निषाद ने कहा है कि भाजपा हिन्दुत्व,धर्म और राम के नाम पर नफरत फैलाने व जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटकाने का षडयंत्र कर रही है।

यहां पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आमजन राम के अनुयायी हैं और भाजपा राम की व्यवसायी है। प्रधानमंत्री ने सनातन परम्परा के विरुद्ध शंकराचार्यों को नजर अंदाज कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए आधे-अधूरे मंदिर का उद्घाटन व प्राण-प्रतिष्ठा कर दिया। जिसकी जितना संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के मुद्दे पर जातिगत जनगणना व समानुपातिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर आगे बढ़ रही है। अपने को पिछड़ा बताने वाले पीएम नीलवर्ण श्रृंगाल व पिछड़ी जातियों के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने नारा दिया है कि जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी भागीदारी हो। सपा पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजकिशोर भोजवाल, प्रदेश सचिव जनवेद भोजवाल, जिला सचिव राजकुमार यादव, सपा शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव गौरव यादव, डॉ.संतोष राठौर मौजूद रहे।

# सेंटर फॉर एक्सीलेंस का केंद्र बनेगा कृषि कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कालेज,में विगत पिछले 45 दिनों से चल रहे एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम 2024 के विशेष प्रशिक्षण का समापन हुआ।

प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित करते हुए महाविद्यालय के डीन डॉ. एनके शर्मा ने बताया कि हमारे इस कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी छात्र छात्राएं आज रोजगार परक शिक्षा लेकर समाज में सेवा देने के लिए तैयार है जो कि, विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों में अपनी प्रतिभा और मेधा के बल पर अच्छे वेतन पर देश विदेश मे भी अपना स्थान बनाने में सफल हो रहे है जो कि, हमारे महाविद्यालय परिवार के लिए बड़े ही गौरव का विषय भी है।

इसी के साथ महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि,अगले सत्र से महाविद्यालय सेंटर फॉर एक्सीलेंस का एक केंद्र भी बनाने की ओर तेजी से अग्रसर है जिसके तहत छात्र,छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को इसी कैंपस में नैतिक मूल्यों का विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि, हमारे महाविद्यालय के विशाल प्राकृतिक परिसर में आए दिन विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों की गतिविधियों दिखाई देती रहती है जिसे दृष्टिगत रखते हुए हमारे परिसर में एक विशेष वन्यजीव रेस्क्यू हेल्प डेस्क की भी स्थापना की जा रही है। जिसका अनुमोदन कुलपति द्वारा महाविद्यालय को प्राप्त हो गया है जिसका उद्घाटन भी जल्द ही होगा।


वार्ता करते डीन डॉ. एनके शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार पीके सिंह भदौरिया। अमृत विचार

# 3128 कार्यकत्रियों-सहायिकाओं को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की घोषणा की है। इससे कार्यकत्री व सहायिकाएं बेहद उत्साहित हैं।

जनपद में 3128 कार्यकत्रियां व सहायिकाओं को इसका पूरा-पूरा लाभ मिलेगा। दरअसल आयुष्मान कार्ड बन जाने के बाद उनका व उनके परिवार के सदस्यों का एक साल में 5 लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क होता है। इससे पहले सरकार 60 साल से अधिक उम्र के छह सदस्यीय परिवारों और मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए भी योजना का लाभ देने का ऐलान कर चुकी है। जनपद में कुल1564 आंगनबाड़ी केंद्र है जिसमें 1564कार्यकत्रियों और इतनी ही सहायिकाएं तैनात हैं। अब इसके आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होगी। जल्द ही लिखित में इसका आदेश भी जारी हो जाएगा।

## सार-संक्षेप

### समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बकेवर, इटावा।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में लखपति महिला योजना के अंतर्गत चार ब्लॉकों की 26 महिला प्रतिभागियों को सामुदायिक कैडरों लखपति सीआरपी दीदी विषयक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन संस्थान के आचार्य डॉ. सुरेशचन्द्र राजपूत, जिला मिशन प्रबंधक डॉ. नंदकिशोर शाह डीआरपी वेंकट राव सोमा, डीआरपी निहारिका शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें समस्त विकास खण्ड से चयनित सखियों को शासन की मंशा के अनुसार प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में ब्लॉक भरथना ,चकरनगर, बढ़पुरा,और जसवंतनगर की 26 महिला प्रतिभागी मौजूद रहीं। संस्थान के आचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संस्थान के नियम अनुशासन व प्रशिक्षण की महत्ता पर चर्चा करने के साथ ही बताया कि शासन के निर्देशानुसार आप सभी लोगों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषयगत आजीविका के माध्यम को बताया जाएगा। नंदकिशोर शाह ने सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया के शासन के निर्देशानुसार आप सभी की उपस्थिति प्रात : व सायं एवं फीडबैक ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। डीआरपी निहारिका शुक्ला ने बताया कि प्रतिभागी महिलाओं को राज्य आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया गया है।

### नलकूप से ट्रांसफार्मर उतारने गये लाइनमैन को पीटा

**बकेवर, इटावा।** उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता इकदिल के निर्देश पर बकायेदार नलकूप का ट्रांसफार्मर उतारने गये लाइनमैन इकदिल को ग्राम नगला भजू में नामजद आरोपियों ने जमकर पीटा। लाइनमैन ने बकेवर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस संबंध में इकदिल बिजलीघर में संविदा लाइनमैन सुनील कुमार निवासी अमीनाबाद इकदिल ने बताया कि एसडीओ इकदिल कृष्णमुरारी और अवर अभियन्ता संजय कौशल के नेतृत्व में नगला भजू में एक नलकूप का बिजली बिल बकाया होने पर ट्रान्सफार्मर उतारने गये थे। लल्लन सिंह व उनके पुत्र कबीर, रवि और शिशुपाल ने एक राय होकर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर दी। इस मामले की लिखित तहरीर थाना बकेवर पुलिस को दी।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

### हम सबको राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए : जैन आचार्य

**इटावा।** जैन धर्म के गुरु विनिश्चय जी महाराज ने भिंड से सम्मेद शिखर (झारखंड) जाते समय कस्बा महेवा में रात्रि विश्राम किया। उन्होंने क्षेत्र वासियो से समन्वय व शांति के साथ रहने का आह्वान किया। रात्रि विश्राम के दौरान एक गेस्ट हाउस में जैन मुनि ने कहा कि जैन धर्म एक धर्म न होकर सिंद्धात है। इसमें तप बड़ा कठिन होता है। वहीं हर धर्म के लोग चाहे वह किसी भी जाति धर्म से जुड़ाव रखते हो उन्हें देश मे शांति ,समृद्धि व समानता के लिए कार्य करना चाहिए। राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत तो विविधताओं का देश है। आज जिस तरह से हमारा देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रह है वह देश के शासक व प्रशासकों की कुशल रणनीति व नेतृत्व का कमाल है। इस अवसर पर भुवनेश जैन ,दिनेश चंद्र जैन ,पूर्व प्रधान महेवा बड़े यादव आदि ने जैन मुनि का स्वागत किया।

### पूर्व प्रधान की माता के निधन पर जताया शोक

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत नगला शुक्ल में पूर्व प्रधान सुधीर शुक्ला की 82 वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेविका माता शीला देवी के निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रांतीय शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, संकुल शिक्षक राघवेंद्र दुबे , लक्ष्मीकांत मिश्रा ,प्रदीप कठेरिया , सुमित नारायण त्रिपाठी , राजू दुबे ,वीरेंद्र पोरवाल ,पूर्व प्रधान गणेश त्रिपाठी , प्रभू शंकर त्रिपाठी ,सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी ,हरी चोबे ,प्रधान रामवीर तिवारी ने शोक व्यक्त किया है।

**सम्मान** विश्व अध्यक्ष मैडम सायना, विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी व अन्य पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

# जायंट्स ग्रुप की सेंट्रल कमेटी के मेंबर बने डॉ. शिवराज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अृमत विचार।** जायंट्स ग्रुप आफ दतावली के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2003 में डॉ शिवराज सिंह यादव ने सौहार्द संस्कार सेवा के रूप में समाजसेवा शुरू की।

2023 तक यूनिट निदेशक, फेडरेशन कोआर्डिनेटर, फेडरेशन उपाध्यक्ष, फेडरेशन अध्यक्ष एवं सदस्य विशेष समिति जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन आदि पदों को सुशोभित करते हुए जायंट्स समूह विस्तार, सदस्यता वृद्धि, एवं विविध सेवा प्रकल्प सम्पादन, ग्रुप उत्थान में सराहनीय एवं अनुकरणीय योगदान किया। जिसकी सराहना करते हुए जायंट्स अंतराष्ट्रीय की विश्व अध्यक्ष श्रीसायना एनसीजी ने डॉ शिवराज सिंह यादव को जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन की अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन तिरुवनंतपुरम में सर्वोच्च नीति निर्धारक-सेंट्रल कमेटी का मेम्बर मनोनीत किया है।

विश्व अध्यक्ष मैडम सायना एनसीएम, विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने डॉ शिवराज सिंह यादव को सेंट्रल कमेटी मेंबर के रूप में मनोनीत होने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए फाउंडेशन के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना की। डॉ शिवराज सिंह यादव के सेंट्रल कमेटी मेंबर मनोनीत होने पर ऊषा यादव, फेडरेशन आफीसर ललित सक्सेना, राज्दा खातून, कृष्णा शर्मा, आशा बिसारिया, शिखा शर्मा, मोहन लाल आदि रहे।



डॉ. शिवराज सिंह को प्रतीक चिह्न देते जायंट्स पदाधिकारी। अमृत विचार

## धर्मनिष्ठ समाजसेवी रामौतार का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा धर्मनिष्ठ समाजसेवी रामौतार यादव का उनके न्यू तुलसी नगर स्थित निवास पर जाकर अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मान और अभिनंदन किया गया।

अयोध्या में 22 जनवरी को हुए श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के उपलक्ष्य में राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में चौ. शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान और भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने रामोत्सव का आयोजन किया था। जिसमें राम मंदिर आंदोलन एवं धर्म तथा समाज की सेवा में सतत समर्पित रहने वाले कुछ विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया था। अस्वस्थता के चलते उस दिन कार्यक्रम में न आने के कारण धर्मनिष्ठ समाजसेवी रामौतार यादव को संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी, मंत्री राजेंद्र कुमार दीक्षित भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी, सचिव आचार्य महेश तिवारी, विनोद त्रिपाठी ने आवास पर जाकर सम्मानित किया।


समाजसेवी रामौतार यादव को सम्मानित करते समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी।

# रेलवे ट्रैक पर फंसा ट्रैक्टर, रोकनी पड़ीं कई ट्रेनें

## तेजस राजधानी एक्सप्रेस सहित कई अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें भी रहीं बाधित



स्टेशन पर खड़ी तेजस राजधानी। अमृत विचार

### प्रेशर पाइप खुलने से 20 मिनट खड़ी रही मालगाड़ी

**कंचौसी औरैया।** मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे डीएफसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी के दो वैगन के बीच का प्रेशर पाइप-खुलने से खलबली मच गई। आनन-फानन गार्ड ने वाकी-टाकी से लोको पायलट को जानकारी दी। पीछे आ रही दो मालगाड़ियों को आउटर सिग्नल पर भी रोका गया। करीब 20 मिनट बाद रेल रूट बहाल हो सका था। विगत एक माह में इस महत्वपूर्ण रेल रूट पर मालगाड़ियां ट्रेनें किसी न किसी कारण से प्रभावित होती रही हैं। मालगाड़ी इटावा से कानपुर सेंट्रल स्टेशन की ओर आ रही थी। दो वैगन के बीच प्रेशर पाइप किसी कारण से खुल जाने से गार्ड ने लोको पायलट को सतर्क किया। इस दौरान अचानक वैगन के बीच का प्रेशर पाइप खुल गया। एकाएक मालगाड़ी रुकने की वजह से न्यू कंचौसी स्टेशन स्टाफ के हाथ पांव ढीले पड़ गए। परिचालक कंट्रोल को दी गई सूचना के आधार पर कैरिज एंड वैगन की टीम पहुंची। इसके बाद अलग हुए पाइप को जोड़ने का कार्य किया गया। स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया कि मालगाड़ी के वैगन प्रेशर पाइप खुलने की वजह से मालगाड़ी रोकी गई थी। बाद में डाउन लाइन में ट्रेनों का संचालन बहाल किया जा सका था। दोपहर 2 बजकर 25 मिनट बजे रेल रूट सामान्य हो सका था।

संवाददाता,कंचौसी औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी स्टेशन की पूर्वी क्रासिंग पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय सुबह करीब साढ़े 6 बजे लहरापुर से औरैया जा रहा धान से लदा एक ट्रैक्टर ट्राली सहित रेलवे क्रासिंग पर डीएफसी ट्रैक पर फंस गया और पीछे से आ रहे वाहन फंसने की वजह से रेलवे क्रासिंग बंद नहीं हो सकी जिससे दिल्ली हावड़ा रूट और डीएफसी ट्रैक पर लगभग आधे घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा।

रेलवे क्रॉसिंग पार करने के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली डीएफसी ट्रैक पर बारिश के कारण ट्रैक पर फंस गया। चालक ने ट्रैक्टर को निकालने का बहुत प्रयास किया लेकिन ट्रैक्टर नहीं निकल सका। रेलवे ट्रैक पर ट्रैक्टर को फंसा हुआ देख स्थानीय लोगों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को ट्रैक से हटाया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और लोगों ने चैन की सांस ली। वहीं, वाहन के हटने के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ। जिससे दिल्ली हावड़ा रूट पर कानपुर की ओर जा रही सूबेदार देहरादून काठ गोदाम एक्सप्रेस कंचौसी रेलवे स्टेशन पर करीब आधे घंटे तक खड़ी रही। कामख्या से नई दिल्ली जा रही कामख्या नई दिल्ली एक्सप्रेस 20 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही, इसके पीछे आ तेजस राजधानी एक्सप्रेस 7 मिनट और गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस 10 तक आउटर पर खड़ी रही एवं डीएफसी ट्रैक पर दो मालगाड़ियां खड़ी रहीं। वहीं फफूंद स्टेशन पर भी कई प्रमुख गाड़ियां खड़ी रहीं।

स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एक धान से लदा ट्रैक्टर ट्रैक में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को रेल ट्रैक से बाहर निकाला गया। इस दौरान आननफानन में ट्रेन को रोकने की सूचना दी गई। कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रही। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। आरपीएफ प्रभारी फफूद रजनीश राय ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।रेलवे एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ ने की आत्महत्या

संवाददाता,अछल्दा औरैया

**अमृत विचार।** सुबह एक्सप्रेस ट्रेन से एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। जीआरपी द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर एक यात्री टिकट एवं नोटिस भी मिला है।

दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के अप रेलवे लाइन पर खंभा नम्बर 1117/19 एवं 1117/23 के बीच मे मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे लखनऊ से दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस ट्रेन से वैसोली गांव की तरफ कृष्णा सिंघा पुत्र नृपेंद्र उम्र 40 वर्ष निवासी गांव बरपत्थर जिला चिरांग आसाम ट्रेन के सामने जाकर आत्महत्या कर ली प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक पैदल चलकर ही रेलवे लाईन किनारे जाकर ट्रेन के सामने लेट गया घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस द्वारा मृतक के कपड़ों की तलाशी लेने पर भर्थना से कानपुर सेन्ट्रल का मेमू का टिकट निकला एवं चिरांग जिला असम का एक नोटिस भी निकला तथा आधार कार्ड भी मिला है। ट्रेन से दुर्घटना होने के बाद गोमती करीब 10 मिनट तक रुकी रही। शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा होने के चलते कानपुर से इटावा की तरफ जाने वाली मेमू ट्रेन को रेलवे स्टेशन पर 15 मिनट के लिए रोका गया। कानपुर से इटावा की तरफ जाने वाली कई ट्रेने रुकी रहीं।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# पीएम विश्वकर्मा योजना की सुस्ती पर भड़कीं डीएम

संवाददाता, ककोर, औरैया

- लापरवाह जिम्मेदार अधिकारियों को डीएम ने दी चेतावनी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री की पीएम विश्वकर्मा योजना गरीबों के लिये अत्यंत कल्याणकारी है। इसमें गरीब कामगार व्यक्तियों को सस्ते ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिससे वह अपने रोजगार को आगे बढ़ा सकें। लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव की उदासीनता के कारण योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है और लगातार इस योजना में पलीता लग रहा है। अभी तक जिले की ग्राम पंचायतों में इस योजना का 50 फीसद भी काम पूरा नहीं हुआ है। जिसकी नाराजगी मीटिंग में जिलाधिकारी द्वारा भी जताई गई। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द सुधार किया जाये अन्यथा का

जिला औरैया में 477 ग्राम पंचायत हैं। वहीं पोर्टल पर 271 ग्राम पंचायत का रिकार्ड दर्ज हुआ है। जो काफी धीमी गति से चल रहा है। वहीं, प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत में 543 आवेदन के सापेक्ष 14 वेरीफाई ही हो सके हैं और 15 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर 7242 के सापेक्ष काफी गति धीमी चल रही है। जनपद में पंजीकरण लक्ष्य निर्धारित के




अनुरूप काम नहीं हो रहा है। जिसमें अभी तक आवेदन के वेरीफाई नहीं हो पा रहे है। इस योजना के अंतर्गत हाथ से काम करने वाले कारीगर, बढ़ई, लोहार, दर्जी आदि को ट्रेड से संबंधित योजना का लाभ देना है। सत्यापन के बाद इन्हें प्रशिक्षण निशुल्क के बाद कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाना है। औरैया जनपद में धीमी गति के कारण जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जल्दी ही तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों को पत्राचार करते हुए इस मामले की रिपोर्ट जल्दी ही मांगी है। मुख्य सचिव द्वारा 2 फरवरी को बैठक में भी चर्चा तथा आदेश जारी किए गए थे। जिससे पीएम विश्वकर्मा योजना में लक्ष्य के अनुरूप कर हो सके।

# मेहनत से पढ़ें, अंग्रेजी विषय से नहीं डरें

संवाददाता, ककोर, औरैया

- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का बताया सरल तरीका

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं में 15 दिन का समय बचा है। ऐसे में बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी विषय बहुत ही कठिन लगता है। जबकि अंग्रेजी विषय को समझकर पढ़ा जाये तो इसे बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। लेकिन फिर भी अधिकतर परीक्षार्थी इस विषय से डरते व कतराते रहते हैं। हमें अंग्रेजी के एक-एक टॉपिक को ध्यान से समझना होगा।

जिला मुख्यालय के निकट ककोर के जनता इंटर कॉलेज प्रवक्ता कमलाकांत तिवारी ने अंग्रेजी विषय की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को पढ़ने, तैयारियों का सरल तरीका बताया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी विषय की तैयारी शुरू करने से पहले दिल और दिमाग से यह बात हटानी होगी कि अंग्रेजी एक कठिन विषय है। इसे समझा नहीं जा सकता इस परेशानी को छोड़कर आप सभी अंग्रेजी विषय की तैयारी करने में जुट जाएं। तैयारी करने में मेहनत की जरूरत पड़ती है और सफलता यही से मिलना शुरू होती है। अंग्रेजी प्रवक्ता कमलाकांत तिवारी ने बताया अंग्रेजी विषय में हर अभ्यास को पूरी तरह से ध्यानपूर्वक पढ़ना और समझना बेहद जरूरी है। क्योंकि अध्याय के बीच में यदि प्रश्न आ जाता है तो हम उसे आसानी से हल कर लें। अंग्रेजी के पाठ्यक्रम को गहराई से समझ लें। अपनी तैयारी संबंधित किताब के साथ नोट्स बुक को पढ़ने का प्रयास करें। ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करने के लिए मॉडल पेपर पुराने प्रश्न पत्र अनसोल्ड को हल करें। लेखन नोटिस राइटिंग का बार बार अभ्यास करें। इसके साथ फॉर्मेट को फॉलो भी करें आसान शब्दों का इस्तेमाल अधिक से अधिक करें। जिससे गलतियां नहीं होगी नंबर भी अच्छे मिलेंगे। अनसीन, नोट मेकिंग काफी स्कोरिंग टॉपिक कठिन माने जाते हैं अच्छे अंक हासिल करने के लिए लिखकर अभ्यास करना चाहिए। क्योंकि एक गलती से पूरा वाक्य खराब हो जाता है टेंस का विशेष ध्यान रखें। पेपर में हमेशा साफ-सुथरा लिखने का ध्यान दिया जाए। रिजल्ट बहुत ही बेहतर और सुखदाई होगा।

## दबंगों ने किया पंचायत की जमीन पर कब्जा

**ककोर।** बिधूना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत शहवाजपुर में अवैध कब्जे को लेकर रामवीर सिंह यादव ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। रामवीर ने बताया कि अवैध कब्जा होने के बावजूद भी कब्जा नहीं हटाया गया है। जबकि ग्राम पंचायत की भूमि को लेकर एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी है। लेकिन जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दिए गए शिकायती पत्र में गाटा संख्या 522 ग्राम पंचायत अबावर में कब्जा किया गया है। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। इस मामले में दबंग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दबंग 3.2990 हेक्टर भूमि पर कब्जा किए हैं। डीएम ने उचित कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

# ब्लाकों में आयोजित किए जाएंगे रोजगार मेले

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास
- 12 से 20 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए है। इसके लिए फरवरी माह में ब्लाक स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले में दो हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

### इन्हें मिलेगा अवसर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत राजकीय, निजी आईटीआई या किसी भी शैक्षिक योग्यता रखने वाले 18 से 35 वर्ष तक के प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार दिलाया जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने वाले लाभार्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यता, मूल प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग करना होगा। सर जी, एक फोटो भी भेज दें।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेला के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है। साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराएं। शासन की मंशा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाना है। शासन के निर्देशों के तहत सभी ब्लाकों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अतुल सिंह ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन एवं राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में ब्लाक स्तर पर द्वितीय चरण के रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। बताया कि आयोजित होने वाले मेला का उद्देश्य बेरोजगारी को समाप्त कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाना है। बताया कि यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर होगा। जिसमें नौकरी की तलाश में भटकने वाले युवाओं को नौकरी मिलेगी। दिल्ली, हरियाणा, कानपुर, औरैया, इटावा, कन्नौज, नोएडा, आगरा, लखनऊ आदि शहरों से विभिन्न कंपनियों द्वारा नौकरी प्रदान की जाएंगी।

### यहां आयोजित होंगे रोजगार मेले

12 फरवरी को अजीतमल स्थित राजकीय आईटीआई, 13 फरवरी को औरैया ब्लाक परिसर में, 15 फरवरी को भाग्यनगर ब्लाक परिसर में, 16 फरवरी को अछल्दा ब्लाक परिसर में, 17 फरवरी को सहार ब्लाक परिसर में, 19 फरवरी को राजकीय आईटीआई बिधूना, 20 फरवरी को एरवाकटरा ब्लाक परिसर में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

# गलत पैमाइश कर कब्जा करने का लगाया आरोप

संवाददाता, अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** गांव सेंगनपुर निवासी राघवेंद्र कुमार त्रिपाठी ने 27 जनवरी को तहसीलदार जीतेश वर्मा से शिकायत की। बताया कि पड़ोस के तेजसिंह और कुछ लोगों ने बिना उनकी मौजूदगी में गलत तरीके से पैमाइश करवाकर उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया है।

इसी मामले में चकरोड पर कब्जा होने की शिकायत ग्राम प्रधान इरफान ने भी की थी। इस पर मंगलवार को राजस्व निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, लेखपाल विमलेश मोहन, आनंद कुमार ने पैमाइश करवाई। इस दौरान दोनों लोगों की बीच की जमीन से निकले चकरोड पर गांव बबाइन निवासी परम सिंह द्वारा टिनशेड की दुकान बनाकर कब्जा पाया गया। राजस्व निरीक्षक अमित कुमार तिवारी ने बताया कि तहसीलदार के आदेश पर दोनों पक्षों के लोगों की भूमि की पैमाइश कर खुट्टी लगवा दी गईं हैं। बीच से निकले चकरोड को भी खाली करवा दिया गया है।

## वैन की टक्कर से देवर-भाभी व भतीजी घायल

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहायल रोड पर बाइक सवार सोमपाल को ईको वैन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सोमपाल उनकी भाभी और भतीजी घायल हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर में भर्ती कराया गया।

## पंप मैनेजर ने मारपीट का लगाया आरोप

**बिधूना।** एसी पैट्रोलियम बिधूना के प्रबंधक ने एक वाहन चालक पर जबरन लाइन में लगे वाहनों के आगे सीएनजी डलवाने के लिए अपनी गाड़ी लगाने का विरोध किए जाने पर गाली-गलौज कर मारपीट का आरोप लगाया है। मंगलवार को कस्बा के भरथना रोड निवासी उपेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह बिधूना कस्बे के एसी पेट्रोलियम पर प्रबंधक है। अंकुर यादव कार लेकर आया और गैस डलवाने के लिए लाइन में लगी गाड़ियों के बीच में कार खड़ी दी। पहले से लाइन में लगे लोगों ने विरोध किया। जब उसने आकर कार लाइन में लगाने की बात कही तो अंकुर भड़क गया और उससे मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

# बारिश से उखड़ी इंटरलॉकिंग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर क्षेत्र में हर घर जल योजना के अर्न्तगत अंडर ग्राउंड पाइप लाइन डाले जाने से सभी सड़कें बदहाल हो गयी हैं। बीते दो महीनों से जल निगम द्वारा नगर के सभी वार्डों में घर - घर कनेक्शन देने के लिये सभी रिहायशी गलियों और मुख्य मार्गो से होकर अण्डर ग्रांउड पाइप लाइन निकली है। लाइन पड़ने के बाद सम्बधित ठेकेदार द्वारा उखाड़ी गई इंटरलॉकिंग को दुरुस्त कराया गया रविवार रात हुयी बारिश से कई वार्डों में तमाम गलियां धंस गयी।

जिसमें पानी भर जाने से लोगों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को राणानगर स्थित प्रकाश कालौनी में अवनीश त्रिपाठी , राकेश कुशवाहा, आशीष जैन एवं राजीव पाण्डेय आदि लोगों ने बताया कि बीते दिसम्बर माह में गली खोदकर पाइप लाइन डाली गयी थी कई दिन बाद उखाड़ी गई ईट तो बिछाया गया लेकिन पहली बारिश में ही सड़क धंस गयी। वहीं सुपर वाइजर ने बताया कि जिस स्थान से सड़के खराब या लाइन लीकेज है वहां पर मरम्त कार्य कराया जायेगा।



प्रकाश कालोनी में बदहाल इंटरलॉकिंग सड़क। अमृत विचार

## अधिशाषी अभियंता पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

**औरैया।** गांव बाबा का पुर्वा निवासी अजय सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने नलकूप के लिए आवेदन किया था। उसने 201659 रुपये जमा किये थे। इसके बाद एक अधिकारी ने अपने बाबू द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी। इसके बाद अधिशाषी अभियंता की ओर से उसे व उसके पुत्र को बुलाया गया। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने पुत्र को भेज दिया। आरोप है कि अधिशाषी अभियंता ने उसे व उसके पुत्र को दुष्कर्म के फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। अधिशाषी अभियंता नेहा ने बताया कि उन्होंने उच्चाधिकारी को जबाव दे दिया है।

## तहसीलदार के आदेश पर हटवाया गया अतिक्रमण

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र के गांव एमा सेगनपुर में देव स्थान को रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को तहसीलदार के आदेश पर हटवाया गया। सेगनपुर में देवस्थान को जाने वाले रास्ते पर दबंगों ने अतिक्रमण कर अपनी झोपड़ी बना रखी थी। जिस पर वह दुकान चला रहे थे। प्रशासन ने कई बार कहने के बाद भी वह रास्ता खाली नहीं कर रहा था। यह रास्ता देव स्थान काली मन्दिर व युवक मंगलदल की सम्पर्क रास्ते से मिलती है। इस रास्ते पर दबंग लोगों द्वारा 10 वर्ष से कब्जा करते चले आ रहे है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान व लेखपाल से कई बार कहा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। रास्ते की गाटा संख्या 76 की रिकार्ड के आधार पर पैमाइश करवाने के बाद भी रास्ता नहीं खुला। प्रार्थी तेज सिंह की शिकायत पर तहसीलदार जितेश वर्मा ने टीम को भेजकर कब्जा खाली करा दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपना नाम मिथलेश से बदलकर मिथलेश निषाद कर लिया है। भविष्य में मुझे मिथलेश निषाद के नाम से ही जाना जाये। **मिथलेश निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी सर्वोदय नगर, शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, जिला उन्नाव पिन कोड –209861**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MO AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MANJUR AHMAD R/O VILL CHAKTARA POST NARIYVAN, AMBEDKAR NAGAR**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। – **अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम सुभाष से बदलकर सुभाष चन्द्र पुरी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुभाष चन्द्र पुरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। जो कि पूर्णतया सत्य व सही है। **श्री सुभाष चन्द्र पुरी पुत्र स्व0 मुलक राज पुरी निवासी– म0नं0 –126/36ए, ब्लाक– जी, गोविन्द नगर कानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। – **मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना– सहादतगंज, लखनऊ।**

**गुमशुदा**

नाम –**अजय सागर**
पिता का नाम – महादेव सागर
आयु – 27 वर्ष, हुलिया – रंग गोरा चेहरा लम्बा, इकहरा जिस्म, दाढी रखे हुए, गर्दन पर दाहिने तरफ टैटू का निशान, बाये हाथ पर टैटू का निशान, कद – 5.5 फीट, पहनावा– फूल आस्तीन नेवी ब्लू शर्ट व जीन्स पैंट,निवासी– फत्तेपुर कटरा शिवदयालगंज थाना नवाबगंज जनपद गोंण्डा
उपरोक्त गुमशुदा दिनाँक 28/09/2023 को सुबह समय करीब 9:00 बजे घर से अयोध्या के लिए निकले थे जो वापस लौट कर नहीं आए काफी प्रयास करने के बावजूद भी गुमशुदा का पता नहीं चल पाया है इसके संबंध में थाना नवाबगंज जनपद गोंडा में गुमशुदगी दर्ज है यदि किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्न नबरो पर सूचित करें।
**गुमशुदा के घर का मोबाइल न0– 9839043251 (महादेव सागर पिता), चौकी सरयू घाट– 9919975151, थाना नवाबगंज– 9454403493, क्षेत्राधिकारी तरबगंज– 9454401375**

परेशानी – गांव भैसोल में छुट्टा मवेशियों ने करीब 30 बीघा फसल नष्ट की

# छुट्टा मवेशियों को बाजार के अंदर बंद किया

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** अन्ना पशुओं की धमाचौकड़ी से किसान खासे परेशान हैं। किसान दिन-रात मेहनत कर फसल की रखवाली करते हैं। लेकिन अन्ना पशुओं का झुंड आकर फसल चट कर जाता है। सोमवार की रात अन्ना मवेशियों ने भैसोल गांव में किसानों की फसलों को चट कर दिया, जिससे आक्रोशित होकर किसानों ने अन्ना मवेशियों को घेर लिया और उन्हें बाजार स्थल की बाउंड्री के अंदर बंद कर दिया। बाद में प्रधान के समझाने पर वह शांत हुए।

फफूंद क्षेत्र के गांव भैंसोंल के किसान अन्ना पशुओं से परेशान हैं। वह गेहूं, जौ, मटर और सरसों की फसल की रखवाली के लिए सारी रात खेतों पर जागकर फसल बचाने का प्रयास करते हैं। इसके बाद भी मौका मिलते ही करीब 60 अधिक पशुओं का झुंड खेतों में घुसकर फसल का नुकसान कर रहे थे। जिससे किसान आक्रोशित हो गये। सोमवार की रात क्षेत्र के सौ से अधिक किसानों ने इकट्ठा होकर फसलों का नुकसान कर रहे अन्ना मवेशियों को घेरकर पकड़ लिया और बाजार स्थल की बाउंड्री में लाकर बंद कर दिया। जानकारी पर ग्राम प्रधान साधना सिंह और उनके प्रतिनिधि अमित कुमार भी मौके पर पहुंच गए और गोवंशों को नगरिया गोशाला में भेजने का बंदोबस्त करके किसानों का गुस्सा शांत कराया। किसान धर्मेंद्र दिवाकर, सियाराम दिवाकर, सिंटू दीक्षित, राजू सविता, नंबरी सविता, रामबहादुर, धर्मेंद्र दोहरे, बृजेंद्र दिवाकर, लालू सविता आदि किसानों ने बताया कि गोवंश उन लोगों की लगभग 30 बीघा गेहूं, जौ, मटर की फसल चट कर गए हैं। वहीं, सरसों और आलू की भी 20 बीघा से अधिक फसल को नष्ट कर दिया है। सर्दी की रातों में खेतों पर रखवाली करने को मजबूर हैं।

कई बार गोवंश को गोशाला भिजवाने की मांग की और 1076 पर भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे परेशान किसानों ने स्वयं मेहनत करके 29 गोवंशों को पकड़ा है।



बाजार की बाउंड्री के अंदर बंद छुट्टा मवेशी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गबन में बर्खास्त लेखपाल को भेजा जेल

**औरैया।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी औरैया के निर्देशन में चलाये गये वसूली अभियान के तहत एसडीएम हरिश्चन्द्र एवं तहसीलदार रणबीर सिंह के द्वारा 14,09436 रुपये गबन के आरोपी बर्खास्त लेखपाल को गिरफ्तार कर तहसील हवालात में डाल दिया। आरोप है कि अमित कुमार के द्वारा पूर्व में वर्ष 2017 में तीन राजस्व निरीक्षकों की अवशेष वेतन धनराशि अंकन 624436 रुपये और कृषक दुर्घटना बीमा के दो लाभार्थियों की धनराशि 10 लाख रुपये सहित कुल 1624436 रुपये की धनराशि अपने खाते में जमा करके गबन कर लिया था। जिस पर उसे वर्ष 2021 में सेवा से बर्खास्त कर 215000 रुपये की धनराशि जमा करायी गई थी। शेष 1409436 रुपये की रिकवरी इनके विरुद्ध जारी की गई थी। तहसीलदार रनवीर सिंह ने कहा कि जिसके बाद से यह बर्खास्त लेखपाल फरार चल रहा था जिस कारण इनसे धनराशि वसूली भी नही हो पा रही थी। मंगलवार को गोपनीय जानकारी के आधार पर अमित कुमार श्रीवास्तव को एसडीएम हरिश्चन्द्र व तहसीलदार रणबीर सिंह द्वारा टीम गठित कर संग्रह अमीन को साथ लेकर अमित कुमार को गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया। एसडीएम हरिश्चन्द्र, तहसीलदार रणबीर सिंह ने कहा कि डीएम और एडीएम के निर्देशानुसार बाकायेदारों के विरुद्ध वसूली अभियान चलाया जा रहा है। कहा बकाया धनराशि जमा न करने वाले अन्य बाकीदारों के विरुद्ध भी वसूली, सम्पत्ति की कुर्की की कार्यवाही की जा रही है।

### क्विज प्रतियोगिता में अमन ने मारी बाजी

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र के डॉयट स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीनगर बाबरपुर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य गंगा सिंह राजपुत के मार्ग दर्शन में जिला बेसिक शिक्षा आधिकारी अनिल कुमार, खंड शिक्षा आधिकारी दीपक कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुई।

# धर्म दर्शन

## भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा



भारद्वाज मुनि के संबंध में बाबा तुलसी ने मानस में लिखा-भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा। तापस सम दम दया निधाना, परमारथ पथ परम सुजाना।। अर्थात भारद्वाज मुनि प्रयाग में रहते हैं, उनका श्रीरामचंद्र जी के चरणों में अधिक प्रेम है। वे तपस्वी, शांत स्वभाव, इन्द्रियजित, दयालु और परमार्थ के मार्ग में बड़े चतुर हैं। एक बार माघ मास में तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर भारद्वाज मुनि के आश्रम में बहुत सारे मुनियों के साथ भारद्वाज के गुरु महर्षि याज्ञवल्क्य पधारे। भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य ऋषि के समक्ष अपना संशय प्रकट किया-रामु कवन प्रभु पूछऊं तोही।

याज्ञवल्क्य ऋषि ने जो रामकथा भारद्वाज मुनि को सुनाई वही कथा मानस में बाबा तुलसी ने गाया। वाल्मीकि रामायण और तुलसी के मानस दोनों में उल्लेख है कि राम वन जाते समय भारद्वाज आश्रम गए तथा भरत भीराम को वापस लाने के लिए जब चित्रकूट जा रहे थे तो प्रयाग में भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। वाल्मीकि रामायण में क्रौंच युगल में से नर पक्षी की निषाद द्वारा हत्या किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि को जो शोक हुआ और काव्य की जो धारा फूटी-मा निषाद प्रतिष्ठाम त्वमगमः शाश्वतीह समाः,यत क्रौन्चिमथुनादेकमवाधिः काममोहितम। उसके साक्षी महर्षि वाल्मीकि के शिष्य भरद्वाज मुनि भी रहे। योगवशिष्ठ के अनुसार महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम रामायण की कथा भारद्वाज मुनि की पत्नी पैठनसी को ही सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या कांड सर्ग 89 श्लोक 23 में भारद्वाज मुनि को देव पुरोहित से संबोधित किया गया है।

श्रुति-स्मृति-पुराण में भारद्वाज मुनि का संदर्भ मिलता है। अंगिरस वंशीय वृहस्पति अंगिरस के पुत्र-भारद्वाज मुनि वैदिक सुक्त-दृष्टा थे जिन्हें ऋग्वेद के छठवें मंडल के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय दिया जाता है। अथर्ववेद और ब्राह्मण ग्रंथों में भारद्वाज मुनि का उल्लेख मंत्र दृष्टा ऋषि के रूप में मिलता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारद्वाज मुनि के संबंध में बहुत सी कथाएं वायु पुराण, मत्स्य पुराण, विष्णु पुराण और ब्रह्मांड पुराण में मिलती हैं जिनके मंथन से स्पष्ट होता है कि अंगिरस पुत्र वृहस्पति वैशाली के मरुत राजा के पुरोहित थे। वैशाली में ही भारद्वाज का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन मरुत राजा ने ही किया। आगे चलकर भारद्वाज मुनि काशिराज सुदेव पुत्र दिवोदास के पुरोहित बने। वायु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार सुविख्यात पुरुवंशीय सम्राट राजा दुष्यंत और शकुंतला के यशस्वी पुत्र महाराज भरत जिससे भरत राजवंश की उत्पत्ति हुई और इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा,उनके कोई पुत्र नहीं था। वैशाली के मरुत ने पुत्र के रूप में भारद्वाज को भरत को प्रदान कर दिया।

भारद्वाज पहले ब्राह्मण थे,भरत के पुत्र होने के बाद क्षत्रिय कहलाए। दो पिताओं का पुत्र होने के कारण भारद्वाज को द्वयामुश्यायण भी कहा जाता है। मत्स्य पुराण और वायु पुराण में उल्लेख मिलता है कि भरत के मृत्योपरांत भारद्वाज ने राजपाट अपने पुत्र को सौंप कर वन चले गए। भरत वंश कई शाखा में बंटकर समस्त उत्तर भारत पर राज्य किया। भारद्वाज जन्मना कर्मणा ब्राह्मण और क्षत्रिय रहे। इसलिए भरत वंश में एक शाखा ब्राह्मण-क्षत्रिय मिश्रित रही जिसे उरुक्षय वंश कहा गया जिसमें महर्षि काप्य, महर्षि सांकृति, महर्षि गार्ग्य प्रसिद्ध हैं।

महाभारत में एक ऋषि भारद्वाज का उल्लेख मिलता है,जो उत्तर पांचाल के राजा पृषत के मित्र थे और कौरव पांडव के गुरु द्रोणाचार्य जिसके पुत्र थे। इन भारद्वाज को भी अन्गिराकुलोत्पन्न बताया जाता है,पर यह संशय है कि ये वही भारद्वाज हैं,जो त्रेतायुग में प्रयाग में बसते थे।

भारद्वाज के सूक्तों से विदित होता है कि महर्षि भारद्वाज का संबंध पायु, रजि, पेरुक जैसे मध्येशिया की जातियों से था। हिलेब्रांट ने अपनी पुस्तक वैदिक माइथोलॉजी में उल्लेख किया है कि सृंजयों के साथ भी भारद्वाज संबद्ध थे। विद्वानों का मत है कि महर्षि भारद्वाज ने प्रयाग त्रिवेणी तट पर गुरुकुल स्थापित कर इसे ज्ञान का केंद्र बनाया जहां भारत के बाहर से भी विद्याध्ययन के लिए जिज्ञासु आते रहे। मंत्रदृष्टा के साथ-साथ,महर्षि भारद्वाज,धर्मशास्त्रकार, व्याकरण,आयुर्वेद धनुर्वेद के मनीषी तथा राजनीतिशास्त्र कार तथा वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध रहे। वायु पुराण के अनुसार उन्होंने आयुर्वेद संहिता आठ भागों में लिखी। यंत्र सर्वस्व ग्रंथ में वैमानिकी का वर्णन बताया जाता है। मुंबई विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में श्रौतसूत्र की एक पांडुलिपि है,जो भारद्वाज द्वारा लिखी कही जाती है। भारद्वाज का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सात बार आया है। राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रंथ-यशस्तिलक ग्रंथ में भारद्वाज के राजनीति विषयक श्लोक उपलब्ध हैं। भारद्वाज ऋषि ही ऐसे गोत्रकार ऋषि हैं,जो सभी वर्णो-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के विभिन्न आस्पद में गोत्र के रूप में मिलते हैं। भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा जिन्हें रामपद अति अनुरागा।

## विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

आधुनिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु प्रांत के श्रीपेरुम्बुदूरपुरम् (तत्कालीन भूतपुरी) के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम 'कांतिमती' तथा पिता का नाम केशव भट्ट या सोमैय्या था। विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक होने के अतिरिक्त उनको हिंदूधर्म के पुरातन वैष्णव संप्रदाय का धुरंधर परमाचार्य माना जाता है। बचपन में ही उनको वैदिक शिक्षा के अध्ययन के निमित्त आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से प्रभावित गुरु यादव प्रकाश के संरक्षण में भेज दिया गया। वहीं पर वह 'वरदराज पेरुमल मंदिर' के आराध्य भक्त बन गए। उनकी विलक्षण प्रतिभा और श्रीहरि विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति उनके गुरु से अलगाव का कारण बनी। उधर यही अलगाव रामानुज के घूम-घूमकर उपदेश प्रसार के स्वर्णिम अवसरों का कारण बनी। उन दिनों वैष्णव धर्म के सुख्यात आचार्य एवं श्रृंरंगमपुरम के सुप्रसिद्ध "श्रीरंगस्वामी मंदिर" के प्रधान पुजारी "यामुनाचार्य" दक्षिण भारत के तत्कालीन चोल राज्य के सबसे लोकप्रिय आचार्य थे। नए उपदेशक की सुख्याति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। स्वयं आगेआ "इलैय्यावार" (रामानुज का मूल तमिल नामथा, जिसका अर्थस्वतः 'प्रकाशमान' होता है) से संपर्क किया तथा अपना पट्टशिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया।

अपने गुरु की अंतिम इच्छा का पालन करने के लिए 'इल्लैय्यावर' से 'रामानुज' बने आचार्य ने तीन-तीन कठिन संकल्प लिया था। यामुनाचार्य की तीन इच्छाएं पूरी न हो सकीं थीं। उनके शिष्यों के अनुसार उनके गुरुदेव की तीन ये प्रतिज्ञाएं क्रमशः ब्रह्मसूत्र का भाष्य लिखना, (2) दिल्ली के सुल्तान के यहां से श्रीराम मूर्ति जी, वैष्णवाचार्य का उद्धार तथा (3) विशिष्टाद्वैत के चतुर्दिक प्रचार हेतु दिग्विजय हेतु भ्रमण। पारंपरिक अनुश्रुति के अनुसार ज्योंही मृतगुरु के शव के रामानुजाचार्य जी ने तीनों की पूर्ति का प्रण लिया, गुरु की टेढ़ी हुई तीनों अंगुलियां स्वतः सीधी हो गईं। गुरु यामुनाचार्य का अंतिम संस्कार संपन्न कर रामानुज जी कांचीपुरम लौट गए। वहां से लौटने के बाद अपने वैवाहिक जीवन से ऊबकर संन्यासी बन चुके रामानुजाचार्य ने कांची में ही महापूर्ण स्वामी से व्यासकृत वेदांत सूत्रों के अर्थ के साथ तीन हजार गाथाओं का उपदेश भी प्राप्त किया।

## शक्ति संपन्न सोमदेव



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे यज्ञ साधनों। आप नेतृत्व की क्षमता से संपन्न हैं। हम आपके माध्यम से राक्षसी शक्तियों के मर्मस्थल पर प्रहार करते हैं। हम द्युलोक, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी के हित की दृष्टि से आपको शुद्ध करते हैं। आप पिता की तरह पालक एवं प्रजाओं के आश्रय हैं। आप अपनी सद्भावनाओं से द्युलोक का स्पर्श करें,सद्विचारों से अंतरिक्ष को भर दें तथा सत्कर्मों से पृथ्वी को सुदृढ बनाएं। हे सर्वव्यापी यज्ञदेव। ज्ञानीजनों का समूह आपको सूर्य के दिव्य प्रकाश की भांति कण-कण में समाया हुआ अनुभव करता है। समस्त पृथ्वी, वन एवं पशुओं में आपका ही विस्तार है। आप याजकों को चारों ओर से भरपूर वैभव प्रदान करें।

हे याजक! हम आपके प्राण, वाणी, दृष्टि, श्रोत्र नाभि आदि अंगों को शुद्ध करते हैं। इस प्रकार आपके चरित्र का शोधन करके उसे यज्ञानुकूल बनाते हैं। आपके मन,वाणी और प्राण उत्कर्ष को प्राप्त करें। आपके नेत्र एवं कर्ण कल्याणकारी शक्तियों से संयुक्त रहें। आपके समस्त आचरण सदैव सुखदायी हों। हे औषधे। इनकी रक्षा करें और इन्हें नष्ट होने से बचाएं। हे जलदेवता। आप जिस प्रकार शरीरस्थ मैलों को दूर करते हैं,उसी प्रकार याजक के जो भी ईर्ष्या, द्वेष, असत्य भाषण, मिथ्यादोषरोपण आदि निंदनीय कर्म हैं,आप उन सब दोषों को दूर करें। जल एवं वायु अपने प्रवाह से पवित्र करके हमें यज्ञीय प्रयोजन के अनुरूप बनाएं।

हे हवि! आप स्थूल,सूक्ष्म और कारण रूप में सिंधुपर्यंत पृथ्वी,अंतरिक्ष एवं द्युलोक तक अपना विस्तार करें। आप इस जगत के उत्पादक सविता देवता,मित्र,वरुण, सोम, वैश्वानर अग्नि, दिन, रात्रि, छंदों, यज्ञादि समस्त देव शक्तियों को तृप्ति प्रदान करें। अपने धूम्र अर्थात् वायु-भूत ऊर्जा से द्युलोक को प्रकाश से अंतरिक्ष को एवं भस्म से पृथ्वी को परिपूर्ण करें। हमारे अंतःकरण को सत्कर्म के लिए दिव्य प्रेरणाएं प्रदान करें। हे सोमरूपी अमृत का संरक्षण करने वाली देवशक्तियों। आप कल्याणकारी हैं, वृत्र रूप विकारों का नाश करके सोम का पोषण करने वाली तथा धन प्रदायक हैं। आप इस यज्ञ का नेतृत्व करें तथा सोमरस का पान करें। कभी नष्ट न होने वाले हे दिव्य सोम। आप हमारे आहार को मधुर रस आदि तत्वों से युक्त कर दें। आपके जागृत स्वरूप के लिए हम यह आहुति समर्पित करते हैं। यह आहुति अनंत अंतरिक्ष में विस्तार प्राप्त करे। अनंत शक्ति संपन्न हे सोमदेव! आपके अनुग्रह से हम याजकगण सदैव देवताओं के निमित्त हवि देने वाले हों। विश्व मानव द्वारा वरण करने योग्य यह पहली सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है। संस्कारित सोमदेव,वरुण मित्र तथा अग्निदेवों में अग्रणी हैं।

## बौद्धिक क्षमता का पर्व गुप्त नवरात्र



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऋषियों का 'यत पिंडे तत ब्रह्मांडे' कथन आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि वैज्ञानिक कसौटी पर भी हर पल शोध का विषय बना हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड अद्भुत है तो मानव-शरीर भी रहस्यातीत है। ऋषियों ने कोटिसूर्य की बात कही तो मानव शरीर में भी अनंत सूर्य सदृश तेज है,जो सुषुप्त अवस्था में है,उसे ही जागृत करने के लिए योग, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि के विधान किए गए। वैदिक काल में वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के बजाय माघ शुक्ल की प्रतिपदा से होती रही है। इसी अवधि में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना बौद्धिक धन की प्राप्ति के लिए की जाती रही है। माघ महीने में संगम स्नान के दौरान जुटे गुरुजन जनमानस में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। समाज संचालन में जैसे शासक एवं शासित होते हैं,उसी तरह ज्ञान के क्षेत्र में गुरु और शिष्य तथा लोकजीवन में पुरोहित एवं गृहस्थ की व्यवस्था बनी है। शक्ति-संचय का पर्व वर्ष में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र विख्यात है। भगवान राम ने भी रावण से युद्ध के पूर्व मां दुर्गा से शक्ति पाने के लिए शरद-ऋतु में कठोर उपासना की थी। वैसे तो श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में एक सौर वर्ष में नौ नवरात्र के पर्व का उल्लेख है जिसमें शारदीय, वासंतिक के अलावा आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष (अग्रहायण), माघ एवं फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक व्रत-उपवास के साथ मां दुर्गा से उपासक शक्ति प्राप्त करता है। इसे नवाह यज्ञ बताया गया है। ब्रह्मांड में विद्यमान शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से अनंत ऊर्जा प्राप्त करने के अलावा नौ माह गर्भ में रखकर जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी विधान परिलक्षित होता है। पुराणकारों का मानना है कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषियों, मुनियों ने इस तरह के तप-बल से प्रकृति से संवाद किया और प्रकृति में व्याप्त रहस्यों को मानव कल्याण के लिए प्रकट किया। आज विज्ञान भी इन ऋषियों के ही ज्ञान को आधार बनाकर अनेकानेक खोज करने में सफल हुआ है।

शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र जिसे प्रकट नवरात्र कहा जाता है, के अलावा आषाढ़ एवं माघ महीने में गुप्त नवरात्र का भी उल्लेख उक्त पुराण में है। इसी पुराण के 12 वें स्कंध के 21 वें श्लोक में भक्तों की चार श्रेणियां बतायी गईं। जिसे वैष्णव, शैव, सौर तथा गाणपत्य भक्त शामिल हैं। इन सभी लोगों को अपनी रुचि के अनुसार या समस्त नवरात्रों पर साधना करनी चाहिए। इस वर्ष माघ का यह गुप्त नवरात्र नौ दिवसीय है,जो 10 फरवरी से 18 फरवरी तक रहेगा।

# प्रदेश

## विचाराधीन मामलों में सार्वजनिक बयान देने से बचें : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**कोर्ट-कचहरी**

- **ज्ञानवापी प्रकरण पर पक्षकारों को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश**
- **मुस्लिम पक्ष की संशोधन अर्जी को कोर्ट ने किया स्वीकार**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यास तहखाने में 'पूजा' से संबंधित मामले में पक्षकारों को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को लेकर तब तक कोई सार्वजनिक बयान ना दें, जब तक मामला विचाराधीन है।

उक्त मामले की सुनवाई को बुधवार के लिए स्थगित करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि पक्षकार मीडियाबाजी करने से बचें, साथ ही जनता के बीच तब तक बयान मत दीजिए, जब तक मामले का फैसला कोर्ट द्वारा नहीं हो जाता है। इसके साथ ही पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी अपील में संशोधन करने के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया था, जिसके अनुपालन में मंगलवार को उक्त पक्ष ने संशोधन की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी गई थी।

समिति के अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने जिला न्यायाधीश, वाराणसी के आदेश को निष्पादित करने में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिखाई गई तत्परता पर सवाल उठाते हुए विवादित क्षेत्र की तेजी से सफाई करने और तहखाने के भीतर पूजा-अनुष्ठानों की व्यवस्था करने पर भी आपत्ति जताई। दूसरी ओर हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति ने वाराणसी कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती नहीं दी है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को संपत्ति के रिसीवर के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि सीपीसी की धारा 151 के तहत शक्तियों का प्रयोग करके पूजा की अनुमति देने वाला आदेश 31 जनवरी को पारित किया गया।

इसके तुरंत बाद जिला मजिस्ट्रेट ने अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ काशी कॉरिडोर के गेट नंबर 4 के माध्यम से मस्जिद परिसर में प्रवेश किया और तहखाने का ताला खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्र में नियमित पूजा शुरू हो गई।

## मांगी गई राहत को दलीलों से समर्थित किया जाना चाहिए

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **याचिका का मसौदा तैयार करते वक्त बरतें सावधानी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि मांगी गई राहत प्रदान करने के लिए एक रिट याचिका का मसौदा बहुत सावधानी से तैयार करना चाहिए। दलीलें किसी भी मुकदमे का अनिवार्य हिस्सा होती हैं।

मांगी गई राहत को दलीलों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। याचिकाओं का वर्तमान समूह इसका उदाहरण है, जहां मांगी गई प्रार्थनाएं न केवल अस्पष्ट हैं बल्कि भौतिक दलीलों द्वारा भी समर्थित नहीं हैं। याचियों ने संपूर्ण प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा न करके विशेष त्रुटि की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने उषा वर्मा व अन्य दर्जनों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। कुछ परिस्थितियों में संदर्भित सरकारी आदेशों के अनुसार शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है, लेकिन उन आदेशों का विवरण वर्तमान याचिकाओं का हिस्सा नहीं है। यह अविश्वसनीय है कि याचियों को प्रासंगिक सरकारी आदेशों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसके तहत शिक्षकों को कुछ शर्तों के अधीन ग्रेच्युटी देय है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालयों में हों या जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हों। याचियों ने मुख्य रूप से ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी की मांग की है, लेकिन उन्होंने उपरोक्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी का प्रावधान करने वाले सरकारी आदेशों का जिक्र नहीं किया है, न ही प्रासंगिक शासनादेश को रिकॉर्ड पर रखा। इस आधार पर कोर्ट ने पाया कि याची सेवानिवृत्त कर्मचारी या मृत कर्मचारियों के पिता, पति तथा माता हैं, जिन्होंने कई वर्षों से ग्रेच्युटी की कोई मांग नहीं उठाई है। अंत में कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए याचियों को ग्रेच्युटी का लाभ उठाने के लिए उपलब्ध कानूनी सहारा लेने की स्वतंत्रता दी है।

## वर्ग पहेली-335

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



### वर्ग पहेली - 334 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | टु | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | धा | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 14.02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** - आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी,किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

**वृष** - आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** - आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

**सिंह** - आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

**कन्या** - आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

**तुला** - आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** - आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**धनु** - आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** - आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

**कुंभ** - आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

**मीन** - आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04.37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- धड़कन - सुबह : 11.14
- यस बॉस - रात : 07.14

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो - सुबह : 09.34
- हेलबॉय - रात : 08.45

SONY MAX
- पागलपंती - सुबह : 10.11
- पति पत्नी और वो - रात : 07.00

ZEE CINEMA
- सिलसिला है प्यार का - सुबह : 10.30
- स्पाइडर - रात : 07.30

colors CINEPLEX
- गब्बर इज बैक - दोपहर : 01.27
- द बॉडी - रात : 10.03

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार,मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

## एक नजर

### माध्यमिक स्कूलों में 11094 शिक्षकों की भर्ती होगी

अमृत विचार,लखनऊ : विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाइब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे। अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक( सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 समूह'ख' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है।

# चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश की कठिन परीक्षा देगी योगी सरकार

## 7.5 लाख करोड़ के निवेश से 10,441 उद्योग धरातल पर क्रियान्वयन के लिए तैयार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कलियुग में राम राज्य का मनमोहक सपना दिखाता बजट भी आ गया। जनआकांक्षाओं पर आशंकाएं गिनाता विपक्ष का शोर भी शुरू हो गया है। मगर, योगी सरकार पहली परीक्षा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश के दावे की होने जा रही है। इसी फरवरी माह में भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारने का लक्ष्य है, हालांकि 7.5 लाख करोड़ निवेश से 10 हजार 441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में वही सख्शियत अमिट रंग भरने आ रहे, जिन्होंने कुछ दिन पहले ही अयोध्या में मेरे राम आ गए.. का बिगुल बजाया था।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने की सहमति दे दी है। अब




▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम मोदी ने दी आने की सहमति

इसी माह के आखिरी पखवारे में कार्यक्रम को लेकर पीएमओ भेजी गई संभावित तिथियों में कोई एक अपनी सुविधानुसार मोदी तय करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जिस अभिभाषण और योगी सरकार के बजट पर मंगलवार को विपक्ष के प्रहारों को सत्ता पक्ष निष्फल करने में जुटा है, उसकी पहली चुनौती चंद कदम ही दूर है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहा गया था कि पिछले साल इसी महीने में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

बजट में भी उद्योग प्रदेश बनाने के लिए सरकार ने खजाना खोलने का दावा किया है। एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़, गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 2057 करोड़ 76 लाख, स्टेट हाईवे के लिए 2881 करोड़, सड़कों के मेंटेनेंस के लिए 3000 करोड़, पुलों और आरओबी के लिए 3850 करोड़, अयोध्या एयरपोर्ट का विस्तार और जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था करके आधारभूत ढांचा सजा रही है।

उप्र. औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के जरिए एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य उद्योग प्रदेश से ही पूरा होना है। पिछड़े इलाके पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध आदि क्षेत्रों तक प्रगतिशील, नवीन और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करके सरकार उन सवालों का जबाव भी दे रही है कि नोएडा और गाजियाबाद के बाद अन्य जिलों में अब बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। इसी कड़ी में डिफेंस कॉरीडोर के 6 नोड्स में से 3 नोड्स का आवंटन पूर्ण हो चुका है।

### 15 से 25 के बीच भूमि पूजन

यूपी में उद्योगों का भूमि पूजन समारोह की पहली संभावित तिथि 15 फरवरी है। हालांकि आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान को 25 फरवरी तक शादी के लिए बुकिंग से सरकार ने मना कर रखा है। इससे तय है कि मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 15 से 25 के बीच कोई तिथि फाइनल हो सकती है। सरकार तीन दिवसीय समारोह के लिए करीब तीन हजार निवेशकों को भी आमंत्रित करने की तैयारी कर चुकी है। सरकार का लक्ष्य भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारना है।

### पहले इन्वेस्टर्स समिट के निवेश को धरातल पर उतारने में लगे कई वर्ष

राज्य सरकार ने 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में 4.28 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसे धरातल पर उतारने के लिए तीन ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी हुई। पहला ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 2018 में लगभग 61 हजार करोड़ के निवेश की 81 परियोजनाएं, 2019 में दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के जरिए 65 हजार करोड़ के निवेश की 250 से आधिक परियोजनाएं और 2022 में तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से 80 हजार करोड़ के निवेश की 1400 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। अब 2023 की 40 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल तक पहुंचाने में सरकार कितना समय लेगी, भविष्य बताएगा।

# न शिकायतों का किया निस्तारण न ही दिया नोटिस का जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सितंबर में शिकायतों के निस्तारण में कई जिले हुए थे डिफाल्टर

**अमृत विचार :** कई जिलों ने पिछले वर्ष सितंबर में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर आई शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं किया। इस लापरवाही पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। पर, किसी ने नहीं अपना पक्ष नहीं दिया। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम सीतापुर, छह सीडीओ समेत कई अधिकारियों को पत्र जारी किया है।

6 सितंबर 2023 को कई जिलों में आईजीआरएस की शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं किया गया। इससे शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में पहुंच गईं। इस पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने उस समय संबंधित अधिकारियों को डिफाल्टर सूची भेजकर दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन, अधिकारियों ने जवाब नहीं दिया। इस पर उन्होंने डीएम सीतापुर, संयुक्त ग्राम्य विकास आयुक्त गोरखपुर, बस्ती, मेरठ, सीडीओ सिद्धार्थनगर, लखनऊ, फिरोजाबाद, बाराबंकी, सीतापुर, जालौन, परियोजना निदेशक हरदोई, हापुड़, संतकबीरनगर, डीडीओ उन्नाव, डीसी मनरेगा सिद्धार्थनगर, बहराइच, गोंडा, आगरा, हरदोई, महाराजगंज, अंबेडकर नगर, जौनपुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कुशीनगर, मथुरा, गाजीपुर, कानपुर देहात, संभल, ललितपुर, देवरिया, बाराबंकी, सीतापुर को आगे से सजगता बरतने और कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया है। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकता में हैं। शिकायतों का समय पर निस्तारण करना है। संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

# बेसिक स्कूलों में 85,152 पद खाली, भर्ती का प्रस्ताव नहीं

## बेसिक शिक्षा मंत्री के जवाब से कई वर्षों से सुपरटेट का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में खाली पदों की संख्या 85 हजार 152 है, लेकिन सरकार के पास अभी तक इन पदों पर भर्ती का कोई प्रस्ताव नहीं है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के इस जवाब से टेट और सीटेट करके सुपरटेट की परीक्षा के जरिए शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को झटका लगा है। मंत्री ने यह भी तर्क रखा है कि परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों के जरिए 21 बच्चों पर एक अध्यापक का अनुपात भी दुरुस्त है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न प्रहर के दौरान सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के अगल-अलग सवालों के जबाव में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद 4,17,886 के सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद रिक्त हैं। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या 1,05,06,379 हैं, और कार्यरत अध्यापकों की संख्या 3,32,734 है। इस प्रकार छात्र-शिक्षक अनुपात 31:1 (31 छात्र पर एक शिक्षक) है। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों की संख्या 1,47,766 को सम्मिलित करते हुए छात्र-शिक्षक अनुपात 21:1 है, जो मानक के अनुसार पूर्ण है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है, अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या

▸▸ मंत्री ने कहा, परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों से छात्र-शिक्षक अनुपात दुरुस्त

प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षामित्र और अनुदेशक दोनों पढ़ाई में सहयोग करते हैं। विभाग में अंशकालिक अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। अनुपात पूरा है, और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में 2017 से लेकर अभी तक 1,26,371 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। डॉ हृदय नारायण सिंह के 69 हजार शिक्षक भर्ती में कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने आदेशानुसार कार्यवाही की बात कही।

### परिषदीय स्कूलों में सुरक्षाकर्मी रखने से इंकार

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी का पद सृजित नहीं है। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग से निगरानी कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

### हिंदी माध्यम से 12279 स्कूल हुए अंग्रेजी

सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि विगत पांच वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन हिन्दीय माध्यमम के 12279 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर संचालित किया जा रहा है। समस्ता 12279 विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने हेतु 6870 प्रधानाध्याकपक एवं 40271 सहायक अध्यासपक तैनात हैं।

**बेसिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा बीमा पर सरकार की नाः** सपा विधायक डॉ रागिनी और त्रिभुवन दत्त ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को चिकित्सीय इलाज हेतु कैशलेश हेल्थ इन्श्योरेन्स से आच्छादित करने हेतु कोई योजना है, तो सरकार ने नहीं में जवाब दिया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद एक निगमित निकाय है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी का संवर्ग परिषदीय है और चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेश संख्या-2257/5-6-11-1082/87, दिनांक 20 सितम्बर, 2011 के प्राविधानानुसार कैशलेश चिकित्सा की सुविधा केवल राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी है।



मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, साथ में अन्य सदस्य।

# विपक्ष जनता की भावनाओं का करे सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया

**अमृत विचारः** ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विपक्ष को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश राममय हो गया है, लेकिन विपक्ष अभिभाषण के दौरान सदन में गो-बैक के नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। राज्यपाल का अभिभाषण विपक्ष को रास नहीं आया। कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति है, उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकता, फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं थी, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर देते। हम लोगों ने आस्था में विश्वास किया, देश की आर्थिक प्रगति में विश्वास करते हैं, पुरातन संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं को अपनाते हुए, इसका संवर्धन करते हुए देश का विकास कर रहे हैं।

# एक जाति, एक परिवार की है समाजवादी पार्टी

▸▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में सपा पर किया सीधा हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को नौकरियों में आरक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ने और प्रोन्नति में आरक्षण का विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा एक जाति, एक परिवार की पार्टी है। सपा ने पूर्व में जो पाप किए, उसे ये अब धो रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सपा पर केवल अखबार में छपने के लिए मुद्दे उठाने का आरोप लगाते हुए इसे 'छपासू रोग' की संज्ञा दी। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध प्रकट किया।

इससे पहले सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने भी उप मुख्यमंत्री के कथनों को जैसे ही लफ्फाजी बताया, सत्तापक्ष के सदस्य विरोध में उठ खड़े हुए और वर्मा से यह बयान वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी हस्तक्षेप करते हुए ऐसी टिप्पणी न करने का सुझाव दिया। लालजी वर्मा ने ही कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत पीजीआई, लोहिया समेत चिकित्सीय संस्थानों में नियुक्तियों में आरक्षण पर खड़े किए थे।

इस बीच वित्तमंत्री सुरेश खन्ना उठ खड़े हुए और विपक्ष पर लगभग भड़कते हुए बोले, लफ्फाजी आप लोग कर रहे हैं। प्रोन्नति में आरक्षण किसने खत्म किया? आप लोग विषय से हटकर बात कर रहे हैं। बाद में सपा के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर सांकेतिक विरोध प्रकट किया और कुछ ही पल में वापस आ गए।

इससे पूर्व ब्रजेश पाठक ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा था कि, मैं जब सांसद था तो लोकसभा महिला आरक्षण बिल की प्रति सपा ने मेरे सामने ही फाड़ी थी, मैं गवाही दे सकता हूं। पाठक के मुताबिक, एक जाति और एक परिवार की पार्टी सपा आरक्षण विरोधी है जिसे मात्र अखबारों में छपने का शौक है। उप मुख्यमंत्री ने बाद में विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सपा सदस्य के सवाल का स्पष्ट जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने कमेटी गठित की है और आरक्षण नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा, इसमें संदेह नहीं।



विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य सदस्य।

### जिसे मंदिर देखना हो चले, आगे मस्जिद के लिए भी चलेंगे

अमृत विचार,लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में स्पष्ट किया कि, राम मंदिर की ही तरह विधायकों के साथ भविष्य में मस्जिद (प्रस्तावित) देखने चलने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही उन्होंने साफ किया कि मैंने कहा है कि, रामलला दर्शन को अयोध्या जो जाना चाहें जाएं। दरअसल, विधानसभा में आरक्षण पर सत्तापक्ष और विपक्ष की तीखी नोकझोक के बाद सपा सदस्य इकबाल महमूद ने पीठ से रामलला की तर्ज पर विधायकों को वह स्थान भी दिखाने की गुजारिश की जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद बनना प्रस्तावित है। सपा सदस्य ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि अगर सभी विधायकों को आप साथ अयोध्या ले जाकर दर्शन कराना चाहते हैं तो वहीं कुछ दूरी पर वह स्थान भी जहां राम मंदिर की ही तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद निर्माण के लिए स्थान सुरक्षित किया गया है। सपा सदस्य ने अपनी इस अपील के पीछे सामाजिक सद्भावना, एकता का हवाला दिया। इस पर महाना ने कहा कि आगे जब मस्जिद कमेटी कहेगी तो हम वहां भी चलेंगे।

### विधायकों को लेकर अयोध्या जाने वाली बस में विधानसभा अध्यक्ष भी रहेंगे साथ

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने विधानसभा के सभी सदस्यों को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आमंत्रित किया है। इसके लिए 11 फरवरी का दिन तय हुआ है। विधानभवन से अयोध्या तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदस्यों को इसकी जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी दलों के सदस्यों को 11 फरवरी, रविवार के दिन अयोध्या धाम चलने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दलीय नेताओं ने अयोध्या ले चलने का अनुरोध किया था। सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने भी कहा था कि अध्यक्ष जी ले जाएंगे तो हम लोग चलेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि, 11 फरवरी को सभी सदस्य प्रातः आठ बजे यहां विधानभवन परिसर में आ जाएंगे और हम सभी लोग एक साथ चलेंगे। बसों की व्यवस्था है, मैं भी साथ रहूंगा।

### निर्धारित हुआ पूरा कार्यक्रम

विधायकगण अयोध्या धाम में साढ़े 11 बजे पहुंचकर पहले हनुमानगढ़ी का दर्शन करेंगे। उसके बाद साढ़े 12 से दो बजे तक राम लला के दर्शन करेंगे। दो बजे से तीन बजे तक दोपहर भोजन की व्यवस्था वहीं की गई है और फिर वहां से सवा तीन बजे बस से ही सभी सदस्य लखनऊ वापस आएंगे। महाना के मुताबिक, जो भी सदस्य दर्शन करना चाहते हैं वे निर्धारित तारीख को समय पर विधानभवन में आ जाएं।

# भारत-नेपाल सीमा पर निशुल्क इलाज देने जाएंगे 800 चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आज मुख्यमंत्री सेवा यात्रा की करेंगे शुरुआत

▸▸ एक लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ परीक्षण होगा

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल सीमा पर रहने वाले थारू जनजाति समेत एक लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ परीक्षण होगा। बीमार लोगों का इलाज भी किया जाएगा। इस काम में करीब 800 चिकित्सक अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन चिकित्सकों को रवाना करेंगे। नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन अवध प्रांत के संरक्षक व केजीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ एमएलबी भट्ट ने यह जानकारी दी। वह मंगलवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में आरएसएस की अनुषांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत व श्री गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास के संयुक्त प्रयास से पिछले चार वर्षों से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में 'गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत 8 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अटल बिहारी पाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से इस सेवा यात्रा की शुरुआत करेंगे। सेवा यात्रा लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज जिलों से गुजरेगी।

नेशनल मेडिकोज की सचिव डॉ अलका रानी ने बताया कि पिछले वर्ष तृतीय श्री गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा का आयोजन 22, 23 व 24 फरवरी में किया गाया था, जिसमें 52 मेडिकल कालेजों के 650 चिकित्सकों द्वारा लगभग 280 शिविरों का आयोजन भारत-नेपाल सीमा के जिलों में किया गया था।

### एक साल में 7094 साइबर अपराधियों को जेल

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र में साइबर क्राइम की वारदातें काफी तेजी से बढ़ रही है। राज्य सरकार के आकड़े पर पर ही नजर डालें तो पिछले एक साल में 21 हजार छह सौ साइबर अपराध की वारदातें हुईं। इसमें अभी तक सात सौ अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी हुई।

मंगलवार को सदन में जनवरी 2022 से 18 दिसम्बर 2023 तक साइबर अपराध और उसमें हुई कार्रवाइयों की बाबत हुए सवाल पर राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। बताया गया कि इस दरम्यान 21, 600 घटनाएं हुई। इसमें में 12,777 मामलों में जॉच पूरी की जा चुकी है। वहीं इस मामले में अब तक 7094 अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। अब तक विभिन्नर माध्य मों से प्रदेश में 22484 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। साथ ही साइबर अपराध पर लगाम कसने को नई भर्ती के 167917 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# कमेटी की रिपोर्ट के बाद तय होगा शिक्षा मित्रों का मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की कर रहे मांग, नहीं हो पाया निर्णय

**अमृत विचारः** शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, उसकी रिपोर्ट के बाद ही मानदेय में बढोत्तरी तय होगी।

सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने सवाल किया था कि क्या बढ़ती मंहगाई के मद्देनजर प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षा मित्रों का मानदेय 40 हजार रुपये प्रतिमाह करने का सरकार विचार करेगी, जवाब में मंत्री ने कहा कि विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या- 32599/2015 उ0प्र0 राज्य व अन्य बनाम आनन्द कुमार यादव में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25-07-2017 के अनुपालन में शासनादेश संख्याः 1928/79-5-2017-282/98 दिनांक 20 सितम्बर, 2017 द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 प्रतिमाह से बढ़ाकर 10000 प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। बताया कि शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार निर्णय लेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं पर अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

### संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी नहीं होंगे स्थायी

सपा के डॉ. संग्राम यादव, डॉ. हृदय नारायण सिंह पटेल और अनिल कुमार ने संविदा कर्मियों को विनियमित किये जाने के संबंध सवाल उठाया। मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत कार्मिकों को स्था यी करने की कोई नीति नहीं है। सर्विस प्रोवाइडर के माध्यतम से लिए जाने वाले कर्मी राज्य सरकार द्वारा नियुक्तो कर्मी नही हैं।

# सभी थानों में महिलाओं के लिए बनेंगे विशेष कक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कक्ष में घायल पीड़िताओं का होगा प्राथमिक उपचार

▸▸ प्रदेश के 1244 थानों में महिला शौचालय का भी होना है निर्माण

**अमृत विचारः** महिला हेल्प डेस्क के अलावा उप्र के सभी थानों में महिलाओं के लिए एक विशेष कक्ष में बनेगा। इसे महिला इंजरी रूम और असेम्बली कम रिटायरिंग रूम नाम से जाना जाएगा। इसमें फर्स्ट एड बाक्स रहेगा, जिससे थाने पर आने वाली जख्मी पीड़ित महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया जाएगा। साथ ही उसमें बैठने और बात करने की भी व्यवस्था रहेगी।

सदन में मंगलवार को हुए सवाल के जवाब में राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। बताया गया है कि इस कमरे के निर्माण कार्य की दिशा में मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन में है।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश के 1244 पुलिस थानों पर महिला शौचालय भी बनेगा। इनमें से फिलहाल 1191 पुलिस थानों के लिए 68.26 करोड़ की स्वीकृति दे दी गई है। लिहाजा 868 पुलिस थानों पर महिला शौचालय का निर्माण कार्य पूरा भी हो चुका है और 323 थानों पर निर्माण का कार्य चल रहा है। शेष पुलिस थानों पर महिला शौचालय के निर्माण कराये जाने को मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही प्रक्रिया में है।

# खेलों में पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चिन्हित किए हैं 24 पद

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों की सीधी भर्ती को लेकर सरकार ने कुल नौ विभागों में 24 पदों की व्यवस्था की है। सरकार की ओर से इसकी पूरी जानकारी मंगलवार को विधानसभा में दी गई।

सपा विधायक ई. सचिन यादव ने कुशल खिलाड़ियों की नियुक्ति को लेकर सरकार से योजना जाननी चाही तो, सरकार की ओर कहा गया कि इसके लिए खेल विभाग ने उप्र अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली- 2022 के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अन्तर्गत 24 पद चिन्हित किये हैं। बताया गया कि ग्राम विकास विभाग से खंड विकास अधिकारी के चार पद, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के एक पद, माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक के दो पद, गृह विभाग में उपाधीक्षक के सात पद, पंचायती राज विभाग में जिला पंचायतीराज अधिकारी के दो पद, युवा कल्याण विभाग में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के दो पद, परिवहन विभाग में यात्रीकर/मालकर अधिकारी के दो पद, वन विभाग में क्षेत्रीय वन अधिकारी के दो पद और राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार के दो पद शामिल हैं।

सरकार की ओर से बताया गया कि इन चिन्हित पदों के सापेक्ष 5 खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, दो खिलाड़ियों को जिला युवा कल्याण अधिकारी, एक खिलाड़ी को यात्री कर/मालकर अधिकारी और दो खिलाड़ियों को नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

कार्मिक विभाग द्वारा प्रख्यापित उप्र सरकारी विभाग (उत्कृष्ट खिलाड़ियों की समूह ''ग'' के पदों पर सीधी भर्ती) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत समूह ''ग'' के पदों पर भर्ती में खिलाड़ियों के लिए रिक्त पदों के सापेक्ष 2 प्रतिशत पदों के क्षैतिज आरक्षण का प्राविधान किया गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 8000-8300 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15100-15300 |
| अरहरस्पेशल1 | 12500-12700 |
| चनादाल | 6800-6900 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8800- 12500 |
| उड़द धोवा | 10000- 12500 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4950-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

**गोवा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

### योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा-जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

**सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार**



### निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,850-48,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,700 |
| चांदी तैयार | 72,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

**बेतुल (गोवा)।** भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

## सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

## देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।



# महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा



''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

### जल संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

### ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

### एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।




गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

## एक नजर

### पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

### संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

## नेहरू के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी ने नेहरू के एक भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया तथा यह दर्शाता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों के प्रति उनके मन में कितनी कटुता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए अतीत के कुछ प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की आलोचना की थी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के लोगों को उनकी गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय चेतना के अभिभावक पंडित नेहरू क्या भारतीयों को आलसी मानते थे? कल लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठीक यही आरोप पंडित नेहरू पर लगाया। क्या इसमें जरा सी भी सच्चाई है?'' उन्होंने 15 अगस्त, 1959 को दिए नेहरू के उस भाषण का अंश साझा किया, जिसके एक हिस्से को प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में उद्धृत किया था। प्रियंका गांधी ने नेहरू को उद्धृत किया, ''जब तक हिंदुस्तान के लाखों गांव नहीं जागते, आगे नहीं बढ़ते तो सिर्फ बड़े शहर हिंदुस्तान को नहीं आगे ले जाएंगे। वे बढ़ेंगे अपनी कोशिश से, अपनी हिम्मत से, अपने ऊपर भरोसा करके। हमारे लोग अपने ऊपर भरोसा करना भूलकर समझते हैं कि और लोग मदद करें।'' उनके मुताबिक, नेहरू ने कहा था, ''मैं चाहता हूं कि लोग बागडोर अपने हाथों में लें।... तरक्की नापने का एक ही गज है कि कैसे हिंदुस्तान के 40 करोड़ लोग आगे बढ़ते हैं... कौम अपनी मेहनत से बढ़ती है।



## कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

## अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

**अमृत विचार:** अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"**

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।



चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

### चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

**नैनीताल:** नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को ठहराया दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी।

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टीगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतों का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गये पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है। गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।

## 50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

**कोलम्बो।** श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।



## सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

## एक नजर

### कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

### चिली: जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

**सैंटियागो।** चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

### रूस-तुर्किए के बीच होगी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**अंकारा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन पुतिन की आगामी तुर्किए यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने तुर्किए के राष्ट्रपति प्रशासन के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पहले कहा था कि पुतिन फरवरी में तुर्किए का दौरा करेंगे। सूत्र ने कहा कि यह आर्थिक एजेंडे में से एक है। नेता हमेशा इस विषय को हैं और प्रासंगिक आंकड़ों में रुचि रखते हैं। निस्संदेह, हमारी मुद्राओं (लीरा और रूबल) में व्यापार के क्षेत्रों के विस्तार पर द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाएं हैं और इस पर चर्चा की जाएगी।

### तुर्की की अदालत में हमले का प्रयास, दो हमलावर मारे गए, पांच घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल में मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया। यह जानकारी तुर्की के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के प्रयास के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए। मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, मैं हमारे वीर पुलिस अधिकारियों को बधाई देता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैग्लायन इस्तांबुल शहर के यूरोपीय हिस्से में कागिथेन जिले में एक विशाल अदालत परिसर है।

### दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है, जबकि अन्य दो भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है। हैजा के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

### इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

# बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं



### फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

### द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

**बेरूत।** इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

### अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

## पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

**उत्तरी वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

### पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

## पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।



## यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

**सना।** यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

## किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।






रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

# ...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

*ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।*



### कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



### कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

### चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



## सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

जुबा, एजेंसी

दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

संरा अंतरिम सुरक्षा बल अबेई (यूएनआईएसएफए) ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अवोलनहोम, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों समुदायों के बीच पहली बार 27 से 28 जनवरी को अबयेई प्रशासनिक क्षेत्र में झड़प हुई थी, जिसमें दो संरा शांति सैनिकों सहित 54 लोग मारे गए थे। अबेई के दक्षिणी हिस्से में लड़ाई के कारण कई नागरिकों की मौतें हुई हैं, कई घायल हुए हैं, कई लोगों का अपहरण किया गया है। गांवों को जलाना और मवेशियों की चोरी हुई है। अबेई प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री बुलिस कोच अगुआर अजित ने दावा किया कि न्यूर आध्यात्मिक नेता गाई माचेक और उनके समर्थकों द्वारा समर्थित ट्विक के युवाओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों पर हमला किया।